राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 हमें मत सिखाओ... दिमाग का इस्तेमाल करो...

कैफ ने कोहली का समर्थन किया, कहा- धोनी का भी 2011 में अच्छा ... 11

वर्ष : 15 | अंक : 79 | नई दिल्ली, रविवार, 30 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी आठ जुलाई को जाएंगे रूस, ऑस्ट्रिया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ से 10 जुलाई के दौरान रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाएंगे। सूत्रों के अनुसार श्री मोदी आठ और नौ जुलाई को मॉस्को में रहेंगे जहां वह रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ 23वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक में भाग लेंगे। श्री मोदी नौ जुलाई और 10 जुलाई को ऑस्ट्रिया की राजधानी विएना में रहेंगे। बीते चार दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली ऑस्ट्रिया यात्रा होगी। श्रीमती इंदिरा गांधी आखिरी भारतीय प्रधानमंत्री थीं जिन्होंने वर्ष 1983 में ऑस्ट्रिया का दौरा किया था। दोनों देश इस समय अपने द्विपक्षीय संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। भारत में स्टार्टअप, हाईटेक और शिक्षा क्षेत्रों में ऑस्ट्रिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### प्रधानमंत्री ने पूर्व राज्य सभा सदस्य श्रीनिवास के निधन पर जताया दुख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व राज्य सभा सदस्य धर्मपुरी श्रीनिवास के निधन पर दुख जताया है। धर्मपुरी श्रीनिवास का लंबी बीमारी के कारण आज तड़के हैदराबाद स्थित आवास पर निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, पूर्व सांसद डी. श्रीनिवास गारू के निधन से दुखी हूं। उन्हें लंबे समय तक सार्वजनिक सेवा और गरीबों को सशक्त बनाने के प्रयासों के लिए याद किया जाएगा।

### विदेश मंत्री जयशंकर 30 जून को जाएंगे कतर

नईदिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 30 जून को कतर का आधिकारिक दौरा करेंगे। यात्रा के दौरान, वह कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि विदेश मंत्री की यात्रा दोनों पक्षों को राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने में सक्षम बनाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत और कतर के बीच ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, जो उच्च स्तरीय यात्राओं के नियमित आदान-प्रदान से चिह्नित हैं।

**लद्दाख में सैन्य अभ्यास करने के बाद आधी रात को लौट रहे थे जवान**

# नदी पार करते समय डूबने से पांच सैन्य जवान शहीद

## रक्षा मंत्री ने पांच बहादुर जवानों की जान जाने पर शोक व्यक्त किया

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चीन सीमा पर लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में सैन्य अभ्यास करके लौट रहे पांच जवानों की शुक्रवार रात करीब 1 बजे श्योक नदी पार करते समय मौत हो गई। लद्दाख के न्योमा-चुशूल इलाके में श्योक नदी का जलस्तर बढ़ने से टी-72 टैंक फंस गया और सेना के 5 जवान बह गए। शनिवार को सभी सैनिकों के शव बरामद कर लिए गए। इनमें एक जूनियर कमीशन्ड ऑफिसर (जेसीओ) भी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के पांच बहादुर जवानों की जान जाने पर शोक व्यक्त किया है।

दरअसल, सेना के जवान सैन्य अभ्यास के बाद शुक्रवार देर रात करीब एक बजे टैंक टी-72 टैंक से लौट रहे थे। टैंक पर रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी सवार थे। यह मिलिट्री टैंक पूर्वी लद्दाख के सासेर ब्रांगसा में श्योक नदी पार कर रहा था, तभी पानी का लेवल अचानक बढ़ गया और सभी जवान टैंक सहित नदी में डूबने लगे।

लेह की फायर एंड फ्यूरी 14 कॉर्प्स के मुताबिक यह हादसा एलएसी के चुशूल से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास हुआ। अचानक जलस्तर बढ़ने से जेसीओ और चारों जवान लापता हो गए। शनिवार को जानकारी मिलने पर रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। नदी में तेज बहाव और जलस्तर के



कारण जवानों को बचाया नहीं जा सका। पांचों जवानों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जिनकी पहचान रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी के रूप में हुई है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि' लद्दाख में नदी पार करते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में भारतीय सेना के पांच बहादुर जवानों की जान जाने से मैं बहुत दुखी हूं। हम देश के लिए अपने वीर जवानों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।' कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लद्दाख में टैंक के नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार दुखद है। दुख की इस घड़ी में हम सभी शहीद जवानों के परिजनों के साथ खड़े हैं।

**भारतीय सेना के लिए क्यों अजेय है टी-72 :** आमतौर पर टी-72 टैंक पर कमांडर, एक गनर और एक ड्राइवर होता है। इस टैंक का वजन 45 टन के करीब है, जो 780 हॉर्सपावर जनरेट करता है। इसे न्यूक्लियर, बायोलॉजिकल और केमिकल हमलों से बचने के लिए बनाया गया है। टैंक पर 12.7 एमएम एंटी एयरक्राफ्ट मशीन गन लगी हुई है, जिससे एक बार में एक साथ 300 राउंड फायर होते हैं। इस टैंक का वजन 45 टन के करीब है, जो 780 हॉर्स पावर जनरेट करता है। इसमें फुल एक्सप्लोसिव रिऐक्टिव आर्मर भी होता है। हालांकि, हादसे के वक्त इस पर 5 जवान सवार थे। यह टैंक 5 मीटर (16.4 फीट) गहरी नदियों को पार करने की क्षमता रखता है। यह एक छोटे डायमीटर वाले स्नोर्कल की मदद से नदी पार करता है। पानी के अंदर टैंक का इंजन बंद होने पर इसे 6 सेकेंड के भीतर चालू करना जरूरी होता है। ऐसा नहीं करने पर कम दबाव होने के कारण इंजन में पानी भर जाता है। इमरजेंसी के लिए इस पर सवार क्रू के सभी सदस्यों को रिब्रीदर दिया जाता है। यह पानी के नीचे एक प्रकार का स्व-निहित श्वास तंत्र है, जिनमें प्राथमिक और आपातकालीन गैस आपूर्ति दोनों के प्रावधान हैं।

**पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद : राहुल**

नई दिल्ली। रायबरेली से सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लद्दाख त्रासदी में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर संवेदना व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा,ह्न लद्दाख में टैंक से नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा,ह्नसभी शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। दुख की इस घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं, उनका समर्पण, सेवा और बलिदान देश सदा याद रखेगा ह्न

**जवानों के परिवारों के प्रति कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने व्यक्त की संवेदना:** लद्दाख त्रासदी में शहीद हुए सेना के जवानों के परिवारों के प्रति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवेदना व्यक्त की है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आज शनिवार 29 जून को सोशल मीडिया एक्स पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, लद्दाख में एक नदी को टी-72 टैंक से पार करते समय एक जेसीओ सहित 5 भारतीय सेना के बहादुरों की जान जाने से बहुत व्यथित हूं। इस दर्दनाक त्रासदी का शिकार हुए सेना के जवानों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना ह्न खरगे ने आगे कहा,दुःख की इस घड़ी में राष्ट्र हमारे बहादुर सैनिकों की अनुकरणीय सेवा को सलाम करने के लिए एक

**पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया फैसला**

# संजय झा बने जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष

## पार्टी ने बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग दोहराई

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली/एजेंसी। जनता दल यूनाइटेड के राज्यसभा सदस्य संजय झा को शनिवार को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह निर्णय शनिवार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक में पार्टी ने बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की अपनी सालों पुरानी मांग भी दोहराई। जदयू नेता नीरज कुमार ने पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकिरिणी की बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, ह्यह्यकार्यकारिणी में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गए। पहला, राजनीतिक और दूसरा संगठनात्मक। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा में पार्टी के संसदीय दल के नेता संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया।

कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को एक विशेष पैकेज देने के विकल्प पर भी विचार कर सकती है। कार्यकारी अध्यक्ष पद पर अपनी नियुक्ति के बाद झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार पर हमेशा ध्यान देते हैं और उम्मीद है कि विशेष दर्जे या पैकेज की (राज्य की) मांग पूरी होगी। बिहार सरकार में जल संसाधन मंत्री रह चुके झा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी से की थी। बाद में, वह जदयू में शामिल हो गए। वह जदयू के राष्ट्रीय महासचिव और राज्य योजना परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं। नीरज कुमार ने कहा कि पार्टी ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने तथा



परीक्षा में गड़बड़ी पर अंकुश लगाने के लिए संसद में कठोर कानून पारित करने की मांग की।

झा को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्हें भाजपा नेतृत्व के साथ अच्छे समीकरण के लिए जाना जाता है। वह राज्यसभा में पार्टी के नेता भी हैं। कभी भाजपा के दिवंगत नेता अरुण जेटली के करीबी रहे झा को जदयू का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने के बाद उन अटकलों को भी विराम लगने की संभावना है, जिनमें अक्सर यह दावा किया जाता रहा है कि नीतीश कुमार कभी भी पाला बदल सकते हैं।

पार्टी के वरिष्ठ नेता के. सी त्यागी ने पत्रकारों से कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में नीतीश कुमार ने घोषणा की कि वह अब हमेशा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा बने रहेंगे और उनके कहीं इधर-उधर जाने का सवाल ही नहीं उठता। पार्टी सूत्रों ने कहा कि झा भाजपा से अच्छा तालमेल रखने और दोनों दलों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री एवं जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर तथा देशभर के अन्य वरिष्ठ नेता दिल्ली में आयोजित बैठक में शामिल हुए।

**एनडीए के साथ ही बना रहेगा जनता दल यूनाईटेड : त्यागी**

नई दिल्ली। स्थानीय कंस्टीट्यूशन क्लब में जनता दल यूनाईटेड (जदयू) की कार्यकारिणी की बैठक के बाद जदयू ने एनडीए के साथ बने रहने की बात दोहराई है। बैठक से बाहर आने के बाद जदयू के प्रवक्ता केसी त्यागी ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते कहा कि जदयू एनडीए के साथ ही बना रहेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी की बैठक में इस बात की घोषणा के साथ ही अफवाहों पर विराम लग गया है। जदयू प्रवक्ता त्यागी ने कहा कि जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सामने घोषणा की कि अब वे हमेशा एनडीए का हिस्सा रहेंगे। यहां पर उन्होंने यह भी कहा कि बिहार हाई कोर्ट द्वारा रोके गए आरक्षण को लेकर हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। इसके साथ हम राज्य के विशेष दर्जे और आर्थिक पैकेज के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। वहीं जदयू के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली है।

# सरकार ने एनडीआरएफ जोखिम और कठिनाई भत्ते में की 40 प्रतिशत की वृद्धि : शाह

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के जोखिम और कठिनाई भत्ते को उनके मूल वेतन के 40 प्रतिशत की दर से बढ़ा दिंया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीआरएफ के पर्वतारोहण अभियान विजय के ध्वजारोहण समारोह में कहा कि मैं आपको एक अच्छा समाचार देना चाहता हूं। लंबे समय से एनडीआरएफ कर्मियों के लिए



जोखिम और कठिनाई भत्ता बढ़ाने की मांग की जा रही थी। कल ही भारत सरकार ने इसे मंजूरी दी है और अब आपको 40 प्रतिशत की दर से जोखिम और कठिनाई भत्ता दिया जाएगा। यह सभी 16,000 एनडीआरएफ बचाव कर्मियों के लिए खुशी की बात है। अमित शाह ने यह भी कहा कि सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और सीआईएसएफ जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पधाओं में भागीदारी के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ह्नहमने यह भी तय किया है कि हमारे सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) की एक टीम सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आउटडोर और इनडोर खेलों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इसका रोडमैप तैयार हो गया है और कुछ ही समय में हम इसे आगे बढ़ाएंगे।

# एनटीए ने घोषित की यूजीसी-नेट सहित तीन परीक्षाओं की तिथि

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) की परीक्षा 21 अगस्त से 04 सितंबर तक आयोजित की जाएगी।

गौरतलब है कि 18 जून को आयोजित यूजीसी नेट की परीक्षा पेपर लीक होने की वजह से एक दिन बाद यानी 19 जून को रद्द कर दी गयी थी, जबकि चतुर्थ वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एनसीईटी) की परीक्षा 12



जून का आयोजित हुई थी और उसी दिन शाम में रद्द कर दी गयी थी। वहीं, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (जॉइंट सीएसआईआर-यूजीसी नेट) की परीक्षा 25 जून से 27 जून के बीच आयोजित होने वाली थी, लेकिन एनटीए ने अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए इसे स्थगित कर दिया ।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से शुक्रवार को यूजीसी-नेट सहित तीन परीक्षाओं की तिथि घोषित की गयी। एनटीए के मुताबिक एनसीईटी की परीक्षा अब 10 जुलाई को कंप्यूटर-आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित होगी। वहीं, जॉइंट सीएसआईआर- यूजीसी- नेट की स्थगित परीक्षा अब 25 से 27 जुलाई के बीच सीबीटी मोड में आयोजित होगी, जबकि यूजीसी-नेट की परीक्षा 21 अगस्त से चार जुलाई के बीच सीबीटी मोड में आयोजित की जाएगी।

यूजीसी इंडिया ने शनिवार को एक्स पर एनटीए की ओर से जारी अधिसूचना को पोस्ट करते हुए लिखा, यूजीसी-नेट जून 2024 चक्र 21 अगस्त से 04 सितंबर 2024 के बीच आयोजित किया जाएगा। परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट और एनसीईटी 2024 की तिथियों की भी घोषणा की गई है। पूरी जानकारी एनटीए की वेबसाइट एचटीटीपीएः// एनटीए.एससी.इन पर प्राप्त करें।

# एनईईटी-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गुजरात में चलाया तलाशी अभियान

नई दिल्ली,एजेंसी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) एनईईटी-यूजी पेपर लीक मामले में गुजरात के सात स्थानों पर तलाशी ले रही है। सीबीआई का यह तलाशी अभियान आज शनिवार 29 जून की सुबह गुजरात के चार जिलों आनंद, खेड़ा, अहमदाबाद और गोधरा में फैले संदिग्धों के परिसरों पर शुरू हुआ। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक यह अभियान दोपहर बाद भी जारी रहा। सीबीआई ने शुक्रवार को राष्ट्रीय-पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (एनईईटी-यूजी) के संबंध में झारखंड के हजारीबाग में एक स्कूल के प्रिंसिपल और उप-प्रिंसिपल के साथ एक हिंदी समाचार पत्र के पत्रकार को गिरफ्तार किया था। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक उन्होंने पूछताछ के दौरान बताया कि ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसानुल हक को 5 मई को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए हजारीबाग का सिटी समन्वयक बनाया गया था।

# दो दिन में होगा नीट पीजी की नई तारीख का एलान, भ्रम फैला रही कांग्रेस: प्रधान

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि अगले दो दिनों के भीतर राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) नीट-पीजी के नए कार्यक्रम की घोषणा करेगा। नीट-पीजी उन परीक्षाओं में से एक है, जिन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच एहतियात के तौर पर पिछले सप्ताह रद्द कर दिया गया था। हरियाणा भाजपा की विस्तारित राज्य कार्यकारिणी की बैठक के दौरान पंचकूला में प्रधान ने मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी।



एक दिन पहले एनटीए ने रद्द की गई तीन परीक्षाओं की नहीं तारीखें घोषित की थी।

**चर्चा से भाग रही कांग्रेस, केवल भ्रम फैला रही :** नीट के मुद्दे पर प्रधान ने कहा, कांग्रेस चर्चा नहीं चाहती है। वे इससे भाग रहे है। वे केवल अराजकता और भ्रम फैलाना चाहते हैं और संस्थागत तंत्र के पूरे कामकाज में बाधाएं पैदा करना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने खुद उस मुद्दे को संबोधित किया है, जिसके बारे में कांग्रेस बहस करना चाहती है। इस प्रक्रिया में चुनौतियों और कमियों को मानते हुए हमें उन पर गौर करना होगा। शिक्षा मंत्री ने कहा, सरकार की ओर से मैंने साफ कहा है कि हम किसी भी तरह की चर्चा के लिए तैयार हैं। लेकिन कांग्रेस छात्रों के मुद्दे का समाधान नहीं करना चाहती। वे चाहते हैं कि मामला जलता रहे। इस तरह के मुद्दे 2014 से पहले भी सामने आए हैं। लेकिन मैं इसे सही नहीं ठहरा सकता। एनटीए को नया नेतृत्व मिला है। इसरो के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन के नेतृत्व में एनटीए में सुधार किए गए हैं। हमने इस मुद्दे को हल करने के लिए एक नया कानून बनाया है और पूरे मामले को सीबीआई को सौंप दिया गया है।उन्होंने कहा, कल परीक्षा की नई तारीखों का एलान किया गया, जिन्हें स्थगित या रद्द कर दिया गया था। नीट-पीजी की नई तारीखों की घोषणा सोमवार-मंगलवार तक की जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) परीक्षा 18 जून को आयोजित की गई थी, लेकिन एक दिन बाद ही इसे रद्द कर दिया गया था।

**विदाई** | **आईएनएस डेगा से इस हेलीकॉप्टर ने विदाई के दिन भरी अंतिम उड़ान**

# भारतीय नौसेना ने 17 साल की सेवा के बाद 'सारस' हेलीकॉप्टरों को दी अंतिम विदाई

## एक हेलीकॉप्टर विशाखापत्तनम में स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा

प्रातसंवाददाता

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय नौसेना ने 17 साल तक समुद्री सुरक्षा और निगरानी करने वाले ह्यसारसह्न हेलीकॉप्टरों को अंतिम विदाई दे दी है। विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा पर हुए डी-इंडक्शन समारोह के दौरान यूएच-3एच हेलीकॉप्टर ने अंतिम उड़ान भरी। इनकी जगह अब आईएनएएस 350 में सी किंग 42सी हेलीकॉप्टरों को तैनात किया जाएगा। यादगार के रूप में इनमें से एक हेलीकॉप्टर विशाखापत्तनम में प्रमुख स्थान पर स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा, जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा पर विदाई समारोह में 17 साल की शानदार सेवा के बाद यूएच-3एच हेलीकॉप्टर को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना ने की। यूएच-3एच स्क्वाड्रन



के अनुभवी अधिकारी और नाविक हेलीकॉप्टर की महान सेवा को याद करते हुए परिवारों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

यूएच-3एच हेलीकॉप्टर की जगह अब आईएनएएस 350 में सी किंग 42सी हेलीकॉप्टरों को तैनात किया जाएगा। यादगार विदाई समारोह के जरिए उस यूएच-3एच हेलीकॉप्टर के उल्लेखनीय युग का अंत हो गया, जिसने भारतीय नौसेना में विशेष संचालन और एसएआर मिशनों में अभिनव क्षमताओं की शुरूआत की। लगातार विकसित और गतिशील समुद्री वातावरण में यूएच-3एच की परिचालन भूमिका भारतीय नौसेना विमानन के इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज रहेगी। भारत ने अमेरिका से छह यूएच-3एच हेलीकॉप्टर 2007 में खरीदे थे, जिन्हें नौसेना के जहाज 'जलाश्व' के साथ 24 मार्च, 2009 को विशाखापत्तनम में आईएनएस डेगा पर लाया गया था। भारतीय तटों पर लाए जाने के बाद इन्हें 'सारस' नाम से आईएनएएस 350 में शामिल किया गया था।

इस बहुमुखी हेलीकॉप्टर ने मानवीय सहायता और आपदा राहत संचालन, अपतटीय प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और विशेष अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शक्तिशाली ह्यसारसह्न हेलीकॉप्टर ने अपनी प्रतिबद्धता को पूरी लगन से निभाया, सतर्क निगरानी बनाए रखी और अटूट समर्पण के साथ हमारे देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की। इसीलिए यादगार के रूप में एक ह्यसारसह्न हेलीकॉप्टर को सिटी ऑफ डेस्टिनी (विशाखापत्तनम) में प्रमुख स्थान पर स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा, जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

# न्यायालय को लोग मंदिर समझते हैं लेकिन न्यायाधीश खुद को देवता ना समझें : सीजेआई

प्रात : किरण संवाददाता

कोलकाता/एजेंसी। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि देश की जनता न्यायालय को मंदिर समझती है। इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि इसमें बैठने वाले न्यायाधीश खुद को देवता समझने लगें। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को संवेदनशील और सहानुभूति रखने वाला बनना पड़ेगा। सीजेआई ने कलकत्ता हाई कोर्ट के बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी के दो सौ साल पूरे होने के मौके पर एक विशेष परिचर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। उनके साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौजूद थीं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जनता कहती है कि न्यायालय न्याय का मंदिर है। ऐसे में न्यायाधीश अगर खुद को देवता समझते हैं तो यह बहुत बड़ी भूल होगी। मुझे लगता है कि न्यायाधीश जनता के सेवक हैं। वे मामलों की



सुनवाई करें लेकिन अपराध के प्रति पहले से कोई धारणा तैयार न करें। उन्हें सहानुभूति रखनी होगी। उन्हें इस बात का ख्याल रखना होगा कि हमारे सामने खड़ा हुआ शख्स मनुष्य है। न्यायाधीश भी सामाजिक रीति-रिवाजों के मुताबिक अपनी धारणा नहीं बना सकते। उन्हें संविधान के मुताबिक काम करना होगा। संवैधानिक नैतिकता कहती है कि एक भारतीय जो चाहे सोच सकता है, जो चाहे बोल सकता है। जिसकी चाहे पूजा कर सकता है, जिसका चाहे अनुसरण कर सकता है। किसी के साथ शादी कर सकता है और जो चाहे खा सकता है। संविधान में दी गई स्वतंत्रता का हमेशा ख्याल रखना होगा। इसके बाद उन्होंने टेक्नोलॉजी का जिक्र करते हुए कहा कि इससे हमें बहुत सारे मौके मिले हैं। कोर्ट अपनी भाषा में जो फैसला सुनाता है उसे जिस भाषा में चाहें अनुवाद कर सकते हैं। हम लोगों (सुप्रीम कोर्ट) ने 51 हजार से अधिक आदेशों का कई भाषाओं में अनुवाद किया है। बंगाली और ओडिया सहित संविधान जिस किसी भी भाषा की स्वीकृति देता है, उन सभी भाषाओं में अनुवाद किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं बंगाली और ओडिया भाषा का जिक्र कर रहा हूं, क्योंकि मेरी पत्नी ओडिया को बहुत पसंद करती हैं और बंगाली भी बहुत करीब है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे हाई कोर्ट हैं, जो जमानत से संबंधित मामलों में तत्परता नहीं दिखाते हैं। इसे लेकर मैं बहुत चिंतित हूं। यह न्याय व्यवस्था का आदर्श मॉडल नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में 50.55 करोड़ से सुधरेंगी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं

**नैनीताल, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के लिए शासन की ओर से 50.55 करो? रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। एडीएम ने स्वीकृत धनराशि से किए जाने वाले कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता के निर्देश दिए। शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक में हुई। इसमें एडीएम शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि इस धनराशि से जिला चिकित्सालय में टाइप-4 के छात्रावास, मेडिकल स्टोर, कार्डिक केयर यूनिट, जीबी पंत चिकित्सालय के टाइप 4 के 6 आवास, टाइप 3 के 4 आवास, टीबी सेनिटोरियम भवाली के वार्डों की मरम्मत, बेस हॉस्पिटल की मरम्मत समेत पब्लिक हेल्थ, आशा कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम व स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं पर कार्य किया जाना है। उन्होंने दस जुलाई से जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूकता, डायरिया पखवा? के तहत आशाओं को घर-घर जाकर ओआरएस बांटने की बात कही। एडीएम ने क्षय रोग कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। इसमें बेहतर कार्य के लिए हंसी आर्य, रमेश, सीमा जोशी को सम्मानित किया गया। बैठक में पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा, डॉ. उषा जंगपांगी, डॉ. गणेश धर्मसतु, डॉ. मनोज कांडपाल, दीवान बिष्ट, पंकज तिवारी आदि रहे।

### काउंसलिंग से आवंटित हुए सुगम और दुर्गम विद्यालय

**नैनीताल, एजेंसी।** प्रारंभिक शिक्षा कुमाऊं मंडल के अंतर्गत कनिष्ठ सहायक अध्यापक से वरिष्ठ सहायक पद पर 118 अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के आधार पर सुगम और दुर्गम विद्यालय आवंटित किए गए। इन्हें पदोन्नति आदेश भी जारी किए जा चुके हैं। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तल्लीताल के सभागार में शुक्रवार को अपर निदेशक प्रारंभिक शिक्षा लीलाधर व्यास के निर्देशन में काउंसलिंग हुई। इसमें पदोन्नति के लिए 126 अभ्यर्थियों की गोपनीय रिपोर्ट मांगी गई थी लेकिन सात अभ्यर्थियों की पदोन्नति पर किन्हीं कारणों से विचार नहीं हुआ जबकि शुक्रवार को हुई काउंसलिंग में एक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहा। व्यास ने बताया कि यह पदोन्नति सुगम व दुर्गम के आधार पर की गई है। काउंसलिंग प्रक्रिया को संचालित करने में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एलएस बिष्ट, गोपाल बिष्ट, कमल फुलारा, संजीव जोशी, कैलाश दैला, जगमोहन रौतेला, मोहन फर्त्याल, कमलेश नैनवाल, पूरन बिष्ट, विशाल कुमार, सुरेश बुधलाकोटी के अलावा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन के मंडलीय अध्यक्ष पुष्कर सिंह भैसोड़ा, मंत्री हरजीत सिंह, फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, सौरभ चंद आदि रहे।

### चिलियानौला में पांच साल बाद भी नहीं बना कूड़ा निस्तारण केंद्र

**रानीखेत(अल्मोड़ा), एजेंसी।** चिलियानौला नगरपालिका के अस्तित्व में आने के पांच साल बाद भी कूड़ा निस्तारण के लिए ट्रंचिंग ग्राउंड नहीं बन सका है। पालिका अब तक इसके लिए जमीन नहीं खोज सकी है और करार के तहत छावनी परिषद के ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़े का निस्तारण करना पड़ रहा है। वर्ष 2018 में चिलियानौला नगर पालिका अस्तित्व में आई। नगर से हर रोज चार टन से अधिक कूड़ा निकलता है। पालिका गठन के तीन माह बाद छावनी परिषद के घिंघारिखाल ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ा डालने का करार हुआ जो आज तक जारी है। स्थानीय लोगों ने जल्द ट्रंचिंग ग्राउंड अस्तित्व में लाने की मांग उठाई है। रानीखेत के लोग नगरपालिका में शामिल किये जाने की मांग कर रहे हैं। पालिका को स्थायी कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि भविष्य में स्थानीय लोगों के साथ ही स्वयं पालिका को दिक्कत न झेलनी पड़े।- कमलेश बोरा, अध्यक्ष, व्यापार मंडल, चिलियानौला। पालिका में सफाई की व्यवस्था तो सही है लेकिन स्थायी कूड़ा निस्तारण केंद्र न होने से भविष्य में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। पालिका को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा।- अरुण रावत, पूर्व सभासद, चिलियानौला। ट्रंचिंग ग्राउंड के लिए पालिका प्रयासरत है। जमीन की तलाश की जा रही है।

# किसी पर बाघ ने किया हमला...तो किसी ने जान जोखिम में डालकर बचाई साथी की जान

**नैनीताल, एजेंसी।**
कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा का पहला जिम्मा जिनके कंधों पर है अपनी सुरक्षा के लिए उनके पास सिर्फ एक लकड़ी के डंडा ही होता है। अनुभव के सहारे जंगलों के पग-पग जंगल की कहानी, बीट वॉचरों की जुबानी... कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा का पहला जिम्मा जिनके कंधों पर है अपनी सुरक्षा के लिए उनके पास सिर्फ एक लकड़ी के डंडा ही होता है। अनुभव के सहारे जंगलों के पग-पग जंगल की कहानी, बीट वॉचरों की जुबानी से वाकिफ येबीट वॉचर वन्य जीवों को तो शिकारियों से बचा लेते हैं लेकिन कई बार इन्हीं जंगली जानवरों के शिकार भी हो जाते हैं। क्योंकि उस बेजुबान को पता नहीं होता है, जिनकी वह जान ले रहा है वह उनकी जान के हिमायती हैं। इन बीट वॉचरों के पास जंगल के किस्सों का ऐसा पिटारा है, जो खुलता है तो रोमांच की ऐसी अनुभूति होती है कि उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल होता है। फिर भी इन किस्सों में से कुछ को बयां करने की कोशिश कर रहे हैं हरिदत्त बताते है बाघ ने जब उन पर हमला किया, तब उन्हें नहीं लग रहा



था कि वह बच पाएंगे। ईश्वर की कृपा, साथियों की मेहरबानी और वन विभाग के अधिकारियों की बदौलत उनकी जान बच गई। हाल ही में कॉर्बेट पार्क में जंगल सफारी के लिए आए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने उनके काम को सराहा और सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। हरिदत्त पोखरियाल को लोग टाइगर नाम से भी जानते हैं। दरअसल एक बार जंगल में जब वह गश्त कर रहे तो झड़ियों में छिपे बैठे एक बाघ ने उन पर हमला बोला और उन्हें बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। साथियों के चीख-पुकार सुनकर बाध घने जंगल में ओझल हो गया। लहूलुहान हालत में हरिदत्त को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों की अथक मेहनत से इनकी जान बची। तब से उन्हें उनके साथी टाइगर के नाम से बुलाते हैं। 12 अक्तूबर 2005 की शाम को उन पर मोहान क्षेत्र में बाघ ने हमला किया था। वाघ से करीव दो मिनट तक जिंदगी को लिए जद्दोजहद की। इसी बीच अन्य साथियों ने शोर मचाया तो बाघ जंगल में चला गया। बाघ के हमले से पेट की आंते बाहर निकल गई थी और कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। लंबे समय तक इलाज के बाद वह ठीक हुए और वर्तमान में कॉर्बेट पार्क के सर्पदुली रेंज में तैनात हैं। जगदीश कुमार~ कॉर्बेट पार्क के बिजरानी रेंज में तैनात बीट वॉचर जगदीश पर बाघ ने हमला किया था। बीट वॉचर के अनुसार 8 जून 2020 को चोरपानी बीट कंपाट संख्या 11 में हाथी गणना का कार्य चल रहा था। हाथी गणना के दौरान झाड़ियों से निकलकर बाघ ने हमला कर दिया। तभी वन दरोगा नवीन चंद्र पपनै ने अपनी राइफल से फायर झोंका, जिसकी आवाज सुनकर बाघ मौके से भाग गया। कर्मियों की टीम ने बीट वॉचर को अस्पताल पहुंचाया और उसकी जान बचाई। गोपाल सिंह अधिकारी~ कॉर्बेट पार्क के बिजरानी रेंज के वन दरोगा नवीन चंद्र पपनै ने बताया कि 26 अगस्त 2020 को कंपाट नंबर 8 चोरपानी बीट में नौ लोग गश्त कर रहे थे। गश्त में बीट वॉचर गोपाल सिंह अधिकारी भी शामिल थे और वहां नौ लोगों की गश्त में पांचवें नंबर पर थे। बाप ने बीट वॉचर गोपाल सिंह अधिकारी पर हमला कर दिया। बाघ के हमले करते ही फायर झोंककर बोट वॉचर की जान बचाई गई। उपचार के बाद उन्होंने नौकरी छोड़ दी। गोपाल सिंह अधिकारी बाघ से बहादुरी से लड़े और बाघ को पीछे जाना पड़ा।

## वायरल ऑडियो पर गरमाई सियासतः दस साल पुराने मामले में केस दर्ज हुए तो इसमें क्यों नहीं

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** पंतनगर थाने के एसएचओ के वायरल ऑडियो से सियासत गर्मा गई है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने एसएचओं के आचरण की निंदा करते हुए एक साल बाद ऑडियो के वायरल होने को चौंकाने वाला बताया। खबर में जानिए क्या बोले



विधायक? पंतनगर थाने के एसएचओ के वायरल ऑडियो से सियासत गर्मा गई है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने एसएचओं के आचरण की निंदा करते हुए एक साल बाद ऑडियो के वायरल होने को चौंकाने वाला बताया। कांग्रेस नेता और किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि जब दस साल पुराने मामलों में तक एफआईआर दर्ज हुई हैं तो अब तक एसएचओ पर एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई है। शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में बेहड़ ने मामले में राजनीति के बजाय कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अश्लील ऑडियो अधूरा होने की बात कही जा रही है। ऑडियो अधूरा है या पूरा है, इसकी जांच होनी चाहिए। जांच में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन पीड़िता से अश्लील बातें की गई हैं। पीड़िता की ओर से उपलब्ध कराया ऑडियो ही डीजीपी को दिया था। कहा कि ऐसे मामलों में विधायक, सांसद और बड़े-बड़े लोग जेल जा सकते हैं तो एसएचओ को बचाने का खेल क्यों रचा जा रहा है। किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण से पुलिस विभाग के साथ ही शासन की छवि धूमिल हो रही है। एक जिम्मेदार पद पर चैते एसएचओ का आचरण निंदनीय है। इस घटना से पंतनगर और आसपास के लोगों में आक्रोश है।

## आए थे रोजगार की तलाश में...खो दिए कलेजे के टुकड़े, सांप के डसने से राहुल की बेटी-बेटा की अकाल मौत

**नैनीताल, एजेंसी।**
हल्द्वानी में सांप ने एक ही परिवार के दो बच्चों को डस लिया। इससे दोनों बच्चों की मौत हो गई। मध्यप्रदेश (पन्ना) से परिवार संग पीरूमदारा पहुंचे राहुल अपनी किस्मत को कोस रहे हैं और बच्चों को खोने के गम में डूबे हैं। काम की तलाश में बाहरी प्रदेशों के मजदूर अपने परिवार संग उत्तराखंड में मजदूरी करने आते हैं। यहां अस्थायी झुग्गी-झोपड़ियों में



आसरा बनाकर दिन गुजारते हैं। रोज सुबह दिहाड़ी की तलाश और कमरतोड़ मेहनत के बाद जैसे-तैसे परिवार के लिए दो जून की रोटी जुटा पाना संभव होता है। काम ना मिलने पर मजदूर परिवारों को कई दिन भूखे पेट ही गुजारने होते हैं। मध्यप्रदेश (पन्ना) से परिवार संग पीरूमदारा पहुंचे राहुल और हल्द्वानी के काठगोदाम क्षेत्र में झोपड़ी में रहने वाले यूपी (हरदोई) के प्रीतम, दोनों परिवारों की एक जैसी नियति है और 26 जून की रात दोनों परिवारों पर एक जैसी मुसीबत भी टूट पड़ी। दोनों ही रोजगार की तलाश में नैनीताल जिले में आए और अपने दिल के टुकड़ों को खो बैठे। सांप के काटने से राहुल के बेटे और बेटी अकाल मौत की आगोश में समा गए तो वहीं प्रीतम का एकलौता बेटा तेंदुए का शिकार हो गया। अब दोनों ही परिवार अपनी किस्मत को कोस रहे हैं और बच्चों को खोने के गम में डूबे हैं। रोजगार की तलाश में मध्यप्रदेश से पीरूमदारा पहुंचे राहुल के परिवार में अब मातम पसरा हुआ है। 12 दिन पहले ही राहुल अपनी पत्नी, दो बच्चों, सास-ससुर और साले के साथ यहां प्रवास पर आया था। झोपड़ी बनाकर परिवार जीवन-बसर कर रहा था। 26 जून की रात राहुल के जीवन की सबसे काली रात साबित हुई। रात को उसके परिवार के सभी सदस्य फर्श पर गहरी नींद में सोए हुए थे। अचानक बच्चों के रोने की आवाज आई तो राहुल समेत परिवार के लोग जाग गए और सामने का मंजर देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर में एक सांप फन फैलाएं बैठा था और सांप ने उसके बेटे देव (6) और बेटी नित्या (4) के हाथ पर डस दिया था। परिजन फौरन बच्चों को लेकर रामनगर और फिर सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे लेकिन घर के दोनों चिरागों को नहीं बचा पाए। इलाज के दौरान बृहस्पतिवार को बेटी ने दम तोड़ दिया तो वहीं शुक्रवार को बेटा भी अकाल मौत की आगोश में समा गया। अपने हाथों में बच्चों के शव देखकर परिवार के सभी सदस्य फूटफूट कर रोने लगे।

## स्याल्दे के 12 से अधिक गांवों में एक हफ्ते से नहीं आया पानी

**मौलेखाल (अल्मोड़ा), एजेंसी।**
स्याल्दे विकासखंड के 12 से अधिक गांवों की प्यास बुझाने वाली तिमली-चचरोटी पेयजल योजना के पाइप फटने से पिछले एक सप्ताह से इलाके में पानी नहीं आया है। इन गांवों की 5000 की आबादी बारिश के बाद भी पानी के लिए तरस गई है। स्याल्दे के खटलगांव, जसपुर, भाकूड़ा, पैठाना, तिमली, चचरोटी सहित 12 से अधिक गांवों के ग्रामीणों को जलापूर्ति करने के लिए 45 साल पहले विनोद नदी से तिमली-चटरोटी पेयजल योजना का निर्माण किया गया। एक सप्ताह पूर्व पुरानी हो चुकी योजना के



पाइप फटने से जलापूर्ति ठप हो गई, इसे अब तक ठीक नहीं किया जा सका। आपातकाल में ग्रामीणों की जरूरत को पूरा करने के लिए तिमली, चंपानगर में हैंडपंप स्थापित किए गए हैं जो लंबे समय से खराब हैं। इस कारण लोगों को वाहन बुक कर पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी क्षेत्र में टैंकर नहीं भेजे जा रहे हैं। बताया कि सिर्फ एक दिन टैंकर भेजकर औपचारिकता निभा दी गई। ऐसे में क्षेत्र की बड़ी आबादी पानी के लिए जूझ रही है। कोट-पुरानी योजना के पाइप फटने से दिक्कत आई है। लाइन को ठीक कर टैंक तक जलापूर्ति सुचारू कर दी गई है। जल्द लोगों को योजना से पानी मिलेगा। वहीं, खराब हैंडपंपों को भी ठीक किया जाएगा।

### चार निर्माणाधीन रिजॉर्ट में मिला अवैध उपखनिज और बोरिंग

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** छोई के निर्माणाधीन रिजॉर्ट में प्रशासन, खनन विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारा। वहां टीम को रिजॉर्ट में अवैध उपखनिज का भंडारण और बिना अनुमति के बोरिंग मिला। इस पर अवैध उपखनिज पर तीन रिजॉर्ट संचालकों पर 47 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। शिकायत मिलने पर एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार कुलदीप पाण्डेय ने राजस्व व खनन विभाग की टीम के साथ छोई क्षेत्र में चार निर्माणाधीन रिजॉर्ट में चेकिंग की। रिजॉर्ट में काफी उपखनिज पाया गया, उपखनिज के प्रपत्र मांगें गए तो रिजॉर्ट संचालक जवाब नहीं दे पाए। उपखनिज अवैध पाए जाने पर नापजोख की गई। चार जगह मिले अवैध उपखनिज पर रिजॉर्ट संचालकों पर 47 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाने की संस्तुति की गई। तीन रिजॉर्ट में अवैध तीन बोरिंग भी मिले जिनके संबंध में रिजॉर्ट संचालक कोई भी प्रपत्र नहीं दिखा पाए। इनके अलावा टीम ने ढिकुली में लदुवाचौड़ में भी दो निर्माणाधीन रिजॉर्ट में चेकिंग की जहां बोरिंग अवैध पाई गईं और इसकी कोई अनुमति नहीं ली गई। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय की अधिसूचना के तहत भू-जल की अवैध निकासी/बोरिंग में पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क अधिरोपित किया जाएगा। पांच रिजॉर्ट को अवैध बोरिंग संचालित करने के तहत नोटिस दिए जा रहे हैं। इस दौरान राजस्व उपनिरीक्षक आरिफ हुसैन, मनोज रावत, राहुल आर्य, खनन विभाग के जयप्रकाश मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि टीम को छोई मोतीपुर खुशालपुर में मैसर्स गिरिजा लैंड वैचर्स प्राइवेट लिमिटेड के अलावा रोहित लटवाल की भूमि, सुरेश चंद्र, राहुल, ओमेश अग्रवाल, गिरीश कुमार अग्रवाल की भूमि में बन रहे रिजॉर्ट में अवैध उपखनिज व अवैध बोरिंग मिली। इनके अलावा लदुवाचौड़ में सेंसों सोल्यूशंस व तारी देवी की भूमि पर बने निर्माणाधीन रिजॉर्ट में अवैध बोरिंग मिली।

## जल्द पूर्ण कराएं रोडवेज टर्मिनल का निर्माण कार्य : मंडलायुक्त

**रुद्रपुर, एजेंसी।**
कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में रुद्रपुर में बन रहे आधुनिक बस स्टेशन टर्मिनल एवं वर्कशाप भवन के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्हें बीते कई माह से निर्माण कार्य बंद मिला। इस पर उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त के संज्ञान में आया कि रोडवेज की भूमि पर रोडवेज के कर्मचारियों ने अतिक्रमण कर भवन का निर्माण कर लिया है। उन्होंने दूरभाष से उन्होंने जिले के डीएम उदयराज सिंह से वार्ता कर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वर्तमान में बस टर्मिनल का कार्य 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। वर्कशाप के भवन का निर्माण कार्य भी शत-प्रतिशत पूर्ण होने जा रहा है। मंडलायुक्त ने कहा कि रोडवेज स्टेशन के नाले पर जिन लोगों ने अतिक्रमण किया है, उन लोगों पर कार्रवाई कर अतिक्रमण मुक्त करने में लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर



एआरएम रोडवेज केएस राणा आदि उपस्थित थे। शहर में 80 करोड़ की लागत से 3.8 एकड़ में निर्माणाधीन आधुनिक बस टर्मिनल अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसके वर्कशाप भवन में बेसमेंट पार्किंग, शॉपिंग कांपलैक्स, रेस्टोरेंट, डोरमैट्री, मूवी थियेटर, क्लॉक रूम, शौचालय आदि सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके बेसमेंट में 250 निजी वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी और वर्कशाप में 50 रोडवेज के वाहनों के लिए पार्किंग होगी।

## पंतनगर का इश्कबाज एसएचओ निलंबित, अश्लील ऑडियो वायरल होने पर हुई कार्रवाई

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर में युवती से अश्लील बातचीत का ऑडियो वायरल होने के मामले में पंतनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी नप गए। एसएसपी ने एएसपी की आंतरिक तथ्यात्मक रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए डांगी को निलंबित कर दिया। रुद्रपुर में युवती से अश्लील बातचीत का ऑडियो वायरल होने के मामले में पंतनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी नप गए। एसएसपी ने एएसपी की आंतरिक तथ्यात्मक रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए डांगी को निलंबित कर दिया। उन्होंने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। बता दें कि, बृहस्पतिवार को किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने पंतनगर एसएचओ पर युवती से अश्लील बातें कर दबाव में लेने का आरोप लगाते हुए डीजीपी से शिकायत की थी। बताया था कि दो पक्षों में हुए विवाद के मामले में पुलिस ने एक पक्ष पर कार्रवाई की थी। जिस पक्ष पर कार्रवाई हुई थी, युवती उसी पक्ष की थी। वे दूसरे पक्ष पर केस दर्ज कराने की मांग उठा रही थी और इसको लेकर ही वह एसएचओ के संपर्क में आई थी। एसएचओ ने इसका गलत फायदा उठाकर युवती से अश्लील बातें की थीं। इसका ऑडियो वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में आ गया। डीजीपी के आदेश पर एसएसपी ने एएसपी निहारिका तोमर को जांच सौंपी थी। मामले की जांच कर रहीं एएसपी निहारिका तोमर ने पीड़िता के बयान दर्ज किए थे। पीड़िता ने माना था कि यह एक साल पुराना ऑडियो है। एक जिम्मेदार पद पर रहकर इस प्रकार की हरकत घोर अनुशासनहीनता, लापरवाही और ताकत के दुरुपयोग की श्रेणी में आती है।

## नशामुक्त भारत अभियान के तहत छात्रों को किया जागरूक

**नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश पर शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पाइंस में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी के नेतृत्व में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पाइंस में शिविर लगा। शिविर में विद्यार्थियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के संबंध में जानकारी दी गई। नशा मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई । शतरंज में सुमित और कैरम में अभय रहे प्रथमनैनीताल। जिला प्रशासन व जिला समाज कल्याण अधिकारी की ओर से राजकीय औद्योगिक संस्थान पाइंस में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच शतरंज, कैरम और वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। देवेंद्र कुमार दूसरे और रोशन लाल तीसरे स्थान पर रहे जबकि वाद-विवाद प्रतियोगिता में पायल आर्या, ज्योति आर्या क्रमश~ प्रथम, द्वितीय रहीं। इस मौके पर प्रधानाचार्य बीके जोशी, अपर जिला समाज कल्याण अधिकारी मो चांद, रवि वर्मा आदि रहे।

## गुरुद्वारे के दरवाजे में आग लगाने का कोशिश, ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ा

**नैनीताल, एजेंसी।**
रामनगर में असामाजिक तत्वों ने मिलकर गुरुद्वारे के मुख्य दरवाजे में आग लगा दी। गनीमत रही गुरुद्वारे में रखे श्री ग्रंथ साहिब तक आग नही पहुंची पाई। आसपास के लोगों ने मिलकर आग लगाने वाले आरोपियों में से एक को पक?कर पुलिस को सौप दिया। रामनगर में असामाजिक तत्वों ने मिलकर गुरुद्वारे के मुख्य दरवाजे में आग लगा दी। गनीमत रही गुरुद्वारे में रखे श्री ग्रंथ साहिब तक आग नही पहुंची पाई। आसपास के लोगों ने मिलकर आग लगाने वाले आरोपियों में से एक को पक?कर पुलिस को सौप दिया। हालांकि ग्रामीणों की सूचना के बाद भी पुलिस के घंटो तक नहीं आने और पक? गए आरोपी को छो?ने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कोतवाली का घेराव भी किया। थारी निवासी परमजीत सिंह ने बताया कि बीती रात लगभग 2 बजे श्री गुरुद्वारा नानक दरबार कांदला थारी में चार अज्ञात लोग दीवार फांदकर घुसे और गरुद्वारे के मुख्य कमरे के बाहर रखे गैस सिलेंडर से दरवाजे को आग लगा दी। इतने में गरुद्वारे के प?ोस में रहने वाले दर्शन सिंह गुरुद्वारे आये और शोर मचाया। इतने में चार अज्ञात आरोपी में तीन भाग निकले और एक को ग्रामीणों ने मिलकर पक? लिया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पुलिस को फोन करने के बाद भी कोई पुलिसकर्मी नहीं आया। घंटों बाद पुलिस आई और आरोपी को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में इससे गुस्साए लोग रामनगर कोतवाली पहुंचे और नारेबाजी करते हुए जल्द आरोपियों को पक?ने की मांग की। इधर पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने भी लगातार नशे के ब?ते कारोबार पर नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों ने थारी में चरस, गांजा, स्मेक की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की भी मांग की। एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। एक आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है और बाकी तीन आरोपियों को जल्द हिरासत में ले लिया जाएगा। नशे के कारोबार को भी समाप्त किया जाएगा।



# केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी को लेकर भाजपा के खिलाफ देश भर में आप का जबरदस्त प्रदर्शन

## अगर प्रधानमंत्री मोदी में हिम्मत है तो केजरीवाल के कामों से मुकाबला करें, ईडी-सीबीआई का सहारा न लें- इमरान हुसैन

- देश की राजधानी दिल्ली रहा विरोध-प्रदर्शन का केंद्र, भाजपा मुख्यालय जा रहे आप कार्यकर्ताओं पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोका, तो सड़क पर बैठे



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी और केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने शनिवार को देश भर में विरोध-प्रदर्शन किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात समेत देश के 21 राज्यों में आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कई जगहों पर कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया। देश की राजधानी दिल्ली विरोध-प्रदर्शन का केंद्र रहा। आप सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद और पदाधिकारियों के अलावा दिल्ली के कोने-कोने से भारी संख्या में आए कार्यकर्ता पहले पार्टी मुख्यालय पर एकत्र हुए। बीमार होने के बावजूद कैबिनेट मंत्री आतिशी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। यहां से वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ता नारे लिखे पोस्टर-बैनर लिए भाजपा मुख्यालय की तरफ कूच किए तो दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया। इसके विरोध में वे सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने भाजपा और मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अरविंद केजरीवाल को जल्द रिहा करने की मांग की।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल की सीबीआई से अवैध गिरफ्तारी कराने के खिलाफ पार्टी ने देशभर के 21 राज्यों के भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस देशव्यापी प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आप कार्यकर्ताओं को देश के विभिन्न हिस्सों में हिरासत में लिया गया। आम आदमी पार्टी के इस देशव्यापी प्रदर्शन के पीछे का मकसद यह बताना था कि देश संविधान से चलेगा, तानाशाही से नहीं। देश में सबसे बेहतर काम करने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में भाजपा की केंद्र सरकार ने जेल में डाल रखा है। अब तो कोर्ट भी कह चुका है कि सीएम केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। वह जमानत पर जेल से बाहर आ रहे थे, तभी केंद्र सरकार ने सीबीआई से सीएम केजरीवाल की सीबीआई से गिरफ्तारी करा दी। देश की जनता सब देख रही है आने वाले दिल्ली के चुनाव में जनता भाजपा का सुपड़ा साफ कर जवाब देगी।

पूरे देश में केवल केजरीवाल सरकार लोगों को बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, बस यात्रा और तीर्थयात्रा की सुविधाएं मुफ्त देती है- गोपाल राय दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आप दिल्ली के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जेल में हैं तो उनके सिपाही सड़क पर उनकी आवाज बुलंद कर रहे हैं। दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में एक नया परिवर्तन किया। अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के लोग अपना भाई-बेटा और हीरो मानते हैं। आप की सरकार बनने के बाद दिल्ली में एक नई क्रांति शुरू हुई। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में वो काम किए, जो भारत के राजनीतिक इतिहास में कोई भी राज्य सरकार नहीं कर पाई। दिल्ली देश का पहला राज्य है, जहां लोगों को 24 घंटे फ्री बिजली और पानी मिलती है। दिल्ली में देश के सबसे बेहतरीन सरकारी स्कूल बने हैं। दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक बना है। दिल्ली देश का पहला राज्य है, जहां सरकारी अस्पतालों-मोहल्ला क्लीनिकों में फ्री जांच और दवाइयां मिलती है। महिलाओं को फ्री बस यात्रा और बुजुर्गों को फ्री तीर्थयात्रा कराई जाती है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली ने 30 फीसद प्रदूषण कम किया है और गांवों के विकास के लिए 900 करोड़ रुपए आवंटित किया है। दिल्ली में मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी देश के दूसरे राज्यों की तुलना में दोगुना है। दिल्ली में सबसे ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। केजरीवाल काम ही भाजपा के अंदर उनके प्रति नफरत पैदा करने की मुख्य वजह है- गोपाल राय

गोपाल राय ने कहा कि आज पूरा देश अरविंद केजरीवाल को काम करने वाला हीरो कहता है। अरविंद केजरीवाल काम ही भाजपा के दिलों में नफरत पैदा करने की मुख्य वजह है। इन्होंने सत्येंद्र जैन को जेल में इसलिए डाला, क्योंकि ये आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहते हैं। जब तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया तब सभी लोगों ने कहा कि केजरीवाल सरकार को कमजोर करने के लिए यह तानाशाही षड़यंत्र किया जा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को उठाकर जेल में डाल दिया गया। देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ। भारत के इतिहास में आज तक कोई मुख्यमंत्री जेल में नहीं गया। लेकिन इन्होंने प्रचंड बहुमत से चुने हुए एक मुख्यमंत्री को उठाकर जेल में डाल दिया। कई लोगों के मन में सवाल था कि कुछ किया होगा, तभी जेल में गया होगा।

भाजपा ने सीबीआई से केजरीवाल को इसलिए गिरफ्तार कराया, ताकि वो बाहर न आएं- गोपाल राय गोपाल राय ने कहा कि भाजपा वाले बार-बार कहते थे कि हमने कोई षडयंत्र नहीं किया है। केजरीवाल को तो कोर्ट ने जेल भेजा है। कोर्ट सम्मान करो। मैं भाजपा के प्रधानमंत्री से लेकर भी नेताओं से पूछता हूं, जब अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट ने जमानत दे दिया, तब तुम्हारे पेट में दर्द क्यों हुआ और हाईकोर्ट से जमानत पर स्टे क्यों लिया। भाजपा कोर्ट का सम्मान कब करेगी? ट्रायल कोर्ट ने फैसला सुनाया कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। इसके बाद भी ईडी अपने आका के आदेश पर भागकर हाईकोर्ट क्यों गई। भाजपा का पेट इतने से भी नहीं भरा। जब हाईकोर्ट से जमानत पर लगी रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई और 26 जून को सुनवाई होनी थी। लेकिन एक दिन पहले रात में भाजपा ने सीबीआई को भेजकर अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करा लिया। अरविंद केजरीवाल को सिर्फ इसलिए गिरफ्तार किया ताकि उनको जमानत न मिले और वो जेल से बाहर न आ जाएं। भाजपा को इस बात का डर लगता है कि केजरीवाल जेल से बाहर आएगा तो तेजी से जनता का काम कराएगा। भाजपा लाख कोशिश कर ले, एक दिन अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे और जनता काम करेंगे। मोदी जी इसी तानाशाही की वजह से देश की जनता ने भाजपा को 400 की जगह 250 सीटें भी नहीं दी। देश के लोगों ने सोचा कि बैसाखी पर टिकी मोदी सरकार की सोच भी बदलेगी, जनादेश का सम्मान करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिस तरह ट्रायल कोर्ट के फैसले को रोका गया और ईडी भेजकर अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया, इससे साफ है कि मोदी सरकार तानाशाही से पीछे नहीं हटने वाली है। भाजपा की जिद देश में तानाशाही लागू करने की जिद है तो हमारी भी तानाशाही के खिलाफ लडाई लड़ने की जिद है।

भाजपा ने साजिश कर केजरीवाल को जेल में रखा है, जनता उसे माफ नहीं करेगी- इमरान हुसैन कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने देश में हर वर्ग के लिए आवाज उठाई है। ईडी की ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। कोर्ट के 25 पेज के आदेश में साफ-साफ लिखा था कि वह बेकसूर हैं। लेकिन आदेश आने से पहले ही ईडी ने हाई कोर्ट जाकर गैर कानूनी तरीके से उनकी जमानत रुकवा दी। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी अरविंद केजरीवाल के कामों से मुकाबला नहीं कर सकते, इसलिए उन्होंने षड़यंत्र करके केजरीवाल को जेल में डाल दिया। अगर प्रधानमंत्री मोदी में हिम्मत है तो अरविंद केजरीवाल के कामों से मुकाबला करें, ईडी और सीबीआई का सहारा न लें। उनके जैसे स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल बनाकर दिखाएं। लोगों के लिए बिजली-पानी और बस की यात्रा फ्री करके दिखाएं। लेकिन अगर वह इस तरह से साजिश करके केजरीवाल को जेल में रखेंगे तो देश और दिल्ली की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने 400 पार का नारा दिया था लेकिन देश की जनता ने उनको 240 पर पहुंचा दिया। अगर यह तानाशाही जारी रही तो वह दिन दूर नहीं है जब जनता उन्हें जीरो पर पहुंचा देगी।

# जल भराव के लिए जिम्मेदार लापरवाह अफसरों के खिलाफ होनी चाहिए सीबीआई जांच : नीलम चौधरी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली में मानसून की पहली बरसात ने जिस तरह कहर बरसाया उससे साबित हो गया ना तो दिल्ली नगर निगम ने नालों की सफाई करायी और ना ही पी.डब्लू.डी और दिल्ली सरकार बाढ़ एवं नियन्त्रण विभाग ने। यह कहना है बाबरपुर जिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष नीलम चौधरी का। नीलम चौधरी कहती हैं नगर निगम तथा दिल्ली सरकार की ओर से दावे किये जा रहे थे नालों की सफाई का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है और मानसून से पहले सभी छोटे बड़े नालों की सफाई करा दी जायगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और पहली बरसात ने ही निगम और दिल्ली सरकार के भरष्टाचार की पोल खोल कर रख दी। नीलम चौधरी कहती हैं नालो की सफाई के लिए हर साल करोड़ों रुपए के बजट का प्रावधान होता है लेकिन वह भरष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। उन्होंने कहा इस मामले की सीबीआई. जांच होनी चाहिए ताकि जिम्मेदार अफसर नप सकें। नीलम चौधरी कहती हैं कि मानसून की पहली बारिश में जल भराव ने पिछले 10 वर्षो के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह चिंताजनक है कि टर्मिनल-1 एयरपोर्ट की छत गिरने के बाद 1 व्यक्ति की मृत्यु हो गई और 20 लोग घायल होना केन्द्र सरकार की विफलता को दर्शाती है। नीलम चौधरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली और दिल्ली नगर निगम दोनों सत्ता है व केन्द्र में भाजपा की सरकार है, परंतु दिल्ली के हालात पिछले 10 वर्षों में बद से बदतर बन गए है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में शीला जी की सरकार थी, दिल्ली का चहुमुखी विकास हुआ तथा केन्द्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद उपराज्यपाल के साथ कोई झगड़ा नही था और जल संकट, बिजली समस्या सहित जल भराव जैसी विकराल परिस्थितियों का दिल्लीवालों को सामना नही करना पड़ा। नीलम चौधरी ने कहा कि यह सरकार हर संकट पर गेंद एक दूसरे के पाले में फेंकने का काम कर रही है। जब पानी के लिए हरियाणा और यूपी से पहले मांग करने की जगह जल सत्याग्रह का नाटक करके दिल्ली की जनता गुमराह करने का काम किया। दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी की सरकार चुनने के बाद अपनी गलती को महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि 82 प्रतिशत गाद निकालने का दावा करने के बाद दिल्ली में हुए जल भराव के बाद दिल्ली सरकार, पीडब्लूडी, दिल्ली नगर निगम, बाढ़ एवं सिंचाई विभाग, डीएसआईआईडीसी, एनडीएमसी, डीडीए द्वारा किए गए काम की जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए।

# माहेश्वरी समाज के लोगो ने किया ओम बिडला का उनके घर पहुंच कर स्वागत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली माहेश्वरी समाज के अनेकों संस्थाओं के पदाधिकारियों, समाज के प्रमुख बंधु जनों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के पुनः पदासिन होने पर उनके निवास स्थान अकबर रोड पे भव्य स्वागत सम्मान किया वी माहेश्वरी के संयोजक विवेक काबरा ने बताया माहेश्वरी समाज के गौरव ओम बिड़ला के पुनः लोकसभा अध्यक्ष बनाए जाने के लिए विशेष कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भा.ज.पा संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व का लोक सभा के सभी नवनिर्वाचित सांसदों का साधुवाद व धन्यवाद किया। माहेश्वरी समाज द्वारा ओम बिड़ला के स्वागत में श्याम जाजू पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भा.ज.पा माहेश्वरी समाज के अग्रणी की भूमिका में रहे। सबसे पहले श्याम जाजू ने पटका, शाल व फूल माला से ओम बिड़ला का स्वागत किया, व सभी आए हुए दिल्ली माहेश्वरी समाज की विभिन्न संस्थाओं के बंधु जनों का परिचय करवाया। ओम बिड़ला भी अपने चिरपरिचित अंदाज चेहरे पर सदैव मुस्कान और आए हुए एक एक जने का ह्रदय से सम्मान के भाव में, सभी का कुशलक्षेम पूछते दिखे, ओम बिड़ला का इतनी आत्मीयता से मिलने से सभी जन प्रफुल्लित थे। स्वागत कार्यक्रम में समाज के प्रमुख जन विवेक काबरा पूर्व महामंत्री भा.ज.पा व संयोजक वी माहेश्वरी, जगदीश बागड़ी अध्यक्ष दिल्ली माहेश्वरी, मनीष भंसाली मंत्री दिल्ली माहेश्वरी, सीए श्रीराम अटल कपल क्लब, राजेंद्र काबरा माहेश्वरी मंडल, राकेश जखेतिया वरिष्ठ पत्रकार व लेखक, मनोज माहेश्वरी प्रचार मंत्री, अरविंद काबरा उद्योगपति, अर्जुन गुप्ता माहेश्वरी, मनोज साबु अशोक पोरवाल, बादल माहेश्वरी, सी डब्लू ए प्रदीप काबरा, दीपक माहेश्वरी, विकास माहेश्वरी बीटू, शरद शारदा, महेश जाखेटिया, ओम प्रकाश करनानी, कमल मालपानी, अनिल मंत्री, सोहन लाल कास्ट, श्याम बिहानी, जय प्रकाश लखोटिया सभी माहेश्वरी मंडल, आदि सभी प्रमुख जन प्रमुखता से रहे।

# मोहिनी जीनवाल ने लिया पंप हाउस का जायजा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मानसून की पहली बरसात के बाद दिल्ली की सड़कों की जो हालत हुई उसे देख नगर निगम हो या दिल्ली सरकार हरकत में आ गई है। दिल्ली सरकार ने जहां जलभराव के दो सौ के करीब स्थान चिन्हित किये हैं वहीं दिल्ली नगर निगम भी सक्रिय हो गई है। दरअसल यह तो आबश था कि मानसून का आगमन होने वाला है लेकिन यह किसी को भी आभास नहीं था कि मानसून की पहली बरसात ही दिल्ली पर भारी पड़ जायेगी और इतनी तगड़ी बारिश होगी कि सारा सिस्टम ही तहस नहस हो जाएगा। इसी कड़ी के तहत वार्ड 218 सुंदर नगरी की निगम पार्षद एव स्टैंडिंग कमेटी की



सदस्य मोहिनी जीनवाल ने वार्ड के पम्प हाउस का दौरा किया। इस दौरान सफाई विभाग, मलेरिया विभाग, हॉर्टिकल्चर विभाग, एव क्षेत्रीय कार्यकर्ता शामिल रहे। मोहिनी जीनवाल ने पंप नही चलाने पर नाराजगी जताई और पम्प कर्मचारियों को चेतावनी दी यदि क्षेत्र में पानी भरा और पम्प नही चलते पाए तो अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही कराई जाएगी। मोहनी जीनवाल ने कहा वह खुद पूरे सिस्टम की निगरानी करेगी और कोताही बरतने वाले निगम कर्मियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया जाएगा।

### जलभराव में दो बच्चे डूबे

नई दिल्ली। समयपुर बादली स्थित सिरसपुर फाटक अंडरपास के पास जलभराव में दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को बाहर निकाल कर तुरंत नजदीकी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। मृतक बच्चों में से एक की पहचान गोपाल (9) के रूप में हुई जबकि दूसरे बच्चे की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब दो बजे सूचना मिली कि सिरसपुर फाटक अंडरपास के पास जलभराव में दो बच्चे फंस गए है। खबर मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और दोनों बच्चों को बाहर निकाल कर तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# स्थायी हुए सहायक प्रोफेसरों ने एडहॉक सर्विस पूरी काउंट कराने के लिए मोर्चा खोला

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न कॉलेजों में पिछले दो साल में लगभग 55 कॉलेजों में 4600 सहायक प्रोफेसर की स्थायी नियुक्ति हुई है। जिन शिक्षकों का प्रोबेशन काल पूरा हो गया है वे अब अपनी प्रमोशन के लिए आवेदन करना चाहते है। बता दें कि अभी तक दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में स्थायी नियुक्ति के बाद तदर्थ शिक्षकों की चार साल की सर्विस काउंट होती थीं। दिल्ली विश्वविद्यालय में एक साथ इतनी स्थायी नियुक्ति नहीं हुई थीं और शिक्षकों द्वारा आसानी से चार साल की एडहॉक सर्विस काउंट के बाद प्रमोशन ले लेते थे लेकिन इन शिक्षकों में 5 साल से लेकर 25 साल तक एडहॉक शिक्षक है जो अपनी पूरी सर्विस काउंट कराने के लिए शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। इन शिक्षकों ने डूटा को अपना मांग पत्र दिया है जिसमें मांग की गई है कि उनकी पूरी एडहॉक सर्विस काउंट कराई जाए जैसा 2014 से पहले पूरी सर्विस काउंट होती रही है। डूटा को मांग पत्र देने के साथ इन्होंने गूगल फॉर्म भरने की शिक्षकों से अपील की है कि वह कितने साल से एडहॉक टीचर्स के रूप में रहे हैं। अरबिंदो कॉलेज के एक शिक्षक ने बताया है कि अभी तक लगभग 1100 शिक्षकों ने गूगल फॉर्म भरा है। उनका कहना है नए शैक्षिक सत्र 2024-25 के प्रारंभ होने पर विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बनाया जाएगा और अपनी पूरी सर्विस काउंट करायेंगे। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन को डूटा ऑफिस आए कॉलेज शिक्षकों ने बताया है कि सहायक प्रोफेसर के पदों पर स्थायी नियुक्ति एक दशक बाद हुई है, कुछ कॉलेजों में तो 12 साल या उसके अधिक। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन व कॉलेज प्रिंसिपल इन शिक्षकों की समय पर नियुक्ति कर लेता तो एडहॉक टीचर्स अपनी पूरी सर्विस काउंट की मांग नहीं करते। कॉलेज स्तर पर 10 फीसदी से ज्यादा एडहॉक टीचर्स रखने का प्रावधान नहीं था लेकिन कुछ कॉलेजों में 50 से 60 फीसदी या उससे अधिक टीचर्स एडहॉक के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने बताया है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में एक दशक बाद सहायक प्रोफेसर के पदों पर यह नियुक्तियां हुई है। विश्वविद्यालय के विभागों व उससे संबद्ध विभिन्न कॉलेजों में हुई स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया में अभी तक लगभग 4600 टीचर्स परमानेंट हुए हैं। कॉलेजों में 20 जून के बाद से शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। इन परमानेंट टीचर्स में लगभग 15 फीसदी ऐसे टीचर्स है जिनके पास 10 वर्ष से लेकर 20 -22 साल तक का टीचिंग एक्सपीरियंस ( शिक्षण अनुभव ) है। एडहॉक टीचर्स की पास्ट सर्विस काउंट न किए जाने को लेकर 35 से 55 साल से अधिक उम्र के शिक्षकों में गहरा रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि हमारी एडहॉक सर्विस काउंट नहीं होगी तो हम एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर पद से वंचित रह जायेंगे। जबकि 2014 से पूर्व पूरी एडहॉक टीचर्स की पास्ट सर्विस काउंट होती थीं। फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह को पत्र लिखकर मांग की है और उन्हें लिखे पत्र में बताया है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में लंबे समय से शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण एडहॉक शिक्षकों का शिक्षण अनुभव ( टीचिंग एक्सपीरियंस ) 5, 10 वर्ष से 20--22 और उससे अधिक अनुभव रखने वाले शिक्षक है। उन्होंने बताया है कि हाल ही मंव एडहॉक टीचर्स से स्थायी हुए इन शिक्षकों में 500 से अधिक वे टीचर्स है जो 10, 15 या 20 साल सर्विस करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन यदि इन शिक्षकों की नियुक्ति समय से करता तो इनमें एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर होते लेकिन स्थायी नियुक्ति 2022 -2023 में होने से तथा उम्र ज्यादा होने के कारण इनमें बहुत से शिक्षक एसोसिएट प्रोफेसर भी नहीं बन पायेंगे क्योंकि एडहॉक टीचर्स की पास्ट सर्विस काउंट केवल 4 साल तक की जा रही है।

### खुशी वूमेन ट्रस्ट ने आयोजित किया दंत जांच शिविर

नई दिल्ली। खुशी वूमेन एंड चिल्ड्रन केयर ट्रस्ट द्वारा जीटीबी एनक्लेव पॉकेट ई में आयोजित किया गया डॉक्टर चंद्रदीप चंद्रा की टीम द्वारा 122 लोगों का दातों की जांच की गई जांच के साथ-साथ अपने दांतों की सुरक्षा कैसे की जाए। इस विषय पर डॉक्टर चंद्रदीप चंद्र द्वारा लेक्चर भी दिया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्ण नगर निगम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी कुमारी रिंकू ने किया। इस मौके पर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की उपाध्याक्षा सीमा माथुर, दीपक सागर, दीपक अरोड़ा, डॉ राकेश रमन झा, ऋषि जिंदल, पंकज सागर, रघुवीर सिंह, गीता सिंह, विजय वर्मा, अभिनय यादव, सूरत पासवान, शिविर के अंदर निशुल्क ब्रश पेस्ट मास के व गर्गल करने वाली दवाइयां इस आईसीपीए कंपनी द्वारा कंपनी द्वारा 90 मरीजों को मुफ्त वितरित किया गया।

# निमार्णाधीन कंस्ट्रक्शन साइट पर हुई दुर्घटना, तीन मजदूरों के शव बरामद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को हुई बारिश राहत और आफत एक साथ लेकर आई। वसंत विहार में निमार्णाधीन कंस्ट्रक्शन साइट पर सो रहे मजदूर गड्ढे में जा गिरे। 23 घंटे बाद शनिवार को रेस्क्यू ऑपरेशन में इन तीनों मजदूरों के शव निकाले गए। पहले दो के शव निकाले गए थे। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडर अजीत कुमार ने बताया कि तीसरे मजदूर का शव भी बरामद कर लिया गया है। यह सर्च ऑपरेशन 23 घंटे चला।

भारी बारिश के चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ। यह हादसा तब हुआ, जब निमार्णाधीन कंस्ट्रक्शन साइट पर सो रहे मजदूर रात में भूस्खलन होने की वजह से निमार्णाधीन बेसमेंट के पानी से भरे गड्ढे में जा गिरे, जिसके बाद दिल्ली पुलिस, एनडीआरफ, दमकल विभाग और कई अन्य विभागों के द्वारा उनको ढूंढने का सर्च ऑपरेशन चलाया गया। यह ऑपरेशन शुक्रवार दिनभर चलाया गया। मौके पर एंबुलेंस और डॉक्टर की टीम भी तैनात थी।

2 से 3 लोगों के गड्ढे में होने की आशंका के साथ मजदूरों का ढूंढने का कार्य किया गया। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडर अजीत कुमार के अनुसार पहला शव शनिवार सुबह करीब सवा छह बजे निकाला गया, दूसरा साढ़े आठ व तीसरे शव को नौ बजे निकाला गया। मृतकों की पहचान संतोष (19), संतोष (20) और दया राम (45) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### सांसद चंदोलिया ने करंट लगने से मारे गए 2 बच्चों के परिवार से की मुलाकात

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के महासचिव एवं सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने उत्तर पश्चिम दिल्ली के सिरसपुर अंडरपास में फंसकर करंट लगने से 2 बच्चों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री चंदोलिया ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल में एक बच्चे के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और दिल्ली भाजपा की ओर से संवेदनाएं व्यक्त की। साथ हीउन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दूसरे बच्चे कई अभी पहचान नही हुई है। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि जब मंत्रियों को लोगों के लिए काम करना चाहिए, वे अपने जेल में बंद मुख्यमंत्री का समर्थन करने के लिए बयान देने में व्यस्त हैं। सांसद श्री चंदोलिया ने आज सवाल उठाया कि जब दिल्ली वालों को पिछले दशक की सबसे भयंकर बारिश का सामना करना पड़ा, तब आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद, प्रमुख मंत्री, विधायक और पार्षद कहां थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले जानना चाहते हैं कि जब दिल्ली ने पिछले दशक की सबसे भयंकर बारिश का सामना किया, तब दिल्ली वालों के खर्चे पर सुविधाएं उठाने वाले सांसद संजय सिंह कहां थे। इसी तरह, आप सांसद एन.डी. गुप्ता और सुश्री स्वाति मालीवाल की अनुपस्थिति चौंकाने वाली है। श्री चंदोलिया ने कहा कि एन.डी. गुप्ता पिछले 6 वर्षों से दिल्ली के सांसद हैं, लेकिन किसी ने उन्हें कभी दिल्ली वालों के किसी भी मुद्दे पर खड़ा होते नहीं देखा। सांसद चंदोलिया ने कहा कि यहां तक कि आप के विधायक और पार्षद भी गायब थे और मैं इसके लिए 3 सबूत देता हूँ। किराड़ी में करंट लगने से 39 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई और मैंने दो बार उनके परिवार से मुलाकात की, उन्हें उनके पैतृक गांव जाने में मदद की, लेकिन स्थानीय आप विधायक ने उनसे मुलाकात नहीं की।

# सांसद चंदोलिया ने करंट लगने से मारे गए 2 बच्चों के परिवार से की मुलाकात

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली भाजपा के महासचिव एवं सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने उत्तर पश्चिम दिल्ली के सिरसपुर अंडरपास में फंसकर करंट लगने से 2 बच्चों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री चंदोलिया ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल में एक बच्चे के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और दिल्ली भाजपा की ओर से संवेदनाएं व्यक्त की। साथ हीउन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दूसरे बच्चे कई अभी पहचान नही हुई है। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि जब मंत्रियों को लोगों के लिए काम करना चाहिए, वे अपने जेल में बंद मुख्यमंत्री का समर्थन करने के लिए बयान देने में व्यस्त हैं। सांसद श्री चंदोलिया ने आज सवाल उठाया कि जब दिल्ली वालों को पिछले दशक की सबसे भयंकर बारिश का सामना करना पड़ा, तब आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद, प्रमुख मंत्री, विधायक और पार्षद कहां थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले जानना चाहते हैं कि जब दिल्ली ने पिछले दशक की सबसे भयंकर बारिश का सामना किया, तब दिल्ली वालों के खर्चे पर सुविधाएं उठाने वाले सांसद संजय सिंह कहां थे। इसी तरह, आप सांसद एन.डी. गुप्ता और सुश्री स्वाति मालीवाल की अनुपस्थिति चौंकाने वाली है। श्री चंदोलिया ने कहा कि एन.डी. गुप्ता पिछले 6 वर्षों से दिल्ली के सांसद हैं, लेकिन किसी ने उन्हें कभी दिल्ली वालों के किसी भी मुद्दे पर खड़ा होते नहीं देखा। सांसद चंदोलिया ने कहा कि यहां तक कि आप के विधायक और पार्षद भी गायब थे और मैं इसके लिए 3 सबूत देता हूँ। किराड़ी में करंट लगने से 39 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई और मैंने दो बार उनके परिवार से मुलाकात की, उन्हें उनके पैतृक गांव जाने में मदद की, लेकिन स्थानीय आप विधायक ने उनसे मुलाकात नहीं की। नए उस्मानपुर में डूबने से 2 बच्चों की मौत हो गई, जबकि वसंत विहार में एक निर्माण स्थल पर 3 मजदूर लापता हो गए, लेकिन स्थानीय आप विधायकों ने प्रभावित परिवारों को कोई मदद नहीं पहुंचाई।

# रिज एरिया में 1100 पेड़ किसके आदेश पर कटे, मंत्रियों की तीन सदस्यीय कमेटी तलाशेगी सच

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दक्षिणी दिल्ली के रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में डीडीए द्वारा अवैध रूप से 1100 पेड़ काटने पर केजरीवाल सरकार ने सख्त रूख अपनाया है। इस संबंध में शनिवार को सरकार के सभी मंत्रियों की बैठक हुई। तबीयत खराब होने की वजह से कैबिनेट मंत्री आतिशी ने ऑनलाइन हिस्सा लिया। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि इन पेड़ों को काटने का आदेश किसने दिया, इसकी सच्चाई पता करने के लिए मंत्रियों की तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई है। कमेटी में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी और इमरान हुसैन शामिल हैं। बिना अनुमति के काटे गए पेड़ों के मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। कोर्ट यह जानना चाहता है कि किसके आदेश पर ये पेड़ काटे गए। यह कमेटी इसकी सच्चाई पता कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसे हम कोर्ट के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि डीडीए के कुछ इंजीनियर्स के ईमेल से पता चला है कि एलजी ने रिज क्षेत्र का दौरा किया था और उनके मौखिक आदेश पर पेड़ काटे गए। इस बारे में हमने वन विभाग को कई बार नोटिस देकर स्टेटस रिपोर्ट मांगी है, लेकिन अभी तक नहीं मिली है।

कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन के साथ प्रेसवार्ता कर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली के लोगों को प्रदूषण और हीट वेव जैसे प्रकृतिक प्रकोप से बचाने के लिए काफी गंभीर है। इसके लिए दिल्ली में ग्रीन बेल्ट को बढ़ाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को 10 गारंटियां दी थीं। इसमें से एक गारंटी यह थी कि दिल्ली में 5 साल के अंदर 2 करोड़ पौधे लगाकर हरित क्षेत्र को बढ़ाया जाएगा। हमें इस बात की खुशी है कि सभी संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर हमने 4 साल में ही 2 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा किया। इस साल हीट वेव के बाद लोगों की चिंता बढ़ी है। इसे देखते हुए सरकार सभी एजेंसियों के साथ मिलकर अगले वित्तीय वर्ष में 64 लाख पौधे लगाने का निर्णय लिया है।

गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के छतरपुर, सतबड़ी से चौंकाने वाली घटना सामने आई है कि फरवरी के महीने में डीडीए ने सभी नियमों का उल्लंघन करते हुए किसी एजेंसी या सरकारी से अनुमति के बिना 1100 पेड़ काट दिए। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है। डीडीए के उपाध्यक्ष से कोर्ट बार-बार यही पूछ रहा है कि राजधानी दिल्ली में किसके आदेश पर 1100 पेड़ अवैध तरीके से काट दिए गए। कोर्ट पूछ रहा है कि क्या यह आदेश एलजी ने दिए थे, क्योंकि डीडीए के कुछ इंजीनियर्स के कम्यूनिकेशन से पता चलता है कि एलजी ने छतरपुर के फॉरेस्ट रिजर्व क्षेत्र का दौरा किया था और उनके मौखिक आदेश पर यह पेड़ काटे गए। सुप्रीम कोर्ट इसकी सच्चाई जानना चाहता है। कोर्ट ने डीडीए के उपाध्यक्ष को अलगी सुनवाई तक अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। साथ ही, 26 जून की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने वन विभाग को अपनी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। गोपाल राय ने कहा कि सारी जानकारी मिलने के बाद 26 जून को शाम 4:30 बजे दिल्ली सचिवालय में वन विभाग के उच्च अधिकारी के साथ बैठक की। जिसमे उन्होंने बताया कि वन विभाग ने डीडीए को दिल्ली के दो अलग-अलग इलाकों में अवैध तरीके से पेड़ काटने के संबंध में 5 और 22 मार्च को दो नोटिस भेजे, लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मैंने उन्हें 27 जून को 11 बजे तक फरवरी से अब तक घटी सभी घटनाओं की लिखित रिपोर्ट जमा कराने के निर्देश दिया। लेकिन जब 11 बजे तक हमारे पास रिपोर्ट नहीं आई तब हमारे कार्यालय ने वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया गया। जिसपर उन्होंने कहा कि आप पहले हमें लिखित में निर्देश दें उसके बाद हम सारी रिपोर्ट जमा कराएंगे। इसके बाद हमने मीटिंग के मिनट्स के साथ वन विभाग को लिखित निर्देश दिया कि वह 28 जून को 11 बजे तक हमें सारे फैक्ट्स की रिपोर्ट भेजें। लेकिन 28 जून को भी हमारे पास कोई रिपोर्ट नहीं आई। गोपाल राय ने बताया कि वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वह छुट्टी पर चले गए हैं। जिसके बाद हमने 28 जून को फिर अगला नोटिस भेजा, चूंकि यह बहुत गंभीर मामला है दिल्ली के लोग संकट से जूझ रहे हैं। इसके लिए हम दिल्ली में एक-एक पेड़ बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरह देश की राजधानी में बिना अनुमति के 1100 पेड़ काट दिए गए।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 23 / 2024—2025 दिनांक 12.06.2024

(i) निविदा संख्या 09215002B 04.07.2024 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में निम्नलिखित शर्तों में परिवर्तन किया गया है।

(i) हेडर मे, निरीक्षण एजेंसी को टीपीआई एजेंसी से कंसाइनी कर दिया किया गया है।

(ii) तकनीकी अनुपालन के तहत, टीपीआई एजेंसी द्वारा निरीक्षण को कंसाइनी द्वारा निरीक्षण में संशोधित किया गया है ''कंसाइनी द्वारा निरीक्षण का तात्पर्य है कि निरीक्षण आरडीएसओ की अनुमोदित गुणवत्ता आश्वासन योजना के अनुसार फर्म के परिसर में रेलवे एजेंसी यानी आरडीएसओ द्वारा किया जाएगा''।

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1970/24

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 30 जून, 2024

# श्री वेंकटेश्वरा के 27 छात्रों का पी.आई.सी.एल.लिमिटेड कम्पनी में इंजीनियर के पदों पर चयन

## नौकरी पाकर छात्र-छात्राओं में खुशी का लहर, आगामी आठ जुलाई से होगी ज्वाईनिंग

- विश्वविद्यालय के हजारों युवाओं को मिला स्थायी रोजगार एवं सम्मानित कैरियरः डा. राजीव त्यागी

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा/गजरौला। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में देश की प्रतिष्ठित मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल कम्पनी पी.आई.सी.एल. लिमिटेड द्वारा कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव- 2024 का आयोजन किया गया, जिसमें गजरौला एवं मेरठ परिसर के 300 से अधिक छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया। कई राउण्ड के कठिन साक्षात्कार के बाद कम्पनी ने 27 छात्र-छात्राओ को जॉब के लिए चयनित कर संस्थान प्रबन्धन के साथ मिलकर उनको ऑफर लेटर प्रदान किये। वैंकटेश्वरा समूह संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने चयनित छात्र-छात्राओ को शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा वैंकटेश्वरा के छात्र-छात्राऐ देश-विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे है। हम अपने यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओ को शानदार, सुरक्षित एवं स्थायी कैरियर देने के लिए दृढ संकल्पित है। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के डा. सी.वी. रमन सभागार में कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव-2024 का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, नवनियुक्त कुलपति प्रो.(डा.) कृष्ण कान्त दवे, कम्पनी के प्रबन्धक एच.आर. श्री अखिलेश यादव एवं सहायक मैनेजर विक्रम सिंह, प्लेसमेंट अधिकारी डा. अनिल जायसवाल आदि ने सरस्वती माँ के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि वैश्विक मंदी एवं कोरोना महामारी के बाद भी देश के स्किल्ड युवाओ विशेष रूप से इंजीनियरिंग, आई.टी., प्रबन्धन एवं वाणिज्य सेक्टर में ढेरो रोजगार सम्भावनाएं है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के स्किल इण्डिया-डिजीटल इण्डिया जैसी कल्याणकारी शानदार योजनाओ से प्रेरणा लेकर देश निरन्तर विकास की ओर अग्रसर है। हम अपने यहाँ अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओ को एक सुरक्षित कैरियर देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे यहाँ इंजीनियरिंग, प्रबंधन एवं बिजिनेस स्टडीज के छात्र-छात्राऐ देश विदेश मे उच्च पदो पर कार्यरत है।

- इस अवसर पर ग्रुप सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डेय, प्लेसमेंट अधिकारी डा. अनिल जायसवाल, डीन इंजीनियरिंग डा. आशुतोष सिंह, डा. राजेश सिंह, डा. सर्वानन्द साहू, डा. दिव्या गिरधर, आई.टी. हेड विशाल शर्मा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट मैनेजर सौरभ मित्रा, सलाहकार आर.एस. शर्मा, मारूफ चौधरी, डा. सचान, डा. चारू अग्रवाल एवं मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह, अरूण गोस्वामी, डा. विवेक सचान, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली पुलिस ने तीन घंटे तक कार का पीछा कर अगवा भाई-बहन को बचाया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस ने करीब तीन घंटे तक कार का पीछा करके लक्ष्मी नगर इलाके से अपहृत भाई-बहन को बचा लिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने भाई-बहन के माता-पिता से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार रात 11:30 बजे एक लड़के (3) और एक लड़की (11) का उनकी ही कार में अपहरण किये जाने की सूचना मिली थी। गुप्ता ने कहा कि भाई-बहन के पिता ने पुलिस को बताया कि बच्चे शकरपुर इलाके में विकास मार्ग पर एक मशहूर मिठाई की दुकान के सामने कार में बैठे थे। उन्होंने बताया कि वह और उनकी पत्नी मिठाई खरीदने के लिए दुकान के अंदर गए थे, तभी एक व्यक्ति पार्किंग कर्मचारी होने की आड़ में उनकी कार में आकर बैठ गया। उन्होंने बताया कि आरोपी कार को लेकर फरार हो गया, जिसमें दोनों बच्चे बैठे थे।

उपायुक्त ने बताया कि आरोपी ने बच्चों को डराकर शांत रहने को कहा। उन्होंने बताया कि गाड़ी चलाते समय आरोपी ने दूसरे मोबाइल फोन से दंपति को फोन किया और 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर आरोपी और बच्चों का पता लगाने के लिए दो टीम बनाई गईं। गुप्ता ने बताया कि एक टीम का नेतृत्व शकरपुर थाना प्रभारी (एसएचओ) कर रहे थे और बच्चों की मां भी उनके साथ थीं, जबकि दूसरी टीम का नेतृत्व लक्ष्मी नगर थाने के एसएचओ कर रहे थे और बच्चों के पिता उनके साथ थे।

उपायुक्त ने बताया कि पुलिस अधिकारियों की करीब 20 गाड़ियों द्वारा करीब तीन घंटे तक पीछा करने के बाद अपहरणकर्ता ने बच्चों के साथ समयपुर बादली इलाके के पास कार छोड़ दी और भाग निकला। अधिकारी ने बताया कि इस बीच आरोपी ने दिल्ली की सड़कों पर 100 किलोमीटर से अधिक समय तक गाड़ी चलाई। उन्होंने बताया कि आखिरकार पुलिस बच्चों को बचाने में कामयाब रही, जो सुरक्षित हैं।

गुप्ता ने बताया कि बच्चों को उनके माता-पिता को सौंपा गया है। अधिकारी ने बताया कि गहने, मोबाइल फोन समेत कार में रखी मूल्यवान वस्तुएं कार से सुरक्षित मिली क्योंकि पुलिस द्वारा लगातार पीछा किये जाने के कारण अपहरणकर्ता को इन्हें ले जाने का वक्त नहीं मिला। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दलों का गठन किया गया है।

# अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली सीबीआई की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 14 दिन की न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। केजरीवाल को तीन दिन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद सीबीआई ने अदालत में पेश किया।

विशेष न्यायाधीश सुनयना शर्मा ने आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख को जेल भेजने के अनुरोध वाली याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्यमंत्री को दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को केजरीवाल को धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को निचली अदालत से जमानत मिल गई थी, जिस पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी थी।

### भ्रष्टाचार है जलभराव की मुख्य वजह : जितेन्द्र महाजन

नई दिल्ली। मानसून की पहली बारिश ने लोक निर्माण विभाग की मानसून के दौरान जल भराव ना होने देने के दावे की पोल खोल दी। यह कहना है रोहताश नगर के विधायक जितेन्द्र महाजन का। जितेन्द्र महाजन कहते हैं रोहताश नगर विधानसभा में पहली वर्षा के दौरान ही एलआईजी, एमआईजी, रामनगर, कबूल नगर मंडोली रोड आदि कॉलोनियों में कई-कई फुट जल भराव हो गया और वर्षा का पानी लोगों के घरों में घुस गया। जिससे लोगों को पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही के कारण आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ा। विधायक जितेंद्र महाजन के अनुसार अधिकारियों को बार-बार सचेत करने पर भी विभाग ने जलभराव रोकने के लिए नालों की गाद निकालने का काम पम्प हाउसों की रिपेयर का काम पूरा नहीं किया। आज सुबह वर्षा के दौरान लोनी रोड पंप हाउस से कर्मचारी ही नदारद थे। विधायक जितेंद्र महाजन के अनुसार नालों से गाद निकालने और पंप हाउसों के रखरखाव के नाम पर बहुत बड़ा भ्रष्टाचार दिल्ली सरकार और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है विधायक जितेंद्र महाजन ने माननीय उपराज्यपाल से मांग की कि जल भराव के नाम पर किए जा रहे भ्रष्टाचार की सतर्कता विभाग से जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए साथ ही साथ पीडब्ल्यूडी विभाग लापरवाही के कारण सैकड़ो लोगों को जो आर्थिक नुकसान हुआ है उसकी भी क्षतिपूर्ति करवाई जाए। विधायक जितेंद्र महाजन ने स्थानीय आरडब्ल्यूए और सामाजिक संगठनों के साथ कल प्रातः 10:00 बजे रोहतास नगर विधानसभा में स्थित पीडब्ल्यूडी के सभी पंप हाउसों के बाहर प्रदर्शन करने की भी घोषणा की।

### हर्ष मल्होत्रा के सम्मान में समारोह आयोजित

नई दिल्ली। गीता कॉलोनी में सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के सम्मान में कार्यक्रम किया गया जिसमे ऑटो रिक्शा चालक यूनियन की और से यूनियन के महासचिव राजेंद्र सोनी ने हर्ष मल्होत्रा को पगड़ी एवं डॉक्टर रायजीत भट्टाचार्य ने पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में हर्ष मल्होत्रा ने कहा दिल्ली के ऑटो चालकों ने भारतीय जनता पार्टी को चुनाव में जो समर्थन दिया उसी का परिणाम है हम दिल्ली की सातों सीटों पर भारी बहुमत से जीते इसके लिए आप सभी का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा मोदी जी की गारंटी से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए, ई श्रम कार्ड से ऑटो चालकों को जोड़ा गया जिससे इन्हे 60 साल के होने के बाद 3 हजार रुपया महीना पेंशन मिलेगी, एक्सीडेंट से मृत्यु होने पर 2 लाख, घायल होने पर एक लाख मिलेगा।

उन्होंने दिल्ली सरकार पर दिल्ली में आयुष्मान योजना न लागू करने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि योजना लागू न होने कारण दिल्ली के निवासी इससे वंचित है जिसमे 75 प्रतिशत केंद्र। सरकार ने देने का वादा किया लेकिन दिल्ली सरकार न नही माना। सम्मान समारोह को पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल, डॉक्टर जयवीर भट्टाचार्य, निगम पार्षद संदीप कपूर एवम मंडल अध्यक्ष कमल बुद्धिराजा ने भी संबोधित किया। पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा समाज के हर वर्ग की चिंता कर उसके जीवन में आने वाली परेशानी को दूर करना ही मोदी सरकार का संकल्प है इसी के तहत ऑटो रिक्शा चालकों को होने वाली परेशानी दूर हो उनके लिए ऑटो स्टैंड बने, विश्राम ग्रह का निर्माण हो उनको मुफ्त एक्सीडेंटल बीमे का लाभ मिले एवम उनके बच्चो को मुफ्त उच्च शिक्षा मिले यही मोदी जी की गारंटी है।

# दिल्ली में अगले कुछ दिन भारी बारिश का पूवार्नुमान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में अगले दो दिनों में भारी बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शहर में 88 वर्षों की रिकॉर्ड तोड़ बारिश के साथ पहुंचे मानसून के एक दिन बाद शनिवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने अगले चार दिन भारी बारिश का पूवार्नुमान व्यक्त करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

इसने कहा, दिल्ली में पूरे दिन मध्यम से भारी बारिश की संभावना है, रविवार तथा सोमवार को और अधिक भारी बारिश होने का अनुमान है। दिल्ली के रोहिणी और बुराड़ी सहित कई इलाकों में सुबह के समय बारिश हुई। दोपहर बाद भी शहर में कई जगह बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले सात दिन गरज के साथ भारी बारिश का पूवार्नुमान किया है। आईएमडी के अनुसार, एक दिन में 7.6 से 35.5 मिलीमीटर के बीच वर्षा मध्यम वर्षा की श्रेणी में आती है, और एक दिन में 64.5 से 124.4 मिमी के बीच वर्षा भारी वर्षा कहलाती है। इसने कहा कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आर्द्रता का स्तर 80 प्रतिशत रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे तक 108 के साथ मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। दिल्ली में शुक्रवार को मानसून का आगमन होने के साथ तीन घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश के कारण दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस दौरान उड़ानों का परिचालन स्थगित करना पड़ा। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में जलभराव हो गया। बारिश से संबंधित घटनाओं में सात अन्य लोगों की भी मौत हो गई।

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को 228.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो 1936 के बाद जून माह में अब तक की सर्वाधिक वर्षा है। आईएमडी के अनुसार, शहर के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग में 228.1 मिमी, लोधी रोड मौसम भवन में 192.8, रिज में 150.4, पालम में 106.6 और आयानगर में 66.3 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### भ्रष्टाचार है जलभराव की मुख्य वजह : जितेन्द्र महाजन

नई दिल्ली। मानसून की पहली बारिश ने लोक निर्माण विभाग की मानसून के दौरान जल भराव ना होने देने के दावे की पोल खोल दी। यह कहना है रोहताश नगर के विधायक जितेन्द्र महाजन का। जितेन्द्र महाजन कहते हैं रोहताश नगर विधानसभा में पहली वर्षा के दौरान ही एलआईजी, एमआईजी, रामनगर, कबूल नगर मंडोली रोड आदि कॉलोनियों में कई-कई फुट जल भराव हो गया और वर्षा का पानी लोगों के घरों में घुस गया। जिससे लोगों को पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही के कारण आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ा। विधायक जितेंद्र महाजन के अनुसार अधिकारियों को बार-बार सचेत करने पर भी विभाग ने जलभराव रोकने के लिए नालों की गाद निकालने का काम पम्प हाउसों की रिपेयर का काम पूरा नहीं किया। आज सुबह वर्षा के दौरान लोनी रोड पंप हाउस से कर्मचारी ही नदारद थे। विधायक जितेंद्र महाजन के अनुसार नालों से गाद निकालने और पंप हाउसों के रखरखाव के नाम पर बहुत बड़ा भ्रष्टाचार दिल्ली सरकार और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है विधायक जितेंद्र महाजन ने माननीय उपराज्यपाल से मांग की कि जल भराव के नाम पर किए जा रहे भ्रष्टाचार की सतर्कता विभाग से जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए साथ ही

# विशेष अदालत ने सीएम केजरीवाल को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत भेजा

कथित शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 14 दिन की न्यायिक हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा कि जांच और न्याय के हित में उनकी हिरासत आवश्यक है। विशेष न्यायाधीश सुनयना शर्मा ने याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। इससे पहले केजरीवाल को तीन दिन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद सीबीआई ने अदालत में पेश किया। सीबीआई ने अपनी रिमांड याचिका में कहा कि हिरासत में पूछताछ के दौरान केजरीवाल ने जांच में सहयोग नहीं किया और जानबूझकर गोलमोल जवाब दिए। याचिका में कहा गया, सबूतों के सामने रखे जाने पर उन्होंने दिल्ली की आबकारी नीति 2021-22 के तहत थोक विक्रेताओं के लिए लाभ मार्जिन पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने के संबंध में उचित और सही जवाब नहीं दिया। याचिका में कहा गया, वह यह भी नहीं बता सके कि कोविड की दूसरी लहर के चरम के दौरान, संशोधित आबकारी नीति के लिए मंत्रिमंडल की मंजूरी एक दिन के भीतर जल्दबाजी में कैसे प्राप्त की गई, जबकि साउथ ग्रुप के आरोपी व्यक्ति दिल्ली में डेरा डाले हुए थे और उनके करीबी सहयोगी विजय नायर के साथ बैठकें कर रहे थे। याचिका में कहा गया है कि केजरीवाल ने दिल्ली में शराब कारोबार के विभिन्न हितधारकों के साथ अपने सहयोगी विजय नायर की बैठकों के बारे में सवालों को टाल दिया और वह मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी, आरोपी अर्जुन पांडे और आरोपी मूथा गौतम के साथ अपनी बैठक के बारे में उचित स्पष्टीकरण देने में असमर्थ रहे। याचिका में कहा गया कि केजरीवाल ने 2021-22 के दौरान गोवा विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी द्वारा 44.54 करोड़ रुपये की अवैध धनराशि के अंतरण और उपयोग के बारे में भी सवालों को टाल दिया। याचिका में कहा गया, केजरीवाल जानबूझकर मामले से संबंधित उचित और प्रासंगिक सवालों से बच रहे हैं। याचिका में कहा गया है कि वह एक प्रमुख नेता और दिल्ली का मुख्यमंत्री होने के नाते एक बहुत ही प्रभावशाली व्यक्ति हैं, ऐसे में यह मानने के ठोस कारण हैं कि वह हिरासत में पूछताछ के दौरान गवाहों और सबूतों को प्रभावित कर सकते हैं तथा जांच में बाधा डाल सकते हैं। याचिका में कहा गया कि चूंकि कुछ महत्वपूर्ण गवाहों का परीक्षण अभी बाकी है और दस्तावेज या डिजिटल साक्ष्य एकत्र किए जाने हैं, इसलिए द्वाह्यजांच और न्याय के हित में केजरीवाल की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया जाता है।

# निगम की लापरवाही से जल जनित बीमारियों के संक्रमण का खतरा : संजीव शर्मा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



निगम कर्मचारियों द्वारा नालें एवं नालियों से निकाले गए कूड़े के उसी दिन न उठने से ईस्ट गोरख पार्क क्षेत्र में बढ़ रहा है डेंगू, मलेरिया एवं मौसमी बीमारियों के संक्रमण का खतरा, ऐसा कहना है सुपर वेलफेयर काउंसिल ईस्ट गोरख पार्क आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष संजीव शर्मा का। संजीव शर्मा ने कहा कि दिल्ली में बारिश का मौसम शुरू हो गया है और इस मौसम में जगहों जगहों पर पानी भी एकत्रित हो जाता है जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के संक्रमण का खतरा भी बना रहता है तो ऐसे में दो चीजें बहुत महत्वपूर्ण है,पहली क्षेत्र में निरंतर साफ सफाई होना, नालियों और नालों में से कूड़ा निकलना, नगर निगम की कूड़े वाली गाड़ियों का निरंतर गलियों में आना ताकि क्षेत्र के लोग अपने घरों के कूड़े को गाड़ी में डाल सके और दूसरी महत्वपूर्ण चीज यह है कि निगम कर्मचारी जो कूड़ा नालों से और नालियों से निकालते है वह कूड़ा उसी दिन उठ जाए क्योंकि एकत्रित हुई गंदगी ऐसे मौसम में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों के संक्रमण के खतरे को बढ़ाती है। संजीव शर्मा ने कहा कि ईस्ट गोरख पार्क क्षेत्र में साफ सफाई तो निरंतर होती है, रोज निगम के कर्मचारी आते है और सड़कों की साफ सफाई करते है, नालियों में से कूड़ा निकालते है लेकिन निगम की जिस गाड़ी को रोज आ कर नालियों के निकले हुए कूड़े को उठाना चाहिए वह गाड़ी हमारे ईस्ट गोरख पार्क क्षेत्र से गायब है जिस वजह से नालियों से निकला हुआ कूड़ा सड़कों के किनारे कई दिनों तक पड़ा रहता है जो न केवल क्षेत्र को अस्वच्छ करता है बल्कि डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों के संक्रमण के खतरे को भी बढ़ाता है। संजीव शर्मा ने आगे बताया कि नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी भी कभी-कभी गलियों में कूड़ा लेने आती है लेकिन विडंबना यह है कि उस दिन कुड़े की गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर के साथ न तो कोई सहायक होता है, न ही इनके पास कूड़ा उठाने के लिए कोई फावड़ा या साधन होता है और ज्यादातर समय तो कूड़े की गाड़ी इतनी भरी हुई होती है कि कूड़ा डालने के बजाए गाड़ी से कूड़ा उड़कर सड़कों पर गिर रहा होता है। संजीव शर्मा ने आगे कहा कि मैं निगम के अधिकारियों को यह सलाह दूंगा कि वह बिना संसाधन के गाड़ियां तो भेज देते है लेकिन उन्हें क्षेत्रों में आ कर निरीक्षण और जनता से पूछना चाहिए कि क्या नगर निगम अपने मूलभूत कार्यों को करने में सफल हो भी रहा है या नहीं? संजीव शर्मा ने आगे कहा कि आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी होने के नाते क्षेत्र के लोगों से हमें निरंतर इस समस्या से संबंधित कई शिकायतें मिल रही है इसलिए मैं निगम के संबंधित अधिकारियों से यह अनुरोध करूंगा कि जनता की इस समस्या को हल करने के लिए जल्द से जल्द उचित प्रयास किए जाए क्योंकि प्रशासन की कमी का नुकसान आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# खुशी वूमेन ट्रस्ट ने आयोजित किया दंत जांच शिविर

नई दिल्ली। खुशी वूमेन एंड चिल्ड्रन केयर ट्रस्ट द्वारा जीटीबी एनक्लेव पॉकेट ई में आयोजित किया गया डॉक्टर चंद्रदीप चंद्रा की टीम द्वारा 122 लोगों का दातों की जांच की गई जांच के साथ-साथ अपने दांतों की सुरक्षा कैसे की जाए। इस विषय पर डॉक्टर चंद्रदीप चंद्र द्वारा लेक्चर भी दिया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्ण नगर निगम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी कुमारी रिंकू ने किया। इस मौके पर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की उपाध्याक्षा सीमा माथुर, दीपक सागर, दीपक अरोड़ा, डॉ राकेश रमन झा, ऋषि जिंदल, पंकज सागर, रघुवीर सिंह, गीता सिंह, विजय वर्मा, अभिनय यादव, सूरत पासवान, शिविर के अंदर निशुल्क ब्रश पेस्ट मास के व गर्गल करने वाली दवाइयां इस आईसीपीए कंपनी द्वारा कंपनी द्वारा 90 मरीजों को मुफ्त वितरित किया गया।

# केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी का भाजपा के खिलाफ देश भर में प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी और केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने शनिवार को देश भर में विरोध-प्रदर्शन किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत दिल्ली, उप्र, पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात समेत देश के 21 राज्यों में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कई जगहों पर पार्टी कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में भी लिया। राजधानी दिल्ली विरोध-प्रदर्शन का केंद्र रहा। दिल्ली सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद और पदाधिकारियों के अलावा दिल्ली के कोने-कोने से भारी संख्या में आए पार्टी कार्यकर्ता पहले पार्टी मुख्यालय पर एकत्र हुए। बीमार होने के बावजूद कैबिनेट मंत्री आतिशी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं और कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया। यहां से वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ता नारे लिखे पोस्टर-बैनर लिए भाजपा मुख्यालय की तरफ कूच किए तो दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया। इसके विरोध में कार्यकर्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। कार्यकताओं ने भाजपा और मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अरविंद केजरीवाल को जल्द रिहा करने की मांग की। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई से अवैध गिरफ्तारी कराने के खिलाफ पार्टी ने देशभर के 21 राज्यों के भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस देशव्यापी प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए दिल्ली के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जेल में हैं तो उनके सिपाही सड़क पर उनकी आवाज बुलंद कर रहे हैं। दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में एक नया परिवर्तन किया। अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के लोग अपना भाई-बेटा और हीरो मानते हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली ने 30 फीसदी प्रदूषण कम किया है और गांवों के विकास के लिए 900 करोड़ रुपये आवंटित किया है। दिल्ली में मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी देश के दूसरे राज्यों की तुलना में दोगुना है। दिल्ली में सबसे ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसी दौरान कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने देश में हर वर्ग के लिए आवाज उठाई है। ईडी की ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। कोर्ट के 25 पेज के आदेश में साफ-साफ लिखा था कि वह बेकसूर हैं। लेकिन आदेश आने से पहले ही ईडी ने हाई कोर्ट जाकर गैर कानूनी तरीके से उनकी जमानत रुकवा दी। वहीं आम आदमी की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नींव रखने के साथ ही अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को उनके अधिकार दिलाने का हमारा यह संघर्ष शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता अपने घरों से बाहर निकली और उन लोगों को सत्ता से उखाड़ फेंका, जिन्होंने आखिरी पंक्ति में खड़े लोगें के हक और अधिकार हड़पने का प्रयास किया। यह शेर दिल्ली का लाल अरविंद केजरीवाल है। हम सबका भाई, दिल्ली का बेटा अरविंद केजरीवाल केवल भाजपा सरकार के गहरे षड़यंत्र की वजह से जेल के अंदर है। वहीं आतिशी तबीयत होने के बाद भी वह भाजपा के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं। दिल्लीवालों के हक का पानी दिलाने के लिए आतिशी ने पानी सत्याग्रह किया था। वे अनशन पर चार दिनों तक बैठी रहीं और पांचवें दिन ब्लड शुगर और बीपी लो होने पर उनकी तबीयत खराब हो गई और उनको अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। अब वो अस्पताल से घर आ चुकी हैं, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने के लिए बोला है। फिर भी वो अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी को लेकर पार्टी के विशाल विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं।

**सूचना** परेशान कर दिया जाता कि वे उठकर कुछ करने लायक नही बचते।

# दिग्विजय के चलते कांग्रेस की हुई हालत इतनी खराब : रोकड़े

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली स्थित गांधी शांति प्रतिष्ठान प्रेसवार्ता के दौरान म.प्र. में गुरुदेव के नाम से प्रसिद्ध लेखक व विचारक तथा राजनीतिक रणनीतिकार भास्कर राव रोकड़े द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को प्रदेश में हाशिये में पहुंची कांग्रेस का जिम्मेदार ठराया। उन्होंने बताया 1980 के बाद म.प्र.में राजघरानों व पूर्व सामंतों के वंशजो ने अघोषित सामंतवाद स्थापित कर लिया। सन 1980 के बाद म.प्र.में कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व कर रहे सामंतवादियों ने पिछड़ी व अत्यंत पिछड़ी जातियों से किसी को भी आगे बढ़ने नही दिया। उन्हें इतना परेशान कर दिया जाता कि वे उठकर कुछ करने लायक नही बचते। कहा पूर्व मुख्यमंत्री स्व.अर्जुन सिंह ने पिछड़ी जातियों के लिए सर्वहारा शब्द का उपयोग किया, तो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह उनसे चार कदम आगे चलते हुए वंचितों के मसीहा बनने लगे। लेकिन उन्होंने एससी, एसटी, ओबीसी, ईबीसी नेताओं को कुचक्र में फंसाकर उनकी संभावनाओं पर ही विराम लगा दिया। जिसके कारण पिछड़ी जातियों से नेतृत्व उभरकर सामने नहीं आ पाया। दिग्विजय सिंह की सामंती सोच के कारण ही प्रदेश में कांग्रेस के किसी भी नेता को सफल नही होने दिया। इसमें कमलनाथ भी शामिल है। जिसके कारण प्रदेश कांग्रेस के पक्ष में वातावरण होते हुए भी पार्टी को बुरी तरह से पराजय का सामना करना पड़ा। दिग्विजय सिंह के कारण म.प्र. में कांग्रेस बहुत-अधिक कमजोर हो गई है। उन्होंने 2018 में कमलनाथ के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद दिग्विजय सिंह पर उनके और प्रदेश कार्यालय में अपने करीबियों को नियुक्त कर कमलनाथ की लोकप्रियता को कम करने का आरोप लगाया। बताया 2020 में कमलनाथ सरकार के गिरने का कारण दिग्विजय सिंह ही थे. जिसके संकेत उन्होंने कमलनाथ को भी दिए था। दिग्विजय सिंह ने तिकड़म-बाजी कर सन 2018 के विधानसभा चुनाव में भी 45 टिकट गलत दिलाभी आरोप लगाया। रोकड़े ने बताया कि लोकसभा चुनाव के समय मप्र की 29 में से 28 सीटों की टिकट दिग्विजय सिंह के मर्जी से ही दिए गए। जिसके कारण मप्र में 14 सीटों पर जीत की उम्मीद थी किन्तु कांग्रेस जीरो पर पहुंच गयी। जबकि 7 फरवरी रोकड़े ने कहा था कि प्लानिंग के अनुरूप चुनाव जीतने योग्य उम्मीदवारों को टिकट दी गई, तो 29 में से 14 सीटों में कांग्रेस को सफलता मिल सकती है. रोकड़े ने बताया कि पुरातत्व महत्व के किलो व महलों से राजघरानों के वंशजों को खाली कराने, सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष करने, आउटसोर्सिंग प्रणाली से भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने, सरकारी व निजी क्षेत्र में एकसमान वेतन हेतु न्यूनतम वेतन अधिनियम लागू करने, पुनः 8 घंटे की शिफ्ट ड्यूटी लागू करने तथा पूर्ववत श्रम कानूनो को लागू करने, आबादी के अनुपात में आरक्षण लागू करने हेतु जातिगत जनगणना करने, ओबीसी व ईबीसी को समानता का अधिकार देने तथा इंडस्ट्री सेंट्रिक कम्युनिटी फार्मिंग सिस्टम से किसानों को नवक्रान्ति से जोड़ने हेतु 2 मई 2022 को मप्र के रीवा नगर से सम्यक अभियान शुरू किया गया। अब सम्यक अभियान अन्य राज्यो में विस्तारित होने जा रहा है। नवक्रान्ति, सम्यक विकास, राजघरानों की मनमानी पर रोक लगाकर उनके पास रखी अकूत संपत्ति तथा किलो व महलों को सरकारी घोषित कराके, शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सम्मानजनक रोजगार के अवसरों से जोड़ने हेतु सम्यक अभियान संकल्पित है।

## संक्षिप्त खबरें

### शुद्ध प्रसाद मिलने के लिए संपूर्ण देश के मंदिर परिसर के दुकानदार ओम प्रमाणपत्र लें : विधायक

सर्वत्र थूक जिहाद, गाय की चरबी से बनाए गए घी के पदार्थ, मावा, पेढा, इन्हें प्रसाद के रूप में खुलेआम वितरित किया जा रहा है । श्रद्धालु भक्तिभाव से भगवान को अर्पित करते हैं । यह एक प्रकार से हिन्दुओं की धार्मिक श्रद्धा पर किया जानेवाला बडा आघात है । आज अनेक तीर्थस्थलों पर अहिन्दू दुकानदारों की प्रसाद की तथा पूजासामग्री की दुकानें होती हैं । उनके यहां मिलनेवाला प्रसाद तथा पूजासामग्री शुद्ध एवं पवित्र होगी, ऐसा कहा नहीं जा सकता । बाहर से आए श्रद्धालुओं को शुद्ध प्रसाद कहां मिलता है, इसकी जानकारी नहीं होती । इसलिए वर्तमान समय में केवल हिन्दू दुकानदारों को प्रसादशुद्धि हेतु ओम प्रमाणपत्र का वितरण आरंभ हुआ है । हिन्दू दुकानदारों को ओम प्रमाणपत्र निःशुल्क दिया जानेवाला है । संपूर्ण देश में मंदिर परिसर के हिन्दू दुकानदार ओम प्रमाणपत्र अवश्य लें, यह मेरा अनुरोध है, ऐसा आवाहन तेलंगाना के प्रखर हिन्दुत्वनिष्ठ विधायक श्री. टी. राजासिंह ने किया ।

# प्रो गौतम सिंह के मांग पर राज्यपाल ने संगीत पाठ्यक्रम सुधार हेतु बनाई कमिटी

- चार जुलाई को कई कुलपतियों सहित तेरह सदस्यों की कमिटी संगीत के पाठ्यक्रम में सुधार हेतु लेंगे निर्णय

**प्रात : किरण, संवाददाता**



मधेपुरा राज्य के विश्वविद्यालयों में लागू हुए नए पाठ्यक्रम चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के संगीत विषय में हुए कमियां के सुधार हेतु भूपेंद्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय के सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय के संगीत विभागध्यक्ष प्रो. गौतम सिंह नें महामहिम राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर को मिलकर आवेदन दिया था। जिसपर उन्होंने संज्ञान में लेते हुए एक कमिटी बनाने का आश्वासन दिए थे। जिसे लेकर देशभर से संगीत विषय के जानकार तेरह सदस्यों की कमिटी का गठन किया गया हैं। जिसमें प्रो. गौतम सिंह के अलावे छपरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पर्मेन्द्र कुमार बाजपेई, कामेस्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के सी सिन्हा, पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर के सिंह, वीर कुंवर सिंह आरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी सहित पांच कुलपति और आठ विषय विशेषज्ञ प्रो. को कमिटी में जगह दिया गया है। उक्त कमिटी को प्रो. गौतम सिंह के द्वारा पूर्व में दिए गए आवेदन जिसमें नए सी बी सी एस पाठ्यक्रम में स्नातक संगीत में देश के कई विश्वविद्यालय का हवाला देते हुए बिहार के विश्वविद्यालय में भी तबला, पखावज एवं शास्त्रीय नृत्य को भी शामिल करने की बात कही गई थी। जिसपर कमिटी द्वारा विचार विमर्शपरांत निर्णय लिया जाना है। प्रो. गौतम के उक्त मांग पूरा होने पर संगीत के छात्रों को शिक्षा के साथ रोजगार के संभावनाएं भी बढ़ेंगे और संगीत व्यवसाय का अवसर भी बढेगा। प्रो. सिंह के इस प्रयास के लिए संगीत प्रेमियों में काफी खुशी की लहर हैं। उनके इस प्रयास को लेकर संगितज्ञ प्रो. भारती सिंह, संगीत की छात्रा मनीषा कुमारी, स्मिता कुमारी, मिनी कुमारी, सिद्धि, जूही, सुनील कुमार, त्रिपुरारी कुमार, चन्दन कुमार सत्यम कुमार आदि सहित दर्जनों लोगों नें बधाई एवं शुभकामनायें दिया है।

# स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई आयोजित

**प्रात : किरण संवाददाता**



मधेपुरा शुक्रवार को जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहुत की गई। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा सरकार के वार्षिक लक्ष्य के अनुसार स्वास्थ्य संस्थानो में दवा की उपलब्धता, एक्स-रे की सुविधा, आंख जॉच की सुविधा, पैथलॉजी जॉच की सुविधा, ई सी जी की सुविधा स्वास्थ्य संस्थानों में सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बी एम एस आई सी एल द्वारा निमार्णाधीन स्वास्थ्य विभागीय भवन के निर्माण की स्थिति की समीक्षा की गई एवं परियोजना प्रबंधक, बी एम एस आई सी एल, मधेपुरा को यथाषीघ्र कार्य पूर्ण कर भवन स्वास्थ्य विभाग को हस्तगत करवाने हेतु निदेशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रबंधक, सी एस सी को सभी पी डी एस पर भी एल ई की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए आयुष्मान कार्ड निर्माण करवाने हेतु निदेशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, मधेपुरा जिलान्तर्गत को स्वास्थ्य सुविधा में गुणात्मक सुधार लाते हुए अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव करवाने तथा शत-प्रतिशत बच्चों का पूर्ण टीकाकरण करवाने हेतु निदेशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अनमोल एप के माध्यम से ए एन एम से सत-प्रतिषत गर्भवती माता एवं बच्चो की सूचना अद्यतन करवाने हेतु निदेशित किया गया। जिलाधिकारी, द्वारा सिविल सर्जन, मधेपुरा को सभी स्वास्थ्य संस्थानों से प्रतिदिन बायोमेट्रिक उपस्थिति प्राप्त कर प्रतिवेदित करने हेतु निदेशित किया गया।

# जमीनी विवाद को लेकर रतनपुर गांव में दामाद ने सास- ससुर और पुत्र को पीटकर किया घायल



**प्रात : किरण संवाददाता**

जमुई/गिद्धौर थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में शुक्रवार की देर शाम घरेलू विवाद को सुलझाने पहुंचे सास- ससुर और अपने पुत्र को पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया उसके बाद घटना की जानकारी गिद्धौर थाना की पुलिस को दी गई फिर तीनों घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर के द्वारा तीनों का इलाज किया गया घायलों में खैरा थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी मंसूदन यादव और उनकी पत्नी जलसी देवी शामिल है ।जबकि रतनपुर गांव निवासी विजय यादव के पुत्र प्रदीप कुमार भी घायल हुआ है ।घायल मसूदन यादव ने बताया कि उनकी पुत्री की शादी रतनपुर गांव निवासी विजय यादव के साथ हुई थी कुछ दिनों से उनकी पुत्री के साथ विजय यादव यानी उनके दामाद द्वारा मारपीट की जा रही थी जिसकी सूचना उन्हें मिली तो वह अपनी पत्नी के साथ बेटी के घर पहुंचे थे शुक्रवार को दिन में पंचायत भी हुई थी पंचायत के दौरान मामला को सुलह कर दिया गया था पंचायत की सारी बात को उनके दामाद विजय यादव ने मान भी लिया था उसके बाद वे घर में सोए हुए थे इसी दौरान शराब के नशे में धुत होकर विजय यादव आया और सोये अवस्था में ही लाठी से अपने ससुर पर वार कर घायल कर दिया फिर सास को भी पीट कर घायल कर दिया उसके बाद अपने पुत्र की भी पिटाई कर दी ।वहीं गिद्धौर पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है ।

### जमीन विवाद के कारण जालिमों ने पीयूष की बेरहमी से कर दी हत्या

**प्रात : किरण संवाददाता**

जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि लक्ष्मीपुर थानांतर्गत चिनबेरिया गाँव में एक करीब 13 वर्ष के लड़के की लाश मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। तत्क्षण पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। शव की पहचान पीयूष कुमार पिता मल्हो यादव ग्राम चिनबेरिया थाना लक्ष्मीपुर जिला जमुई के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि जमीनी विवाद और आपसी कलह के कारण जालिमों ने पीयूष की चाकू गोद कर बेरहमी से हत्या की है और दोनों आंखें क्षतिग्रस्त कर दिया है ।पुलिस द्वारा शव का मृत्यु समीक्षा प्रतिवेदन बनाकर अन्त्य परीक्षण हेतु भेजने की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन हेतु एफड्ढएसड्ढएलड्ढ की एक टीम बुलायी गई है। पुलिस द्वारा इस घटना में संलिप्त संदिग्ध की तलाश में छापामारी की जा रही है।

# जमीनी विवाद के निपटारे को ले थाना में लगा जनता दरबार, 2 मामले का हुआ निष्पादन



**प्रात : किरण संवाददाता**

गिद्धौर। शनिवार को थाना परिसर में थानाध्यक्ष रीता कुमारी के देखरेख में क्षेत्र में जमीनी विवाद से जुड़े मामले के निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित दरबार में प्रखंड क्षेत्र के जमीनी विवाद से जुड़े 4 मामले आये। जिसमें से 2 मामलों में से ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं 2 मामला लंबित रह गया जिसे शीघ्र ही निष्पादित किया जाएगा। वहीं जनता दरबार में मौजूद अंचल अधिकारी आरती भूषण कुमारी ने जानकरी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद से जुड़े मामले के नियंत्रण को ले हर शनिवार को जनता दरबार का आयोजन कर जमीनी विवादों का निबटारा यहां किया जाता है। क्षेत्र के लोग अपनी समस्या को जनता दरबार में रखें ।ताकि उनके भूमि विवाद से जुड़े समस्या का निदान किया जा सके। इस मौके पर अंचल कार्यालय के कई कर्मी व फरियादी मौजूद थे।

# चरणबद्ध आंदोलन के तहत अलौली गढ़ घाट कोसी नदी के किनारे किया गया जल सत्याग्रह प्रदर्शन सभा



- अलौली गढ़ घाट सहित 11 घाटों का रद्द डीपीआर को संशोधन कर शीघ्र सरकार को भेजें जिला प्रशासन - किरण देव यादव

**प्रात : किरण संवाददाता**

खगड़िया। फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के बैनर तले अलौली गढ़ घाट कोसी नदी पर चरणबद्ध आंदोलन के तहत जल सत्याग्रह आंदोलन प्रदर्शन सभा किया गया, जिसका नेतृत्व व अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। प्रदर्शन में पूल सड़क निर्माण संबंधित मांगों के बाबत जमकर नारे लगाए गए। वहीं पूल निर्माण नहीं होने से फरकिया वासियों ने काफी आक्रोश व्यक्त किया। सभा को संबोधित करते हुए पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष किरणदेव यादव ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंजीनियरिंग कॉलेज अलौली के उद्घाटन के क्रम में चिरलंबित मांग अलौली गढ़ घाट पर पूल निर्माण करने की स्वीकृति का घोषणा किए थे, तत्पश्चात जिला पदाधिकारी के द्वारा दो दो बार डीपीआर बनाकर मुख्यमंत्री व विभाग को भेजा गया, किंतु दोनों बार अलौली गढ़ घाट पुल सहित 11 नदियों पर घोषित पूल निर्माण संबंधी डीपीआर को रद्द कर वापस कर दिया गया, जिससे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मानसिकता का पोल खुल चुकी है। इनके हां में ना छिपा रहता है। वास्तव में उनके पेट में दांत है। उक्त स्थिति से फरकिया वासी में आक्रोश व्याप्त है। श्री यादव ने एक बार पुनः जिलाधिकारी से बिहार सरकार को डीपीआर बनाकर भेजने एवं पूल सड़क निर्माण जल्द करने की मांग किया। अन्यथा आगामी विधानसभा चुनाव में सड़क नहीं तो वोट नहीं, नारों के साथ चुनाव बहिष्कार करने का फरकियावासी निर्णय लेगी एवं जल समाधि आंदोलन किया जाएगा, जिसका जिम्मेदार सरकार प्रशासन की होगी। श्री यादव ने कहा कि यदि उक्त पूल बनती है तो अलौली रेलवे जंक्शन पर रैक पॉइंट तक फरकिया का मक्का आने में आसानी होगी, अलौली से सहरसा की दूरी प्रत्यक्ष तौर पर सीधा कम हो जाएगी एवं सैकड़ो गांव के लाखों लोग लाभान्वित होंगे, विशेष कर गर्भवती महिलाएं - बुजुर्ग रोगी - सबको लाभ मिलेगा। जल सत्याग्रह प्रदर्शन में देश बचाओ अभियान के प्रवक्ता दिनेश साह, फरकिया मिशन के सचिव लालमणि सदा, उपाध्यक्ष दानवीर यादव, देश बचाओ अभियान के नारायण यादव, हरदुल यादव आदि ने पूल सड़क निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया तथा एकजूटता का इजहार किया।

# चोरी की तीन बाइक एवं अवैध कफ सिरफ की खेप बरामद, अपराधी गिरफ्तार





**प्रात : किरण संवाददाता**

मधेपुरा मधेपुरा पुलिस को बड़ी उपलब्धि हाथ लगी है जहाँ सिंहेश्वर थाना की पुलिस ने एक तरफ बाईक चोर गिरोह के मास्टर माइंड सहित तीन सदस्यों को चोरी की तीन बाईक के साथ धर दबोचा है तो वही अवैध कफ सिरफ की खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। इस बाबत जानकारी देते हुए मधेपुरा एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मधेपुरा के आदेशनुसार चोरी की घटनाओं एवं मादक पदार्थ की तस्करी को रोकने के लिए लगातार वाहन चेकिंग एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिंहेश्वर मेला ग्राउंड में छापेमारी कर बाइक बेचने का प्रयास करते हुए तीन युवकों को धर दबोचा गया। जिनकी पहचान सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के रामपट्टी निवासी शिवजी यादव के पुत्र चंदन कुमार, अनिल यादव के पुत्र अमलेश कुमार एवं भेलवा के स्व. रविंद्र धरकार के पुत्र मनोज धरकार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के दो हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल एवं एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद किया है। एएसपी ने बताया कि सिंहेश्वर पुलिस ने गौरीपुर के गोढ़ियारी टोला से 75 पीस कोरेक्स कफ सिरफ बरामद करते हुए सूरज कुमार नामक एक तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# पानी नहीं पड़ने से किसान परेशान

**प्रात : किरण संवाददाता**

चकाई (जमुई):- पूर्व में आद्रा नक्षत्र में किसानों द्वारा देवी देवताओं का पूजा कर धान रोपने के लिए खेतों में दस्तक दे देते थे मगर आज यही आद्रा नक्षत्र में किसान बूंद बूंद पानी के लिए तरश रहे हैं ।अभी तक खेतों में किसान द्वारा बिचड़ा भी नही डाला गया हैं। पहले आद्रा नक्षत्र में इस तरह तेज बारिश होती थी कि खेतों के अलावे तालाब पोखर नदी नाले भर जाया करते थे। लेकिन आज। इसी नक्षत्र में खेत सूखे पड़े हैं । मालूम हो कि इस साल सूर्य कि किरणें इस कदर तेज थी की मानों की मनुष्य को जला कर राख कर देगी। इसके बाबजूद में भी इंद्र देवता की दृष्टि किसानों पर नही है। प्रतिदिन किसानों द्वारा पूजन कर पानी मांग रहे हैं। मगर इंद्र देवता टस से मस नही कर रहे हैं। किसान अनिल उपाध्याय, विजय उपाध्याय मनोज उपाध्याय कारू यादव ,शिवशंकर यादव, गुड्डू यादव, प्रफुल्ल राय ,मिथलेश राय, कैलाश तुरी ,होकरिल तुरी, नंद किशोर राय, आदि दर्जनों किसानों का कहना है कि बिहार सरकार किसानों के हित के बारे में नही सोच रही हैं। तीन चार वर्षो से चकाई प्रखंड सुखाड की मार झेल रहा हैं।लेकिन किसानों के प्रति सरकार को कोई तरस नहीं है किसान प्रति वर्ष कर्ज के तले दबे जा रहे है

# शिबू सोरेन की रिहाई पर झामुमो नेता ओंकारनाथ बरनवाल ने कोर्ट की न्याय पर जताया भरोसा

**पांच महीने बाद हुई रिहाई , 31 जनवरी से थे जेल में बंद**

**प्रात : किरण संवाददाता**



सोनो जमुई - पिछले पांच महीने पुर्व से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद झारखंड के पुर्व मुख्यमंत्री श्री शिबू सोरेन की रिहाई पर जमुई जिले के बटिया बाजार निवासी सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ओंकारनाथ बरनवाल ने माननीय न्यायालय को धन्यवाद दिया है । उन्होंने कहा कि सुनियोजित तरीके से आरोप लगाकर उन्हें फंसाकर जेल भेज दिया गया था । झुठे ओर मनगढ़ंत केस में उन्हें तकरीबन पांच महीने तक जेल में रहना पड़ा है । उन्होंने आगे कहा कि सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को आज जेल में डाल दिया जा रहा है । लेकिन हाईकोर्ट ने उनका जमानत अर्जी स्वीकार कर लिया ओर माननीय शिबू सोरेन जेल से बाहर आ गये । श्री बरनवाल ने आगे कहा कि 31 जनवरी 2024 से वे जेल में बंद थे । न्यायालय के द्वारा माननीय शिबू सोरेन की रिहाई पर कोर्ट का धन्यवाद देते हुए कहा कि झामुमो को न्यायालय पर पुर्ण भरोसा था ओर आज कोर्ट के द्वारा उनकी अर्जी को स्वीकार कर रिहाई का आर्डर केंद्रीय कारागार भेज दिया गया ओर वे तुरंत जेल से बाहर आ गए । ज्ञातव्य हो कि जमीन घोटाला मामले में आरोपित पुर्व डिप्टी सीएम शिबू सोरेन पिछले पांच माह से जेल में बंद थे । इधर पुर्व डिप्टी सीएम शिबू सोरेन की रिहाई के बाद पार्टी के लोगों ने पटाखे फोड़कर ओर मिठाईयां बांटकर एवं एक दुसरे को गुलाल लगाकर खुशियां मना रही हैं वहीं श्री बरनवाल ने शिबू सोरेन की रिहाई पर बधाई और शुभकामनाएं दी ।

# थाना के प्राइवेट चालक की हाईवा की चपेट में आने से हुई मौत

- पुलिस वाहन को आक्रोशित लोगों ने किया क्षतिग्रस्त, हाइवा को जलाया

**प्रात : किरण संवाददाता**





जमुई [ झाझा ] सतीघाट मुख्य मार्ग स्थित भारत गैस गोदाम के पास शनिवार की सुबह झाझा में हाइवा की चपेट में आने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान थानाक्षेत्र के बलियाडीह पंचायत के टहवा गांव के रहने वाले यूसूफ अंसारी का पुत्र मो. नियाज अंसारी के रूप में हुई है। नियाज झाझा थाना में प्राइवेट चालक के रूप में काम करता था और उसी से उसका परिवार का भरण पोषण हुआ करता था। मिली जानकारी अनुसार नियाज अंसारी अपने घर से बाइक से निकल झाझा की ओर आ रहा था कि तभी हाइवा की चपेट में आ गया जिसके बाद कुछ लोगों ने घटना देखकर उसे उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी लोगों को मिली जिसके बाद परिजन सहित पूरे गांव के लोग अस्पताल पहुंचा। वही पत्नी नरगिस खातुन, बेटी कैयन्त और बेटा इसरार सहित घर के अन्य सदस्यों का रो रोकर बूरा हाल कर लियां। अस्पताल में मृतक को लेकर लोगों का कहना था कि यह बड़े सरल स्वभाव का था। घटना के बाद हाइवा चालक अपना वाहन मौके स्थल पर छोड़कर भागने में सफल रहा। घटना के बाद अस्पताल में जुटे ग्रामीण एवं परिजनों ने शव को उठाकरं ने रेलवे स्टेशन जानी मार्ग रेलवे स्टेशन चैक के पास रखकर सड़क जाम कर दिया और मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। सुबह 9 बजे 1 बजे तक पुलिस पदाधिकारी और स्थानीय पदाधिकारी लोगों को शांत करने की कोशिश करते लेकिन लोगों का गुस्सा शांत नही जिसके बाद कुछ बुद्धिजीवी के पहल पर मामला शांत हुआ जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जैसे ही पुलिस पदाधिकारी को सूचना मिलने पर एसडीपीओ राजेश कुमार, थानाध्यक्ष संजय सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल जाम स्थल पर पहुंचकर मामला शांत करवाना चाहा लेकिन आक्रोशित ग्रामीण किसी की भी बात सुनने को तैयार ही नही थे। सीओ निशा सिंह, बीडीओ रविजी आदि पदाधिकारी को भी मामले की जानकारी मिलने पर पहुंचे और लोगों को शांत करने की कोशिश की गई लेकिन ग्रामीण मुआवजा और चालक की गिरफ्तारी के अलावे पीड़ित परिवार को नौकरी देने की मांग पर डटे रहे। नियाज की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा एक पुलिसकर्मी के साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में घायल हुए पुलिसकर्मी की पहचान झाझा थाना में सिपाही के पद पर कार्यरत सूर्यनारायण सिंह के रूप में हुई है। दरअसल घटना स्थल पर से पुलिस और पुलिस के वाहन पर पत्थरबाजी करने के मामलें मे तीन लोगों को पुलिस मौके स्थल से पकड़ने के बाद उसे एक पुलिस वाहन से थाना ला रही थी कि तभी रेलवे स्टेशन चैक के पास शव रखकर जाम कर रहे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पुलिस के वाहन को रूकवाते हुए तीनो गिरफ्तार युवकों को जबरन छुडाने लगा जिसपर पुलिसकर्मी रोकने की कोशिश किया तो आक्रोशित लोगों ने पुलिस वाहन पत्थरबाजी करने लगा और सिपाही के साथ बेरहमी से मारपीट करने लगा जिसके बाद सिपाही किसी तरह से अपनी जान बचाते हुए बगल के रेल कोच रेस्टूरेंट में जा छिपा जिससे उसकी जान आक्रोशित लोगों के हाथों से बच पाया। इधर ग्रामीणों ने पकड़े गए तीनो युवकों को भी छुड़ा लिया ।मृतक के परिजन एवं ग्रामीण एक तरफ सड़क जाम कर रहे थे तो दूसरी ओर ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचकर हाईवा को आग के हवाले कर दिया। जिसके बाद अग्निशमन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचकर जलती हाइवा को बुझाया। घटना स्थल पर हाइवा में आग लगाने की खबर मिलते ही एसआई कुंज बिहारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचा तो आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पत्थरबाजी करते हुए गाली गलौज करने लगा। जिसपर एसआई ने तुरंत अपने वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना दी तो एसडीपीओ, एसएचओ एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी, जवान मौके स्थल पर पहुंचा जिसके बाद पुलिस ने पत्थरबाजी कर रहे लोगों को कुछ दूर तक खदेड़ा लेकिन आक्रोशित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणो नें पुलिस फोर्स पर ही भारी पड़ गया और पुलिस और पुलिस वाहन पर जमकर पत्थरबाजी किया जिसके बाद पुलिस पदाधिकारी किसी तरह मौके स्थल परएक पत्थरबाजी करने वाले युवकों को पकड़कर थाना की एक गाड़ी से उसे झाझा थाना ला रही थी कि तभी रेलवे स्टेशन चैक के पास सड़क जाम किए लोगों ने पुलिस के वाहन पर जमकर पत्थरबाजी करते हुए वाहन को क्षतिग्रस्त कर गिरफ्तार युवक को छुड़ा लिया। आक्रोशित ग्रामीणों के पत्थरबाजी से एसडीपीओ के वाहन, थाना का एक वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

# वक्फ बोर्ड की तरह हिंदू मंदिरों के लिए सर्वाधिकार देने वाला मंदिर बोर्ड स्थापित करें: अधिवक्ता विष्णु जैन

**प्रात : किरण संवाददाता**




जस प्रकार मुसलमानों की धार्मिक संपत्तियों, भूमि की सुरक्षा के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने वक्फ बोर्ड की स्थापना कर उसे विशेष कानूनी अधिकार दिए हैं, उसी प्रकार देशभर के हिंदुओं के लाखों मंदिरों, उनकी भूमि और संपत्तियों की सुरक्षा के लिए वक्फ बोर्ड की तर्ज पर मंदिरों के लिए सर्वाधिकार वाला हिंदू मंदिर बोर्ड स्थापित किया जाए। इसके अलावा केवल हिंदुओं के मंदिरों का अधिग्रहण करने वाला वर्ष 1951 का ह्यरिलिजीयस एंडोमेंट क्ट रद्द किया जाए और सरकारीकरण किए गए देशभर के सभी हिंदू मंदिरों को तत्काल सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर भक्तों के नियंत्रण में दिया जाए । यह मांग काशी के ज्ञानवापी, मथुरा के श्रीकृष्णभूमि आदि प्रमुख हिंदू मंदिरों के मुकदमे लड़ने वाले ह्यहिंदू फ्रंट फॉर जस्टिसह्न के प्रवक्ता तथा सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मंदिर संस्कृति परिषद की प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। वे फोंडा, गोवा में वैश्विक हिंदू राष्ट्र अधिवेशन के अवसर पर श्री विद्याधिराज सभागृह में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। इस अवसर पर मंदिरों के आर्थिक प्रबंधन के विशेषज्ञ तथा मुंबई के समस्त महाजन संघ के अध्यक्ष श्री गिरीश शाह, महाराष्ट्र मंदिर महासंघ के राज्य समन्वयक श्री सुनील घनवट, गोमंतक मंदिर महासंघ के राज्य सचिव श्री जयेश थळी और उत्तर प्रदेश के पवन चिंतन धारा आश्रम के पूजनीय पवन सिन्हा गुरुजी उपस्थित थे। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंदिर महासंघ के श्री. सुनील घनवट ने कहा कि इस हिंदू अधिवेशन के माध्यम से मंदिर संस्कृति रक्षा अभियान की शुरूआत हुई थी। इसमें अब देशभर के लगभग 14,000 मंदिरों का संगठन हुआ है। इस अधिवेशन में देशभर के 275 से अधिक मंदिरों के ट्रस्टी, पुजारी शामिल हुए हैं। इसके साथ ही देशभर में 710 मंदिरों में वस्त्र संहिता लागू की गई है। इस अभियान को और व्यापक बनाते हुए मंदिरों में वस्त्र संहिता के साथ हम देशभर में मंदिर मांस-मुक्त अभियान चलाएंगे। महाराष्ट्र के श्री शनिशिंगणापूर मंदिर की 19 एकड़, बीड के श्री कंकालेश्वर मंदिर की 12.5 एकड़, तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली गांव के 1500 वर्ष पुराने श्रीचंद्रशेखर स्वामी मंदिर सहित लगभग 1200 एकड़ भूमि पर वक्फ बोर्ड ने दावा किया है। इस प्रकार कई जगह मंदिर की भूमि वक्फ ने कब्जा करने का प्रयास किया है। जिन मंदिरों की भूमि वक्फ बोर्ड ने कब्जाई है, वह भूमि फिर से उन मंदिरों को तत्काल हस्तांतरित करने का आदेश सरकार ने देना चाहिए। इसके अलावा, महाराष्ट्र में जिस प्रकार वक्फ बोर्ड के अंतर्गत आने वाली भूमि के लिए पुराना किराया समझौता रद्द कर नया मॉडल रेंट लागू किया गया है।

सम्पादकीय

## व्यंग्य : जमानत में खयानत

कट्टर ईमानदार एक मात्र नेता पिछले कई दिनों से तिहाड़ जेल में सरकारी मेहमान बन कर राज्य की सरकार चला रहे हैं। लोकतंत्र के इस अनोखे अंदाज को भी इन्होंने ही खोजा है। इसलिए इनका नाम इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। लोकसभा चुनाव के प्रचार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय ने इनको कुछ शर्तों पर जमानत दी थी और यह बाहर आते ही अपने झांझ मंजीरे ले कर अपनी कट्टर ईमानदारी का राग अलापते दिल्ली से पंजाब तक अपने ईमानदार साथियों के साथ गली-गली घूमते रहे। उस जमानती एग्रीमेंट की वेलिडिटी दो जून तक ही थी सो दो जून की रोटी फिर बे मन से तिहाड़ की जेल में ही खानी पड़ी। अब इसके बाद बीस जून को फिर निचली अदालत ने दया करके जमानत दे दी। सुनते ही पार्टी के कार्यकताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। बड़ी-बड़ी डींगे मार कर केंद्र की सरकारी पार्टी को पानी पी-पी कर कोसते नजर आए। भोजपुरी गायक माननीय सांसद बने नेताजी भी अपने राग दरबारी सुनाने लगे।

नतीजा सबके सामने है दिल्ली हाईकोर्ट में ई डी पहुंच गई जमानत पर रोक लगवाने और सफल भी हो गई। दिल्ली वालों को पानी के लिए तरसाने वालों को जेल में फिर से सात दिन और रहना पड़ेगा। ई डी की मजबूत दलीलों ने न्यायालय को बाध्य कर दिया। बेचारे केजरीवाल जी को जमानत में खयानात। मिल रही है। दो कट्टर ईमानदार। पिछले एक साल और दो साल से भी अधिक से तिहाड़ में कट्टर ईमानदार होने की सजा भोग रहे हैं। जमानत ही नहीं मिल रही है। सस्ती दारू पिलाने की सजा शायद यही होना चाहिए। कहने को इन्होंने सरकारी स्कूलों को प्रायवेट स्कूलों से भी बेहतरीन बनाया था। जिसकी प्रशंसा अमेरिका के एक विख्यात अखबार द्वारा की गई। जैन साहब ने तो मोहल्ला क्लीनिक खोल कर दिल्ली वासियों को फ्री इलाज, फ्री बिजली दे दी थी।

यूं तो फ्री वाई फाई की सुविधा, सी सी टी वी और सीटी बसों में महिलाओं को फ्री यात्रा की सौगात दी फिर भी धरम करते करम फूट गए। पिछले चुनावों में तो नेताजी ने ऑटो वालों और अन्य आम आदमियों से खुद को थप्पड़ भी लगवाए और उसके परिणाम भी इनके पक्ष में आए थे इस बार दारू की एक बोतल पर एक फ्री देने के बाद भी इनको थप्पड़ न लगवाना नुकसान दे गया। ई डी वाले न जाने क्यों इन बेचारे कट्टर

## शिक्षा के लिए संघर्ष करती किशोरियां

निरमा

हमारे देश में महिलाओं और किशोरियों को आज भी जीवन के किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए पितृसत्तात्मक समाज से संघर्ष करनी पड़ती है. कभी आधुनिकता और कभी संस्कृति एवं परंपरा के नाम पर उसके पैरों में बेड़ियां डालने का काम किया जाता रहा है. शिक्षा, हर रुकावट को दूर करने का सबसे सशक्त माध्यम है. लेकिन महिलाओं और किशोरियों के सामने इसी क्षेत्र में सबसे अधिक बाधा उत्पन्न की जाती है. उन्हें पढ़ने और सशक्त बनने से रोका जाता है. भले ही शहरी क्षेत्रों में अब किशोरियों के लिए शिक्षा प्राप्त करने में रुकावटें हटने लगी हैं, लेकिन देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने के लिए संघर्ष करनी पड़ती है.

2011 की जनगणना के अनुसार साक्षरता के मामले में देश में जो तीन सबसे कमजोर राज्य हैं उनमें राजस्थान भी है. जहां साक्षरता की दर राष्ट्रीय औसत 74.04 प्रतिशत की तुलना में केवल 67.06 प्रतिशत है. ऐसे में यहां महिलाओं में साक्षरता की दर का आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है और बात जब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय में महिलाओं के साक्षरता दर की करेंगे तो यह आंकड़ा और कितना कम होगा, यह पता लगाना बहुत अधिक मुश्किल नहीं होगा.

राज्य के अजमेर जिला स्थित नाचनबाड़ी गांव ऐसा ही एक उदाहरण है. जिला के घूघरा पंचायत स्थित इस गांव में अनुसूचित जनजाति कालबेलिया समुदाय की बहुलता हैं. पंचायत में दर्ज आंकड़ों के अनुसार गांव में लगभग 500 घर हैं. गांव के अधिकतर पुरुष और महिलाएं स्थानीय चूना भट्टा पर दैनिक मजदूर के रूप में काम करते हैं. जहां दिन भर जी तोड़ मेहनत के बाद भी उन्हें इतनी ही मजदूरी मिलती है जिससे वह अपने परिवार का गुजारा कर सके. यही कारण है कि गांव के कई बुजुर्ग पुरुष और महिलाएं आसपास के गांवों से भिक्षा मांगकर अपना गुजारा करते हैं. समुदाय में किसी के पास भी खेती के लिए अपनी जमीन नहीं है. खानाबदोश जीवन गुजारने के कारण इस समुदाय का पहले कोई स्थाई ठिकाना नहीं हुआ करता था. हालांकि समय बदलने के साथ अब यह समुदाय कुछ जगहों पर पीढ़ी दर पीढ़ी स्थाई रूप से निवास करने लगा है. लेकिन इनमें से किसी के पास जमीन का अपना पट्टा नहीं है. इस समुदाय में बालिका शिक्षा की स्थिति अब भी कम है.

हालांकि पहले की तुलना में कालबेलिया समुदाय के लोग अपनी लड़कियों को स्कूल भेजने लगे हैं लेकिन अधिकतर लड़कियों की 12वीं के बाद शादी कर दी जाती है. इस संबंध में समुदाय की एक 37 वर्षीय महिला शांति बाई बताती हैं कि नाचनबाड़ी में केवल एक प्राथमिक विद्यालय है, जहां पांचवी तक की पढ़ाई होती है. इसमें गांव के सभी बच्चे पढ़ने जाते हैं. लेकिन इसके आगे के लिए बच्चों को तीन किमी दूर घूघरा जाना पड़ता है. जहां अपनी लड़कियों को भेजने के लिए अभिभावक तैयार नहीं होते हैं. शांति बाई बताती हैं कि उनकी तीन लड़कियां हैं जो 10वीं, 9वीं और 6वीं में पढ़ने के लिए घूघरा गांव जाती हैं. यह समुदाय की पहली लड़कियां हैं जो 5वीं से आगे की शिक्षा प्राप्त करना शुरू की थी. उनके इस कदम से समुदाय के कुछ जागरूक अभिभावकों ने भी अपनी लड़कियों को माध्यमिक और उच्च शिक्षा के लिए घूघरा गांव के हाई स्कूल में एडमिशन कराया है.

शांति बाई की बड़ी बेटी रौशनी जो 10वीं की छात्रा है, बताती है कि उसे और उसकी बहनों को पढ़ना अच्छा लगता है. इसलिए वह प्रतिदिन स्कूल जाती हैं. वह बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती है. लेकिन स्कूल में विज्ञान के शिक्षक का पद खाली है, इसलिए वह घर में इस विषय की तैयारी करती है. रौशनी की बात को आगे जोड़ते हुए शांति बाई कहती हैं कि वह लोग आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं. उनके पति स्थानीय चूना भट्टा पर दैनिक मजदूर के रूप में काम करते हैं. जिसमें इतनी ही मजदूरी मिलती है जिससे परिवार का किसी प्रकार गुजारा हो सके. इसके बावजूद वह अपनी बच्चियों को पढ़ाना चाहती हैं. वह कहती हैं कि उनके समुदाय के उत्थान के लिए सरकार ने कई योजनाएं चला रखी हैं, जिसका लाभ उठाकर समुदाय विकास कर सकता है. लेकिन जागरूकता के अभाव में ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है. ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि रौशनी और उसकी बहनों जैसी नई पीढ़ी शिक्षित होकर एक दिन समुदाय की सोच और दशा अवश्य बदलेगी.

वहीं 48 वर्षीय सदानाथ कालबेलिया बताते हैं कि उनके समुदाय में शिक्षा के प्रति अभी भी बहुत अधिक जागरूकता नहीं आई है. अधिकतर लड़के 8वीं के बाद पढ़ाई छोड़कर परिवार के साथ मजदूरी करने निकल जाते हैं या फिर ताश और जुआ जैसे बुरे कामों में लिप्त हो जाते हैं. माता-पिता भी उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित नहीं करते हैं. ऐसी परिस्थिति में लड़कियों की शिक्षा के बारे में यह समुदाय कहां सोचेगा? वह कहते हैं कि कालबेलिया समुदाय की अधिकतर लड़कियां 5वीं से आगे पढ़ नहीं पाती थी. हालांकि अब इसमें थोड़ा बहुत बदलाव आ रहा है और अब कुछ माता-पिता लड़कियों को पांचवीं से आगे पढ़ाने के लिए दूसरे गांव भेजने लगे हैं. लेकिन यह रुझान बहुत अधिक नहीं है. लेकिन अगर नाचनबाड़ी गांव में ही 10वीं और 12वीं तक के स्कूल खुल जाएं तो शायद इस दिशा में प्रगति हो सकती है.

वह बताते हैं कि उनके दो बेटे और तीन बेटियां हैं. जिन्हें वह पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन लड़कियों की शिक्षा के प्रति समाज की नकारात्मक सोच इस दिशा में सबसे बड़ी बाधा बन रही है. विशेषकर जब घर के ही बड़े बुजुर्ग लड़कियों को उच्च शिक्षा दिलाने की जगह उनकी शादी करने का दबाव डालने लगे तो अभिभावकों के सामने विकट परिस्थिति आ जाती है. ऐसी परिस्थिति का वह स्वयं सामना कर रहे हैं. लेकिन शिक्षा की महत्ता को समझते हुए वह अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने का प्रयास करेंगे.

इस संबंध में स्थानीय समाजसेवी वीरेंद्र बताते हैं कि कालबेलिया समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता अभी कम है. यही कारण है कि इस समुदाय की कोई भी लड़की आज तक 12वीं से आगे की शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकी है. दसवीं के बाद से ही कालबेलिया समाज की ओर से माता-पिता पर लड़की की शादी करने का दबाव बढ़ने लगता है. हालांकि इस समुदाय में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से बहुत अधिक प्रयास किए जाते रहे हैं. इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम संचालित करती हैं. लेकिन यह सभी प्रयास उस समय ही सफल हो सकते हैं, जब सरकारी पहल और इन संस्थाओं के साथ मिलकर कालबेलिया समाज आगे बढ़ेगा. इसके लिए समुदाय में जागरूकता का प्रसार करनी होगी ताकि इस समाज की किशोरियों को शिक्षा जैसे मूलभूत अधिकार के लिए संघर्ष न करनी पड़े.

# मोदी सरकार के लिए विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं

**तीसरी बार केंद्र में सत्ता में आई भाजपा गठबंधन सरकार के लिए इस बार विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष के कारण केंद्र सरकार को अपना रवैया पिछले कार्यकाल की तुलना में नरम रखना होगा। इसका प्रमाण भी लोकसभा में मिल गया। विपक्ष ने जिस तरह के तेवरों से आगाज किया है, सत्तारुढ़ दल उस तरह प्रतिरोध नहीं कर पाया जिस तरह पहले और दूसरे कार्यकाल में किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी पिछले कार्यकाल की तुलना में इस बार की शुरूआत सामंजस्य बिठाने से की है। पिछले कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। सदन में कई दिनों तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों को निलंबित कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर की वीभत्स घटनाओं और लगातार होती हिंसा के बावजूद सार्वजनिक बयान देने से कतरा रहे हैं। पीएम मोदी ने मणिपुर की घटना का लोकसभा और सार्वजनिक मंचों का जिक्र तक नहीं किया। इस बार भाजपा गठबंधन सरकार का ऐसी स्थितियों से बचना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष की घेराबंदी से सरकार को ऐसे सार्वजनिक मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का भारी दवाब होगा। लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर और भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब द्वारा 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाए जाने के दौरान एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ लेने के बाद नारा लगाया- जय भीम, जय तेलंगाना और फिर जय फलिस्तीन कहा। फिर उन्होंने अल्लाह-ओ-अकबर के भी नारे लगाए। इस पर भाजपा के कई सदस्यों ने आपत्ति जाहिर की। उन्होंने विरोध दर्ज करवाया।**



योगेंद्र योगी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं



पिछले कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया।

तीसरी बार केंद्र में सत्ता में आई भाजपा गठबंधन सरकार के लिए इस बार विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष के कारण केंद्र सरकार को अपना रवैया पिछले कार्यकाल की तुलना में नरम रखना होगा। इसका प्रमाण भी लोकसभा में मिल गया। विपक्ष ने जिस तरह के तेवरों से आगाज किया है, सत्तारुढ़ दल उस तरह प्रतिरोध नहीं कर पाया जिस तरह पहले और दूसरे कार्यकाल में किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी पिछले कार्यकाल की तुलना में इस बार की शुरूआत सामंजस्य बिठाने से की है।

पिछले कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। सदन में कई दिनों तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों को निलंबित कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर की वीभत्स घटनाओं और लगातार होती हिंसा के बावजूद सार्वजनिक बयान देने से कतरा रहे हैं। पीएम मोदी ने मणिपुर की घटना का लोकसभा और सार्वजनिक मंचों का जिक्र तक नहीं किया। इस बार भाजपा गठबंधन सरकार का ऐसी स्थितियों से बचना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष की घेराबंदी से सरकार को ऐसे सार्वजनिक मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का भारी दवाब होगा।

लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर और भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब द्वारा 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाए जाने के दौरान एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ लेने के बाद नारा लगाया- जय भीम, जय तेलंगाना और फिर जय फलिस्तीन कहा। फिर उन्होंने अल्लाह-ओ-अकबर के भी नारे लगाए। इस पर भाजपा के कई सदस्यों ने आपत्ति जाहिर की। उन्होंने विरोध दर्ज करवाया। इस पर प्रोटेम स्पीकर ने कहा कि अगर ओवैसी ने कोई आपत्तिजनक बात कही है उसे कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। ओवैसी हैदराबाद से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। वह पांचवी बार सांसद बने हैं। विवाद के बाद ओवैसी ने सफाई दी और कहा कि फिलीस्तीन बोलना संविधान के खिलाफ कैसे है। भाजपा सांसद जी किशन रेड्डी का काम ही विरोध करना है। भाजपा के पिछले कार्यकाल के दौरान यदि ओवैसी इस तरह शपथ लेते तो निश्चित तौर पर उन्हें भाजपा सांसदों का भारी विरोध सहना पड़ता, जोकि इस बार इस बार सामान्य नजर आया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता दे दी। राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नौ जून, 2024 से प्रभावी रहेगा। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने मंगलवार को लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेजकर कांग्रेस के इस फैसले के बारे में उन्हें अवगत कराया था कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उनके लिए यह अधिकारों की लड़ाई लडे की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता सिर्फ एक पद नहीं है, यह आपकी आवाज बनकर आपके हितों और अधिकारों की लड़ाई लडे की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। लोकसभा के पिछले कार्यकाल में कांग्रेस की लगातार मांग के बावजूद संख्या बल का हवाला देते हुए मोदी सरकार ने नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति नहीं की थी। १७ वीं लोकसभा में पर्याप्त संख्या बल नहीं होने पर लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद रिक्त रहा। नेता प्रतिपक्ष की सदन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका और संवैधानिक अधिकार होते हैं। इनमे कटौती करना सत्तारुढ़ दल के लिए संभव नहीं है। यह एक सम्मानीय पद है। राहुल गांधी के लिए भाजपा जिस तरह का वक्तव्य हर वक्त इस्तेमाल करती रही है, वह अब संभव नहीं होगा। नेता प्रतिपक्ष की हैसीयत सत्तारुढ़ दल के नेता से कम नहीं होती। राहुल गांधी सदन में विपक्ष की आवाज उठाते हुए नजर आने वाले हैं।

लोकसभा चुनाव के नतीजों ने बहुत कुछ बदलकर रख दिया है। राहुल गांधी के तौर पर पूरे दस सालों बाद सदन के भीतर विपक्ष को अपना सेनापति मिला है. 2014 में सत्ता से बेदखल होने के बाद कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है, क्योंकि पिछले दस सालों से पार्टी के पास इस पद को पाने के लिए जरूरी 54 सीटें तक नहीं थीं। इस बार कांग्रेस के पास लोकसभा में 99 सीटें हैं और इसीलिए 20 साल लंबे राजनीतिक करियर में राहुल गांधी को पहली बार संवैधानिक पद मिला है। हालांकि, राहुल के लिए आगे का सफर आसान नहीं होगा। विपक्ष के सेनापति के तौर पर और संवैधानिक पद पर होने की वजह से राहुल गांधी को कई जिम्मेदारियां निभानी हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नेता विपक्ष बनने पर बधाई मिल रही है, लेकिन विपक्ष के नेता ये भी कह रहे हैं कि पूरे गठबंधन के हितों का ध्यान रखा जाए। नेता प्रतिपक्ष न सिर्फ अपनी पार्टी को बल्कि पूरे विपक्ष का नेतृत्व करता है। नेता प्रतिपक्ष कई जरूरी नियुक्तियों में पीएम के साथ बैठता है। मतलब ये कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी साथ मिलकर कई फैसले लेंगे। दोनों के राय से फैसले लिए जाएंगे। चुनाव आयुक्त, केंद्रीय सतर्कता आयोग के अध्यक्ष, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष इन सभी पदों का चयन एक पैनल के जरिए किया जाता है, जिसमें प्रधानमंत्री और नेता विपक्ष शामिल रहते हैं।

अब तक राहुल गांधी कभी भी मोदी के साथ किसी पैनल में शामिल नहीं हुए हैं। राहुल गांधी भारत सरकार के खर्चों की जांच करने वाली लोक लेखा समिति के अध्यक्ष होंगे। राहुल सरकार के कामकाज की लगातार समीक्षा करेंगे। वह ये जानने की कोशिश करेंगे कि सरकार कहां पर कितना पैसा खर्च कर रही है। राहुल गांधी दूसरे देशों के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण देने के लिए भारत बुला सकते हैं। मतलब कि अगर वह किसी मुद्दे पर विदेशी मेहमानों से चर्चा करना चाहें तो वह ऐसा कर पाएंगे। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रमुखों के चयन में भी अहम भूमिका निभाने वाले हैं। वह पिछले 10 साल से इन एजेंसियों पर काफी आरोप लगाते आए हैं। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल को पद भी मिला है और उनका कद भी बढ़ गया है। नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी को कई अधिकार और सुविधाएं मिलेंगी। नेता

# अब भारत को विभिन्न क्षेत्रों में अपने सूचकांक तैयार करना चाहिए

**वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की भिन्न भिन्न क्षेत्रों में रेटिंग तय करने की दृष्टि से वित्तीय एवं विशिष्ट संस्थानों द्वारा सूचकांक तैयार किए जाते हैं। हाल ही के समय में इन विदेशी संस्थानों द्वारा जारी किए गए कई सूचकांकों में भारत की स्थिति को संभवत जान बूझकर गलत दशार्या गया है। इन सूचकांकों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अफ्रीका के गरीब देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया गया है। उदाहरण के लिए अभी हाल ही में पश्चिमी देशों द्वारा जारी किए गए तीन सूचकांकों की स्थिति देखिए। सबसे पहिले उदार (लिबरल) लोकतंत्र सूचकांक में भारत की रैकिंग को 104 बताया गया है और भारत के ऊपर निजेर देश को बताया गया है। इसी प्रकार, आनंद (हैपीनेस) सूचकांक में भी भारत का स्थान 126वां बताया गया है जबकि पाकिस्तान को 108वां स्थान मिला है, जहां अत्यधिक मुद्रा स्फीति के चलते वहां के नागरिक अत्यधिक त्रस्त हैं। एक अन्य, प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया है और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है, अर्थात इस सर्वे के अनुसार, अफगानिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता भारत की तुलना में अच्छी पाई गई है। पश्चिमी देशों में स्थिति इन संस्थानों द्वारा इस प्रकार के सूचकांक तैयार किए जाकर पूरे विश्व को भ्रमित किए जाने का प्रयास हो रहा है। इसी प्रकार, भारत में हाल ही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनावों पर भी पश्चिमी देशों ने कई प्रकार के सवाल खड़े करने के प्रयास किए थे।**



प्रह्लाद सबनानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं



आज कुछ समय पूर्व एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने वैश्विक भुखमरी सूचकांक जारी किया था। इस सूचकांक में यह बताया गया था कि भारत की तुलना में श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान, एथीयोपिया, नेपाल, भूटान आदि देशों में भुखमरी की स्थिति बेहतर है।

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की भिन्न भिन्न क्षेत्रों में रेटिंग तय करने की दृष्टि से वित्तीय एवं विशिष्ट संस्थानों द्वारा सूचकांक तैयार किए जाते हैं। हाल ही के समय में इन विदेशी संस्थानों द्वारा जारी किए गए कई सूचकांकों में भारत की स्थिति को संभवत जान बूझकर गलत दशार्या गया है। इन सूचकांकों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अफ्रीका के गरीब देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया गया है। उदाहरण के लिए अभी हाल ही में पश्चिमी देशों द्वारा जारी किए गए तीन सूचकांकों की स्थिति देखिए। सबसे पहिले उदार (लिबरल) लोकतंत्र सूचकांक में भारत की रैकिंग को 104 बताया गया है और भारत के ऊपर निजेर देश को बताया गया है। इसी प्रकार, आनंद (हैपीनेस) सूचकांक में भी भारत का स्थान 126वां बताया गया है जबकि पाकिस्तान को 108वां स्थान मिला है, जहां अत्यधिक मुद्रा स्फीति के चलते वहां के नागरिक अत्यधिक त्रस्त हैं। एक अन्य, प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया है और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है, अर्थात इस सर्वे के अनुसार, अफगानिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता भारत की तुलना में अच्छी पाई गई है। पश्चिमी देशों में स्थिति इन संस्थानों द्वारा इस प्रकार के सूचकांक तैयार किए जाकर पूरे विश्व को भ्रमित किए जाने का प्रयास हो रहा है। इसी प्रकार, भारत में हाल ही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनावों पर भी पश्चिमी देशों ने कई प्रकार के सवाल खड़े करने के प्रयास किए थे। जैसे, इस भीषण गर्मी के मौसम में चुनाव क्यों कराए गए हैं, जिससे सामान्यजन वोट डालने के लिए घरों से बाहर ही नहीं निकले, ईवीएम मशीन में कोई खराबी तो नहीं है, आदि। परंतु, भारतीय मतदाताओं ने इन लोक सभा चुनावों में भारी संख्या में भाग लेकर पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया है। न ही, ईवीएम मशीन में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई और न ही गर्मी का प्रभाव चुनावों पर पड़ा। हालांकि सत्ताधारी दल को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ कम स्थान जरूर प्राप्त हुए हैं परंतु देश में किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हुई है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव सामान्यतः शांति के साथ सम्पन्न हो गए। साथ ही, विपक्षी दलों को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ अधिक स्थान मिले हैं और उन्होंने भी चुनाव के परिणामों को स्वीकार कर लिया है। चुनाव की प्रक्रिया पर कोई सवाल खड़ा नहीं किया गया है। इस सबके बावजूद पश्चिमी देशों ने पश्चिमी लोकतंत्र सूचकांक में वर्ष 2014 में भारत को 27वां स्थान दिया था और वर्ष 2023 में भारत की रैंकिंग नीचे गिराकर 41वें स्थान पर बताई गई है।

जबकि वास्तव में तो इस बीच देश में लोकतंत्र अधिक मजबूत ही हुआ है, परंतु पश्चिमी देशों द्वारा भारतीय लोकतंत्र को ही जैसे खतरे में बताया जा रहा है और एक तरह से भारतीय लोकतंत्र पर ही सवाल खड़े कर दिए गए हैं। दरअसल पश्चिमी देशों में कुछ शक्तियां भारत के हितों के विरुद्ध कार्य कर रही हैं एवं ये ताकतें विभिन्न सूचकांक तैयार करने वाली संस्थाओं को प्रभावित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़तीं हैं। कुछ समय पूर्व एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने वैश्विक भुखमरी सूचकांक जारी किया था। इस सूचकांक में यह बताया गया था कि भारत की तुलना में श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान, एथीयोपिया, नेपाल, भूटान आदि देशों में भुखमरी की स्थिति बेहतर है। अर्थात, सर्वे में शामिल किए गए 121 देशों की सूची में श्रीलंका का स्थान 64वां, म्यांमार का 71वां, बांग्लादेश का 84वां, पाकिस्तान का 99वां, एथीयोपिया का 104वां एवं भारत का 107वां स्थान बताया गया था। जबकि पूरा विश्व जानता है कि व श्रीलंका, पाकिस्तान एवं म्यांमार जैसे देशों में खाद्य पदार्थों की भारी कमी है जिसके चलते इन देशों के नागरिकों के लिए दो जून की रोटी जुटाना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। जबकि, भारत कई देशों को आज खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रहा है।

फिर किस प्रकार उक्त सूचकांक बनाकर वैश्विक स्तर पर जारी किए जा रहे हैं। ऐसा आभास हो रहा है कि भारत की आर्थिक तरक्की को विश्व के कई देश अब सहन नहीं कर पा रहे हैं एवं भारत के बारे में इस प्रकार के सूचकांक जारी कर भारत की साख को वैश्विक स्तर पर प्रभावित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। युद्ध की विभीषिका झेल रहे एथीयोपिया में नागरिक अपनी भूख मिटाने के लिए घास जैसे भारी पदार्थों को खाकर अपना जीवन गुजारने को मजबूर हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच जीवन यापन करने वाले नागरिकों को भुखमरी के मामले में भारत के नागरिकों से बेहतर स्थिति में बताया गया है। वहीं दूसरी ओर भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि इन लोगों को खाने पीने सम्बंधी किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। फिर भी भारत के नागरिकों को भुखमरी सूचकांक में ईथीयोपिया के नागरिकों की तुलना में इतना नीचे बताया गया है।

# देश को कंगाल बनाने की घृणित राजनीति

शिव शरण त्रिपाठी

यदि चुनाव के समय राजनीतिक दलों द्वारा अपने घोषणा पत्रों के माध्यम से अपनी राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध के लिये नाना प्रकार की मुफत की रेवाडि बांटने की संस्कृति पर लगाम न लगाई गई तो देश को कंगाल होने से कोई बचा नहीं सकता।

इससे अधिक दुर्भाग्य और विडम्बना हो भी क्या सकती है कि सुप्रीम कोर्ट और सरकार के बार-बार चिंता जताने और इस पर रोक लगाने की मंशा जताने के बावजूद आज तक न तो सुप्रीम कोर्ट का कोई आदेश आ सका और न सरकार कोई कानून बना सकी। चुनाव में मुफ्त की रेवडि बांटकर सत्ता में आने वाली पार्टियों के कार्यकाल में उनके राज्यों की आर्थिक बदहाली का ही नतीजा रहा है कि कहीं बिजली नहीं मिल पा रही है तो कहीं पानी नहीं मिल पा रहा है। विकास के लिये तो मानों धन का अकाल ही पैदा हो गया है। हाल ही में यदि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को डीजल व पेट्रोल के दामों में भारी वृद्धि करने को विवश होना पड़ा है तो यह मुफत रेवडिं बांटे जाने का ही नतीजा है। यही हाल पंजाब व दिल्ली का हो चुका है। इस दिशा में 3 अक्टूबर 2022 को भारतीय स्टेट बैंक की एक रपट आंखे खोल देने को काफी है। रपट में मुफ्त रेवड़ी संस्कृति को देश की अर्थ व्यवस्था के लिये घातक बताया गया था। ज्ञात रहे 2022 में सुप्रीम कोर्ट और मोदी सरकार ने इस दिशा में कड़े कदम उठाये जाने की मंशा जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि समस्या के निदान के लिये एक समिति का गठन किया जाना चाहिये। इसके बाद 2023 में उसने मुफ्त रेवडिं बांटे जाने को लेकर ही एक याचिका पर मध्य प्रदेश राजस्थान और केन्द्र सरकार को नोटिस भी जारी किया था।

16 जुलाई 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुदेलखण्ड एक्सप्रेस वे जनता को सौंपने के बाद जनपद जालौन के कैथोरी गांव में एक जनसभा में कहा था कि देश की राजनीति से मुफ्त रेवड़ी संस्कृति खत्म करेगें। युवाओं को चेताया कि ऐसी राजनीति कर वोट बटोरने वालों से सावधान रहे, ये घातक है। उससे देश को नुकसान हो रहा है। रेवड़ी संस्कृति वाले कभी एक्सप्रेस वे, डिफेंस कॉरीडोर एयरपोर्ट नहीं बनायेगें। वो तो रेवड़ी में फसाकर खुद के खजाने भरेगें।

ऐसे में एक ही रास्ता बचता है कि देश की प्रबुद्ध जनता ही मुफ्त रेवड़ी संस्कृति को सदा-सदा के लिये खत्म करने को आगे आये वरन देश की आर्थिक बदहाली के नतीजे भोगने के लिये सभी को तैयार रहना ही होगा।

एक प्रत्याशी एक ही सीट से चुनाव लड़े- भारत निर्वाचन आयोग को सरकार से जल्द से जल्द ये कानून बनाने की मांग करनी चाहिये कि एक प्रत्याशी सिर्फ एक सीट से चुनाव लड़ सकेगा। फिलहाल जब तक कानून नहीं बनता तब तक निर्वाचन आयोग को इस दिशा में स्वयं पहल करनी चाहिये। कौन नहीं जानता कि खासकर बड़े नेताओं की दो-दो सीटों से चुनाव लडे की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है दोनो सीटे जीतने पर वे मनचाही एक सीट से प्रतिनिधित्व करते हैं और दूसरी सीट छोड़ देते हैं। नतीजतन उनके द्वारा छोड़ी गई ऐसी सीटों पर दुबारा चुनाव कराया जाता है और जिस पर देश की आम जनता की गाढ़ी कमाई दुबारा फूंकी जाती है। यह भी कम विचारणीय नहीं है कि ऐसे उपचुनावों से देश की आर्थिक स्थिति पर अनायास बोझ बढ़ जाता है और यह बोझ देश का करदाता उठाने को मजबूर होता है।

और पिसता ही जा रहा है देश का मध्यम वर्ग- चाहे निजी राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि हेतु चुनावी रेवडिं बांटे जाने की बढ़ती परम्परा हो, चाहे गरीबों हेतु चलाई जाने वाली मुफ्त की योजनायें हों और चाहे दो सीटों से जीतने वाले प्रत्याशियों का एक सीट छोड़े जाने से होने वाले उपचुनाव, आखिर इनका बोझ कौन उठाता है? साफ है देश का करदाता। अब सवाल यह है कि समाज का कौन सा वर्ग है कि करदाता के रूप में जिसकी संख्या देश में सर्वाधिक है। सपाट उत्तर आता है मध्यम वर्ग। मध्यम वर्ग में अधिसंख्य व्यवसायी समाज और नौकरीपेशा लोग आते हैं। सरकारी नौकरी में उच्च पदों पर कार्यरत लोगों को छोड़ दिया जाये तो अधिसंख्य सरकारी व निजी क्षेत्रों के नौकरी पेशा लोगों को समाज का सर्वाधिक बोझ उठाने वाला वर्ग कहा जा सकता है। समाज में ऐसी ही दशा उन छोटे व्यापारियों की भी है जो पारिवर, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने में ही अपनी सारी जिदंगी खपा देते है और मृत्यु पर्यंत उन्हे सुकून नहीं मिल पाता।

हर बजट में चाहे केन्द्रीय बजट हो और चाहे राज्यों का बजट मध्यम वर्ग की नजरें हमेशा आयकर में छूट को लेकर ही जिज्ञासु रहती है। इसका कारण उसे तंगहाली से राहत मिलने की उम्मीद जो होती है। यह भी किसी को बताने की जरूत नहीं है कि राष्ट्र व समाज की रीढ़ होते हुये भी सरकारी योजनाओं का उसे कोई लाभ नहीं मिल पाता। सारा का सारा लाभ निम्न वर्ग व उच्च वर्ग को प्राप्त होता है। मध्यम वर्ग को इससे इंकार नहीं है कि सरकार उसके करों से समाज के जरूरतमंद लोगों के लिये लाभ की योजनायें न बनाये, न लागू करें। उसे खीझ व गुस्सा इस बात से है कि राजनीतिक दलों की स्वार्थ पूर्ति हेतु ही उसे बलि का बकरा बनाया जाता है। चुनाव में रेवड़ी बांटने की संस्कृति का होता विस्तार, दो-दो सीटों से चुनाव लड़कर एक सीट छोड की परम्परा को आखिर मध्यम वर्ग क्यों ढोता फिरे? सरकार व विपक्षी दलों को इस दिशा में गहन विमर्श करना ही होगा और जितनी जल्द हो सके उतना जल्द किया जाये। यदि कहीं मध्यम वर्ग ने कंधा डाल दिया तो हालात संभाले न संभलेगें।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 30 जून, 2024



# कुपोषित बच्चों के लिए वरदान बना नरकटियागंज का पोषण पुनर्वास केंद्र

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।पश्चिमी चंपारण जिले के गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए नरकटियागंज प्रखंड स्थित अनुमण्डलीय अस्पताल कैंपस में 20 बेड वाला पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) कुपोषित बच्चों को नई जिंदगी देने में अहम भूमिका निभा रहा है। नरकटियागंज का पोषण पुनर्वास केंद्र कुपोषित बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहाँ कुपोषित बच्चे को निःशुल्क भोजन, दवा इलाज के साथ उसके मां को पोषण पुनर्वास केंद्र में रहने वाले बच्चों के साथ पूरे दिन का भोजन निशुल्क रूप से जीविका दीदी की रसोई से उपलब्ध कराया जाता है। रहने खाने की व्यवस्था के साथ ही प्रतिदिन 100 रुपए दैनिक भत्ता दी जाती है, वहीं आशा कर्मियों को पोषण पुनर्वास केंद्र में प्रति अतिकुपोषित बच्चों को रेफर करने पर प्रोत्साहन राशि के रूप में कुल 250 रु अश्विन पोर्टल के माध्यम से दी जाती है।6 माह से 60 माह तक के बच्चे को किया जाता है भर्तीः एनआरसी के नोडल सह जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी अमित कुमार ने बताया की आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों, स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज हेतु आने वाले बच्चों या आशा के द्वारा घर जाकर कमजोर, कुपोषित बच्चों की पहचान की जाती है उन्हें सुपोषित करने के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया जाता है। ऐसे बच्चों की पहचान के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है। इनमें आईसीडीएस से सहयोग लिया जाता है। कुपोषित बच्चों को एनआरसी में रखकर इलाज व स्पेशल डाइट तैयार की जाती है। जिसमें सही मात्रा में काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज तत्व युक्त भोजन दिए जाते हैं। बच्चे मुख्यतः शिशु रोग विशेषज्ञ की देखरेख में रहते हैं। उन्होंने बताया की वित्तीय वर्ष 2023- 24 में कुल नामांकित 89 बच्चे एनआरसी में भर्ती किए गए, जिनमें बेतिया 3, पिपरासी 5, नौतन 1, बैरिया 5, भितहा 2, लौरिया 3, मैनाटांड 11, सिकटा 2, योगापट्टी 3, नरकटियागंज 42, गौनाहा 6, रामनगर 4 और बगहा से 2 बच्चे आए जिनकी चिकित्सा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप शरण, नोडल पदाधिकारी डा. मणिकांत कुमार, स्टाफ नर्स विजय प्रताप सिंह, राहुल सिंह राजपुरोहित, आकाश कुमार तिवारी, फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर/न्यूट्रीशन काउंसलर द्वारा की गई। कुपोषित शिशु हो रहे हैं स्वस्थः नरकटियागंज प्रखंड निवासी कविता कुमारी ने बताया की मेरी 02 वर्ष की पुत्री खुशी कुमारी का वजन काफी कम था, देखने में काफी कमजोर थीं। अति कुपोषित होने के बाद उसे नरकटियागंज स्थित एनआरसी में भर्ती कराया। 15 दिनों के इलाज के बाद काफी सुधार हुआ। खुशी 03 मई 24 को भर्ती हुई उस समय उसका वजन 6.100 किलो था, वहीं उसके 18 मई 24 को डिस्चार्ज के समय वजन 7.150 किलो का हो गया। अब वो अच्छे से खाना खाती है। वहीं झरझरी वार्ड नंबर 15 मैनाटांड़ के छट्ठू मांझी ने बताया की मेरा बेटा संदीप कुमार जन्म के साथ ही काफी कमजोर था, इसलिए डॉ से दिखाया तब उन्होंने एनआरसी में भर्ती कराने को कहा तब फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर/न्यूट्रीशन काउंसलर आकाश तिवारी से मिलें उनके निर्देशन में बच्चे को भर्ती कराया उस समय वजन 6.400 किलोग्राम का था, वहीं इलाज के बाद डिस्चार्ज के समय वजन 7.550 किलो का हो गया। वह अपनी माँ का स्तनपान भी ठीक से नहीं करता था, अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। न्यूट्रीशन काउंसलर आकाश तिवारी ने बताया की कुपोषण के शिकार वैसे बच्चों जो 6 महीने से कम उम्र के है, शिशु जो स्तनपान करने में बहुत कमजोर है या जिन्हे माँ का पर्याप्त दूध नहीं मिलता उन्हें पता लगाकर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया जाता है, जहां उचित देखभाल और पौष्टिक आहार के माध्यम से कुपोषण को दूर करने का प्रयास किया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### घर के छत से जंगली सांप ओरेंट फ्लाइंग स्नेक का किया रेस्क्यू

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित टंकी बाजार निवासी संजय पटेल के घर की छत से जंगली सांप ओरेंट फ्लाइंग स्नेक का रेस्क्यू सफलतापूर्वक कर लिया गया है। संजय पटेल ने बताया की घर के छत की तरफ इस सांप को सरकते हुए देख तुरन्त वन विभाग को इसकी सूचना दी ।सूचना पर वन विभाग के स्नेक केचर मौके पर पहुंच काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर लिया। स्नेक दिखने में कई रंगों से बने प्रिंट के फूल उसके शरीर पर थे जो देखने मे काफी खूबसूरत लग रहे थे।स्नैक की लंबाई तकरीबन 7 फिट के करीब थे। रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि बरसात के दिनों में ये भोजन की तलाश में रिहायशी इलाके की तरफ चले आते है ।इसे देख बिना नुकसान पहुंचाए वन विभाग को सूचित करें और सतर्क रहें। उन्होंने आगे बताया कि रेस्क्यू किए गए सांप को वीटीआर के जंगलों में सुरक्षित छोड़ दिया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की हुई मौत

बेतिया(घनश्याम) ।मझौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगौली नरकटियागंज रेलखंड थवईया के समीप अज्ञात ट्रेन के चपेट में आने से 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी व मझौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया ।घटना के संबंध में थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि मृतक की पहचान लालसरैया के गोंडा सेमरा निवासी स्वर्गीय सुखदेव राम के पुत्र रामायण राम के रूप में की गई है।

### मझौलिया थाना में जनता दरबार आयोजित

बेतिया(घनश्याम) ।मझौलिया थाना में शनिवार को थाना परिसर में आयोजित संयुक्त जनता दरबार में पूर्व की अपेक्षा जनता दरबार में फरियादियों की कही भी उमड़ी रही। अंचल अधिकारी राजीव रंजन कुमार ने बताया कि आज के जनता दरबार में कुल पांच मामलों की सुनवाई करते हुए दो मामलों का कागजात अवलोकन के उपरांत दो भूमि संबंधित मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया ।वही पूर्व से चला आराहा 457 मामलों में से 446 मामलों का निष्पादन हो चुका है तथा 11 मामलों की सुनवाई अगले जनता दरबार में की जाएगी ।आज के जनता दरबार में सिरकहिया वार्ड नंबर 14 के अदूध आलम बनाम धनी लाल यादव के बीच चला आराह अतिक्रमण विवाद में राजस्व कर्मचारी तथा अमीन को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है ।वहीं थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बेवजह भूमि विवाद को तुल नही पकड़ाए कानून का उल्लंघन करने वालों को जेल से सलाखों के पीछे भेजा जाएगा विश्व जनता दरबार में थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा पांचाल निरीक्षक रघुनाथ चौधरी अखिलेश कुमार समेत दोनों पक्षों के फरियादी उपस्थित थे

### जनता दरबार में दो मामलों का हुआ निपटारा

इसुआपुर। थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें दो मामले आए। जिसको आपसी सहमति से सुलझा लिया गया। पहला मामला दरवां गांव के अनवरी खातून तथा मैनुद्दीन के बीच था। वहीं दूसरा मामला सढ़वारा गांव के चंदन कुमार सिन्हा तथा संजय प्रसाद श्रीवास्तव के बीच वर्षो से लंबित जमीनी विवाद को सुलझा लिया गया। मौके पर राजस्व पदाधिकारी पूजा रॉय, राजस्व कर्मचारी बृजनंदन सहाय तथा एएसआई मुकेश कुमार सिंह मुख्य रूप से थे।

# समाधान दिवस, चौतरवा व भैरोगंज थाना जनता दरबार का आयोजन, भूमि विवाद मामलों का निष्पादन



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला के चौतरवा व भैरोगंज थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। भैरोगंज थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में अंचलाधिकारी बगहा एक नर्मदा श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष भरत कुमार व राजस्व कर्मचारी रुपेश कुमार मौजूद रहे। वही चौतरवा थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में पुलिस इन्स्पेक्टर सह चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार एवं अंचल कार्यालय बगहा एक के राजस्व कर्मचारी प्रिंस कुमार, अमीत कुमार व फिरोज आलम मौजूद थे। अंचलाधिकारी बगहा एक ने बताया कि थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के गांवों से आये फरियादियों की बारी - बारी से भूमि संबंधित विवाद की समस्या सुनी गई, तथा त्वरित कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि समाधान दिवस पर भैरोगंज थाना परिसर में चार भूमि संबंधित मामले में दो मामलों का निष्पादन करते हुए दो फरियादियों को नोटिस जारी की गई। जबकि चौतरवा थाना परिसर में नया 6 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें 4 मामलों का निष्पादन करते हुए 8 फरियादियों को नोटिस जारी की गई। थानाध्यक्षों ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि कोर्ट कचहरी के चक्कर में नहीं पडे। बल्कि छोटे - छोटे विवादित मामलों को गवई स्तर पर सुलह समझौता करें, तभी आर्थिक, मानसिक व शारीरिक परेशानी नहीं होगी। तथा आपसी सहयोग व प्रेम से विवादित मामलों का निपटारा किया जा सकता है। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से दर्जनों की संख्या में फरियादी भूमि विवाद समेत विभिन्न प्रकार की विवादित मामलों को लेकर जनता दरबार में शामिल रहे। इस अवसर पर सब - इन्स्पेक्टर नवल किशोर ठाकुर समेत कई पुलिस पदाधिकारी एवं दर्जनों की संख्या में फरियादी मौजूद रहें।

# वाल्मीकिनगर सीएचसी में पेयजल की किल्लत नलजल की सुविधा नहीं



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा ।नसीम खान क्या बगहा पुलिस जिला के पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर के सदर अस्पताल में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। आलम यह है कि भीषण गर्मी में प्यास बुझा ने के लिए हॉस्पिटल कैम्प्स से बाहर हैंडपम्प तक चलकर मरीजों व स्वास्थ्यकर्मियों जाना पड़ता है। बतादें की इंडो नेपाल सीमा पर स्थित एपीएचसी से इसे अपग्रेड कर स्वास्थ विभाग ने सीएससी का दर्जा दे दिया है मगर सुविधा के नाम पर बिल्कुल सिफर है। हालांकि इस अस्पताल में बन्ध्याकरण के शिविर लगते रहते हैं ।स्वास्थ्यकर्मी जीएनएम व एएनएम ने नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर बताया कि महिलाओं के प्रसव करवाने के बाद हाथ धोने के लिए एक बूंद पानी की व्यवस्था तक नहीं है ।मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट नलजल का कनेक्शन तक नहीं है ।वहीं जलसंसाधन विभाग के पीएचईडी द्वारा सप्लाई भी नहीं है ।पानी टंकी है लेकिन वह खाली रहता है। हेंडपम्प होते हुए भी वह वर्षों से खराब है ।चुनांचे इस स्वास्थ केंद्र में मूल सुविधाओं का घोर अभाव है। जिस कारण स्वास्थ्यकर्मियों समेत मरीज व मरीजों के परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश की मनाई गइ जयंती



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारत विकास परिषद की छपरा शाखा ने परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती धूमधाम से मनाई । भारत विकास परिषद की छपरा शाखा ने राष्ट्र के लिए समर्पित परिषद के संस्थापक तथा प्रथम राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सूरज प्रकाश की 104 वीं जयंती का आयोजन गुजरी बाजार के काशी बाजार स्थित शाह बनवारी लाल सरोवर के प्रांगण में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति भवन में किया । इस अवसर पर परिषद के संगठन सचिव ईश्वर प्रसाद ने डॉ सूरज प्रकाश की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला । परिषद के छपरा शाखा के सचिव कृष्ण मोहन प्रसाद ने परिषद के तत्वाधान में मानवता की सेवा जनकल्याण के कार्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को रखते हुए परिषद के उद्देश्यों को पूरा करने में सभी उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों को आह्वान किया । वहीं परिषद के अध्यक्ष शंकर नाथ पाठक ने परिषद के तत्वावधान में विभिन्न कल्याणकारी कार्य जैसे वृक्षारोपण, मेडिकल कैंप तथा विद्यार्थियों को निःशुल्क पठन-पाठन की सामग्री उपलब्ध कराने पर बल दिया । अन्य मुख्य वक्ताओं में बृजेंद्र कुमार सिन्हा, प्रोफेसर के के द्विवेदी, प्रोफेसर डॉ विजय कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार वैश्य, सत्येंद्र कुमार सिंह, शिवनाथ प्रसाद, प्रभु नाथ ठाकुर, लक्ष्मी नारायण प्रसाद, भगवती प्रसाद जगाती, मनोज कुमार वर्मा संकल्प तथा अन्य ने अपने विचार व्यक्त किया । इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सदस्यों के अलावा आम नागरिक भी अच्छी संख्या में उपस्थित थे । अंत में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात राष्ट्रीय गान के साथ सभा की कार्यवाही समाप्त की गई । यह जानकारी भारत विकास परिषद के प्रेस प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार वर्मा संकल्प ने दी ।

# सिटी मांटेसरी स्कूल में सुलेख प्रतियोगिता एवं एलोक्यूशन कांटेस्ट का किया आयोजन

**नन्हें बच्चों ने अपने स्मरण से कविता, कहानी, गीत आदि की प्रस्तुति की**

- दोनों प्रतियोगिता में वर्गवार प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया उत्साहवर्धन



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा नगर के सिटी मांटेसरी स्कूल में सुलेख प्रतियोगिता एवं एलोक्यूशन कांटेस्ट का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक सौरभ के.स्वतंत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि नर्सरी से कक्षा दो तक के छात्रों के बीच एलोक्युशन कांटेस्ट का आयोजन हुआ जिसमें निर्णायक मंडल में प्राचार्या डा.सीमा स्वधा एवं निदेशक प्रो.प्रमोद कुमार गुप्ता रहें। नन्हें बच्चों ने अपने स्मरण से कविता, कहानी, गीत आदि की प्रस्तुति की। दोनों प्रतियोगिता में वर्गवार प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। एलोक्यूशन कांटेस्ट में अयांशी गुप्ता, आर्या सिंह,आराध्या सिंह, कोमल जयसवाल,अंतिमा, पुष्कर राज,अथर्व वैभव प्रथम स्थान पर रहे ।वही द्वितीय स्थान पर अश्विनी,अनाबिया,अंशिका, रुद्र प्रताप,संजीदा,रमीजा, शबनम रही ।दूसरी तरफ सुलेख प्रतियोगिता में रुद्र,हर्षित पाण्डेय,अफान इरशाद,अभय कुमार,स्वाति प्रजापति,फारिया अंजुम,प्रिंस कुमार गुप्ता,हर्ष राज,आराध्या कुमारी, पंकज प्रकाश, पलक जायसवाल, हादीया अर्जी, प्रियल यादव, हषार्ली कनक, समृद्धि कुमारी, यश कुमार ने प्रथम स्थान अर्जित किया तो वही द्वितीय स्थान पर जूही, आस्था, गीता, पूनम, नमन, सुष्मिता, दीपू, आदित्य राज, पीहू, तौहीद, नेहा, आयुष, आशीष, शाहिद, नेहा एवं श्रेया रही। विद्यालय प्रबंधक सौरभ के.स्वतंत्र ने कहा कि समय समय पर छात्रों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। बताते चले कि इस कार्यक्रम में संजय कुमार वर्मा, अशोक चौधरी, रामाकांत प्रसाद, रामार्चा शरण आदि शिक्षकों की महती भूमिका रही।

# विवाहिता की घर मे संदिग्ध स्थिति में शव मिलने से मची सनसनी

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा । बगहा के वाल्मीकिनगर स्थित लक्ष्मीपुर गांव में घर मे संदिग्ध स्थिति में विवाहिता का शव मिलने से सनसनी मच गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। विवाहिता के पिता लौरिया निवासी हजीबुल्लाह अंसारी ने दामाद समेत घर के अन्य लोगों पर दहेज के लिए पुत्री के हत्या का आरोप लगाया है ।उन्होंने वाल्मीकिनगर थाना में दिए आवेदन के माध्यम से बताया कि मेरी तीन पुत्रियों में सबसे छोटी पुत्री निखत प्रवीण की शादी लक्ष्मीपुर निवासी बिकाऊ अंसारी के पुत्र इस्माईल अंसारी से 26/11/2022 को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ कि थी। लेकिन शादी के बाद मेरी पुत्री को उसके ससुराल वालों के द्वारा चार चक्का गाड़ी और सोना चांदी व जेवरात के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा जिसका जिक्र मेरी बेटी किया करती थी ।बेटी बताया करती थी कि गालीगलौज और मारपीट के साथ खाना भी समय पर नहीं दिया करते थे। 28 तारीख को शाम 4 बजे मेरी पुत्री ने फोन कर के बताया कि सभी लोग मुझे मारपीट, गालीगलौज और जान से मारने मि बात कर रहे है। हमने दामाद से बात करनी चाही मगर बात नहीं हो सकी ।हम लोग गाड़ी लेकर रात्रि 7.30बजे पुत्री के ससुराल पहुंचे तो देखा कि मेरी पुत्री पलँग पर मृत्य पड़ी है और उसके गले मे रस्सी का काला निशान दिख रहा है ।बतादें की हजीबुल्लाह अंसारी ने दामाद,देवर,सास,ससुर पर हत्या का आरोप लगाया है ।थानाध्यक्ष विजय राय ने बताया कि मामले की जांचपड़ताल की जा रही है अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

# एजेंसी समय सीमा के अंदर कार्यों को पूरा करना सुनिश्चित करें: नगर आयुक्त



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा । शनिवार को नगर आयुक्त सुमित कुमार के द्वारा जॉइंट वेंचर एजेंसी के साथ लिगेसी वेस्ट कार्य की समीक्षा बैठक किया गया । जिसमें एजेंसी को कई महत्वपूर्ण आदेश दिया गया । कटसा में बने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट के प्रगति की समीक्षा की गई । एजेंसी से पूछा गया कि और कितने दिनों के अंदर चालू कर दिया जायेगा । बैठक में तीन दिनों के अंदर कटसा में वेस्ट कचड़ा को जल्द से जल्द साफ करवा लेने की बात कही गई, ताकि बड़े वाहन सेंटर पर आसानी से आ सके । नगर आयुक्त ने लिगेसी वेस्ट पर कार्य मे तेजी लाने को लेकर सम्बंधित एजेंसी को निर्देशित किया गया । नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि शहर के जो अपशिष्ट कचड़ा निकल रहा है,उसका निस्तारण लिगेसी वेस्ट के माध्यम से कराई जाएगी । बारिश को देखते हुये शहर का जो वेस्ट निकलेगा उसका निस्तारण लिगेसी वेस्ट के माध्यम से कराया जायेगा ' जितने भी कचड़े पड़े है उसका प्रोसेसिंग करना एजेंसी सुनिश्चित करेंगे ' नगर आयुक्त ने एक टाइम लाइन के अंदर कार्य को पूरा करने की बात भी कहीं ' उन्होंने कहा कि एजेंसी लिगेसी वेस्ट पर कार्य पूरा करना सुनिश्चित करेंगे ' साथ ही अद्धतन प्रतिवेदन कार्यलय को देना भी सुनिश्चित करेंगे ' बैठक में उप नगर आयुक्त ओम प्रकाश सिंह, नगर विकास प्रमंडल 01,विकास कुमार, सहायक अभियंता राज श्री,स्वछता पदाधिकारी सजीव कुमार मिश्रा, सुमित कुमार सिटी मैनेजर, वेद प्रकाश वर्णवाल, नीरज कुमार झा तथा एजेंसी प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

# जयप्रभा सेतु उत्पाद चेकपोस्ट पर पुलिस ने अंग्रेजी शराब लदी कार समेत दो तस्करों को पकड़ा

प्रात: किरण, संवाददाता



माँझी। यूपी बिहार की सीमा पर स्थित जयप्रभा सेतु पर तैनात उत्पाद विभाग की पुलिस ने शनिवार को तड़के शराब लदी कार को लेकर भाग रहे दो तस्करों समेत कार को खदेड़कर पकड़ लिया। इस सम्बंध में पूछे जाने पर उत्पाद विभाग के चेक पोस्ट प्रभारी अनिल कुमार ने बताया की शनिवार की अहले सुबह चेक पोस्ट पर वाहन जांच की प्रक्रिया चल रही थी। इसी क्रम में जयप्रभा सेतु होकर यूपी की तरफ से आ रही बिहार नम्बर की सफेद रंग की कार पर पुलिस की नजर पड़ी। बाद में पुलिस द्वारा जब कार की जब तलाशी ली गई तो उसमें तस्करों द्वारा चादर के नीचे छुपाकर रखी गई 315 एम एल की दो पेटी तथा 750 एम एल की 32 पेटी रॉयल स्टेज अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने शराब लदी कार को जब्त करने के साथ ही उसमें सवार दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ करने के बाद मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत उन्हें न्यायिक हिरासत में छपरा जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा पूछ ताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि शराब की यह खेप उत्तर प्रदेश के बैरिया से छपरा शहर ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार दोनों तस्कर बिहार के मोतिहारी जिले के रहने वाले बताए जाते हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कम्प ब्याप्त है।

# जीरो डोज टीकाकरण के सफल क्रियान्वयन को ले प्रशिक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता



माँझी सारण टीकाकरण सबसे अच्छे तरीकों में से एक है जिससे आप खुद को, अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ियों को संक्रामक रोगों से बचा सकते हैं . दूसरे शब्दों में, यदि आप अपने बच्चो का समय समय पर टीकाकरण कराते हैं तो आप उन बीमारियों को खत्म करने में मदद करते हैं जो अभी और भविष्य में फैल सकती हैं. बच्चों और गर्भवती महिलाओं के सफल स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नियमित अंतराल पर टीकाकरण कराया जाता है. नियमित टीकाकरण बच्चों और महिलाओं को भविष्य में होने वाले विभिन्न तरह के बीमारियों से सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करता है लेकिन अभी भी बहुत से लोग हैं जो इन टीकाकरण से वंचित रह जाते हैं उनको प्रचार प्रसार एवम प्रभाव शाली व्यक्तियों, जन प्रतिनिधि के सहयोग से प्रेरित किया जा सकता है. सभी को समय पर सभी प्रकार के टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जीरो डोज क्रियान्वयन कार्यक्रम चलाया जा रहा है. जिसपर यूनिसेफ के रटउ आरती त्रिपाठी ने बताया कि 1 साल से नीचे का वैसा लाभार्थी जिसका अभी तक 6 सप्ताह वाला स्त्रील्लइ 1 टीका नही लगा है वैसे बच्चे को जीरो डोज से छूटा हुआ बच्चा कहते है ।प्रखंड में जीरो डोज क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रोहित कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ एएनएम को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया ।इस दौरान यूनिसेफ के रटउ आरती त्रिपाठी , इल्नट राममूर्ति, इउट विवेक कुमार ब्याहुत, यूनिसेफ के इटउ संजय अनुपम, हल्ड के मॉनिटर अभिषेक कुमार, इट&एअ राकेश कुमार राम एवम सभी उल्ड, अठट और आशा फैशलिटेटर शामिल थे प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी एएनएम को संबोधित करते हुए रोहित कुमार ने बताया की बच्चों और महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनका नियमित टीकाकरण होना आवश्यक है. जितने छूटे हुए लाभार्थी एरिया में है उन सभी का समय से विभाग को रिपोर्ट होना चाहिए. संबंधित रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा हाई रिस्क बच्चों और महिलाओं की पहचान करते हुए उन्हें समय पर टीकाकरण एवम स्वास्थ्य सहायता प्रदान किया जा सके. इसके लिए समुदाय के कार्यरत आशा कर्मियों, एएनएम के साथ साथ प्रखंड स्वास्थ्य अधिकारियों को भी सजग रहने की जरूरत है. सभी जानकारी समय से पोर्टल पर दर्ज होने से टीकाकरण से वंचित लाभार्थियों की गणना कर उन्हे टीकाकरण कराना सुनिश्चित किया जाएगा. इसके लिए सभी को भरसक प्रयास करने की जरूरत है जिससे कि प्रखंड में नियमित टीकाकरण का स्तर को बढ़ाया जा सके।

रटउ आरती त्रिपाठी ने बताया कि बच्चों और महिलाओं के नियमित टीकाकरण के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जीरो डोज कार्यक्रम की शुरूआत की गई है. इसके द्वारा टीकाकरण की सभी जानकारी विभिन्न पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा जिसका क्रियान्वयन विभिन्न सहयोगी संस्थाओं द्वारा किया जाएगा. इसके तहत टीकाकरण से वंचित लाभार्थियों की पहचान करते हुए उनका नियमित टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा. नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए दिया गया है सर्वे पंजी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार ने बताया कि नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए सभी कर्मियों को प्रति टीकाकरण सत्र सर्वे पंजी उपलब्ध कराई गई है। जिसमें लाभार्थियों का चुल्हेवार सर्वे सुनिश्चित किया जाएगा. सर्वे पंजी में 0-6 वर्ष के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का पूर्ण विवरण रखा जाएगा. टीकाकरण के बाद लाभार्थियों को दिए गए टीके की तिथि को पंजी में आशा या मोबिलाइजर द्वारा अंकित करते हुए संबंधित जानकारी पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करना है।

# पशु मैत्री प्रमाण पत्र की मांग को लेकर प्रशिक्षुओं ने ज्ञापन सौंपा

प्रात: किरण, संवाददाता

बनियापुर। पशु मैत्री प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षुओ का प्रमाण पत्र नही मिलने पर उक्त आशय का स्मार पत्र जिला पशुपालन पदाधिकारी को सौपा है जिसमे बताया गया है कि वर्ष 2022-23 मे प्रशिक्षण के बाद कई बार ज्ञापन देकर प्रमाण पत्र की मांग की जा चुकी है, जिस को लेकर जिला महा संघ गोप गुट के जिला सचिव सैयद मोहम्मद नजमी के नेतृत्व मे जिला सचिव सुनील कुमार जिला कोषाध्यक्ष मनोज कुमार जिला संरक्षण अमित कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष विजय कुमार उपसचिव रमेश गुप्ता मानी कुमार जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे पशु मैत्री का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एव अल कीट का समय समय वितरण ना होने के बिंदु पर एक ज्ञापन जिला पशुपालन पदाधिकारी सारण को सौप प्रमाण पत्र की मांग की गयी है,जिसके बाद आने वाली बहाली मे काम आ सके।

# ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह एवं अन्य का किया गर्मजोशी के साथ स्वागत

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सांसद राजीव प्रताप रुंडी का प्रयास लाया रग शेरपुर दिघवारा सिक्स लेन पुल से अब गंगहारा दियारा भी जुड़ेगा। जिससे ग्रामीणों मे खुशी का माहौल ज्ञात हो बहुत दिन से ग्रामीणों ने सांसद राजीव प्रताप रूडी से ग्रामीणों ने मांग की थी शेरपुर दिघवारा सिक्स लेन पुल से गंगहारा गाँव को रैंप अप्रोच रोड से गाँव को जोड़ा जाये इसके लिए रूडी जी ने भी एनएचएआई के अधिकारी से बात कर जोड़ने की बात की थी जिसके बाद आज स्वीकृति मिलने पर गाँव मे पहुंचने पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ,युवा नेता राहुल सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपक गुप्ता ,रमाकांत सिंह का ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ अंग वस्त्र से जोरदार स्वागत किया और इस कार्य के लिए सांसद रूडी जी को धन्यवाद दिया ज्ञात हो की इससे पहले भी रूडी जी के पहल से पूरे दियारा छेत्र मे बिजली पहुंची थी और ग्रामीणों को पहली बार बिजली की सुविधा मिली इसके लिए ग्रामीणों ने रूडी के पहल की सराहना की और धन्यवाद दिया और कहा की रूडी जी हमेशा हमलोगो के सुख दुख मे साथ रहते है इसके लिए हमलोग उनका आभारी है यह रोड बन जाने से हमलोगो को अब पटना जाना काफी सुलभ हो जायेगा और सैकड़ो गाँव के लोगो को इसका लाभ मिलेगा इस अवसर पर संजीव सिंह राठौर राजीव सिंह राठौर नीरज सिंह अमित सिंह संतोष सिंह अनिल सिंह के नेतृत्व मे सैकड़ो लोगो द्वारा जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर अकीलपुर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शैलेश शाह समाजसेवी भरत सिंह भी उपस्थित रहे सभी लोगो ने इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और सांसद राजीव प्रताप रूडी और माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ से बचाव को लेकर एसडीआरएफ ने चलाया जागरूकता अभियान



आरा। जिले के कोइलवर प्रखंड परिसरस्थित सभागार में एसडीआरएफ की टीम द्वारा लोगों के बीच बाढ़ से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एसडीआरएफ के कमांडर मनोज कुमार सिंह के अगुवाई में टीम के सदस्यों ने बाढ़ आने पर उससे बचने के गुर सिखाए।कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला पुरुष सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार ने बाढ़ के दौरान उतपन्न आपदा से बचने के उपाय उपस्थित लोगों को बताये। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों ने घरेलू सामान से राफ्ट बनाने का तरीका सिखाया। उन्होंने बताया कि बाढ़ के दौरान पानी में से सुरक्षित निकलने के लिए बोतल राफ्ट,थमोकौल राफ्ट,तसला राफ्ट,सूखे नारियल का राफ्ट,केला के पेड़ का राफ्ट,ट्यूब राफ्ट इत्यादि घर के सामान से ही बनाकर सुरक्षित निकला जा सकता है।इसके अलावे लाइफबॉय और लाइफ जैकेट इत्यादि की सहायता से भी पानी से बाहर निकला जा सकता है।जनजागरूकता कार्यक्रम के दौरान एसडीआरएफ के इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ पूर्व तैयारियों एवं राहत तथा बचाव के साथ होने वाली घटना के बारे में आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो जिले के विभिन्न प्रखंडो में चलाया जाएगा। मौके पर बल के अमित कुमार,दीनानाथ शर्मा,निखिल कुमार मौजूद रहे।

### नगर आयुक्त ने वार्ड पार्षद के साथ जलापूर्ति संबंधित समिक्षा की



गया।गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा नगर निगम कार्यालय में पितृपक्ष मेला के वार्ड संख्या 32 से 46 एवम दोपहर में वार्ड संख्या 01 से 14 तक के वार्ड पार्षद के साथ समीक्षा बैठक की गई है।इस बैठक में मुख्यतः बुडको एवम अन्य विभाग द्वारा जलापूर्ति पाइप लाइन बिछाने के क्रम में तोड़े गए ऐसे पथों की सूची जिसकी अभी तक मरमती नहीं कराई गई, अविलंब देने को कहा गया ताकि संबंधित विभाग से समन्वय कर अविलंब बनवाया जा सकेगा।नाली सफाई के क्रम में तोड़े गए नाली ढ़क्कन की सूची भी मांगी गई ताकि जांच कराकर बनवाने की कार्यवाई की जायेगी। वार्ड के अन्य समस्या को भी गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद समुचित कार्यवाई करने का आश्वासन दिया गया है।इस बैठक में उप नगर आयुक्त, शैलेंद्र कुमार सहायक अभियंता, राकेश कुमार कार्यपालक अभियंता,ज्योति प्रकाश सहायक अभियंता, बुडको, लोक स्वच्छता पदाधिकारी, सभी कनीय अभियंता मौजूद थे।

### कटावरोधी रोकथाम हेतु सरकार जरूरी कदम उठाए : एपी पाठक

बगहा।भारत सरकार के पुर्व एडीजी तथा बाबु धाम ट्रस्ट के संस्थापक एपी पाठक ने चंपारण में संभावित बाढ़ और नदियों के कटाव पर चिंता व्यक्त किया है। एसपी पाठक ने कहा कि चंपारण के अधिकांश जगहों,नदियों के तटवर्ती इलाकों,नहरों और नेपाल से आनेवाली छोटी छोटी छिछली नदियों के कारण चंपारण में बारिश के समय कहीं कहीं भयावह स्थिति हो जाती है। गंडक नदी के तटवर्ती लगभग 5 दर्जन गांवों ,बगहा शहर,और नदी के बांध किनारे के लोगों की स्थिति ,आवागमन और व्यवसाय बाढ़ में बहुत प्रभावित होता हैं। स्कूल,कॉलेज और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बंद रहते है। अस्पतालों में जानेवाली सड़के ,किसानों के गोदाम,छोटे छोटे रोजगार प्रभावित होते हैं। बाढ़ की स्थिति में किसानों की खेती चौपट हो जाती और मवेशियों का चारा खत्म हो जाता और उनके ठिकाने भी प्रभावित होते है। सांस्कृतिक और कम्युनिटी बेस्ड एक्टिविटी भी प्रभावित होते है। अतः बाढ़ की विभीषिका से पुर्व वर्तमान सरकार और उसके तंत्र को इस विषय पर सम्यक विचार कर इसके रोकथाम और अन्य जरूरी कदम उठाने की जरूरत है।

# बिहार में पुल गिरने पर केन्द्रीय मंत्री ने शंका जताई : जितन राम मांझी

प्रात : किरण संवाददाता



गया। गया लोकसभा सांसद सह केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के दिल्ली लौटने के बाद गया के अतिथि भवन में कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया गया है। मंत्री को कार्यकताओं के द्वारा फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया है।इस दौरान कई कार्यकताओं ने विभिन्न मामलों पर उनसे बातचीत की है वही पत्रकारों ने पुल गिरने के मामले पर जब सवाल किया तो उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह चिंता का विषय है। इधर, कुछ दिनों में कई पुल गिरने की घटनाएं हुई हैं लेकिन 15-20 दिन पहले इस तरह की घटनाएं नहीं हुआ करती थी तो यह जांच का विषय है।आखिर लगातार पुल गिरने की घटना क्यों हो रही है ?इसके पीछे कोई साजिश तो नहीं है तो फिर खराब मैटेरियल इसमें इस्तेमाल तो नहीं किया जा रहा क्योंकि पूर्व में शायद ही एक-दो पुल गिरा करते थे लेकिन लगातार इस तरह की घटना इशारा करती है कि इसके पीछे कोई साजिश है. सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।जो लोग भी इसके पीछे हैं उनके खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।वही संसद सदस्य के करवाई के सवाल पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि संसद भवन में ओवैसी द्वारा शपथ ग्रहण के क्रम में जय फलिस्तीन का नारा लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह अलोकतांत्रिक बात हुई है। सदस्यों ने कार्रवाई करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि संविधान की रक्षा करने के लिए संविधान का शपथ लेते हैं। संविधान में देश के विरोधी तत्व के बारे में अगर कोई बोलता है तो मूर्खता है। भारत सरकार इस पर जरूर कार्रवाई करेगी। लोकसभा अध्यक्ष को कई मंत्री और सांसदो ने कार्रवाई के लिए लिखा है। हमारे भारतीय दूसरे जगह मारे जाते है तो उसके लिए नारा क्यों नही लगाया जाता है ? फिर फलिस्तीन की बात क्यों करते है। अपने देश की बात करते। फलिस्तानी की तो निंदा करनी चाहिए, जिसके कारण से भारतीय मारे जाते है। भारत सरकार सभी भारतीयों को सुरक्षित निकालने का प्रयास कर रही है।जो भारतीय मुसीबत में फंसे है। ऐसे में फलिस्तीनी ओवैसी का नारा लगाने का क्या औचित्य है। जिनपर कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने के एक रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल को मिनी पाकिस्तान बताया है। पत्रकार के एक सवाल पर केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि जानकारी नही है, लेकिन यह बात सच है कि शरणार्थी के नाम पर हमारे बिहार और बंगाल में बांग्लादेश और सटे देशों से काफी संख्या में शरणार्थी आते है। वैसे शरणार्थियों पर सरकार सोच समझ कर निर्णय लेगी। हालांकि पश्चिम बंगाल को मिनी पाकिस्तान या मिनी बांग्लादेश हो रहा है यह कहना हमे उचित नही लगता है। बंगाल सरकार द्वारा भाजपा कार्यालय पर बुलडोजर चलाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गलत और असंवैधानिक बात है। हिंदुस्तान में सभी पार्टी को काम करने का अधिकार हैं। चाहे वह किसी भी दल या पार्टी का हो।

# ग्रामीण बैंक की योजनाओं का लाभ उठाएं ग्राहक : क्षेत्रीय प्रबंधक

प्रात : किरण संवाददाता



भोजपुर। आरा क्षेत्रीय कार्यालय दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक हरिजी के हाता में क्षेत्रीय अधिकारी राजेश भारती जी के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया। क्षेत्रीय अधिकारी ने अपने संबोधन में आरा प्रक्षेत्र में रिटेल एवं कृषि ऋण में भोजपुर की जनता को हरसंभव लाभ देने की बात की साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हमारा बैंक हर वर्ग के लोगों को वित्तीय सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा आवास ऋण,वाहन ऋण तथा शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने की बात की गयी। क्षेत्रीय अधिकारी राजेश भारती ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को जनसाधारण तक पहुचाने की बात कही साथ ही साथ ही साथ सभी ऋणियों से अनुरोध किया कि ससमय ऋण जमा करें तथा खराब हो चुके ऋण खातों को समझौता कर बंद करें उन्होने जुलाई माह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर खराब ऋणों को छूट प्राप्त कर बंद कराने का आवाहन किया। साथ ही उनके द्वारा बैंक के डिजिटल प्रोडक्ट जैसे मोबाइल बैंकिंग, डेबिट कार्ड तथा वढक इत्यादि की बैंक के ग्राहकों को अधिक से अधिक प्रयोग में लाने का भी आवाहन किया।

# पिपरहियां गांव में आर्टिफिशियल ज्वेलरी का त्रैमासिक प्रशिक्षण का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। अंधेरी हिल्फ परियोजना के तहत भोजपुर महिला कला केंद्र द्वारा आरा प्रखंड के पिपरहियां गांव में दलित और महादलित समुदाय के वंचित परिवारों की महिलाओं एवं किशोरियों के लिए त्रैमासिक आर्टिफिशियल ज्वेलरी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माननीय महामहिम राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित, भोजपुर महिला कला केंद्र की सचिव श्रीमती अनिता गुप्ता, संस्था की कोषाध्यक्ष श्रीमती गीता देवी, परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार, तथा उक्त प्रशिक्षण की मास्टर ट्रेनर विशाखा देवी और विभा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्रीमती अनिता गुप्ता ने कहा कि यह कार्यशाला तीन माह तक चलेगी। इस दौरान सभी को गला सेट, झुमका, तोरण, चूड़ी, लहठी आदि बनाने का हुनर सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से सीखे गए हुनर को प्रतिदिन प्रैक्टिस करना होगा ताकि सभी चीजें याद रहें। हम उम्मीद करते हैं कि इस प्रशिक्षण के बाद आप इसे अपने रोजगार के रूप में उपयोग करेंगे। वर्तमान मार्केट की मांग के अनुसार हम अपने प्रोडक्शन में बदलाव लाएंगे और उसके अनुरूप हुनर सिखाएंगे, जिससे महिलाओं और किशोरियों की एक अलग पहचान स्थापित हो सकेगी।

भोजपुर महिला कला केंद्र की सचिव श्रीमती अनीता गुप्ता ने कहा कि दलित और महादलित परिवार की अति गरीब किशोरियों के लिए हम आने वाले समय में प्रोडक्शन हाउस खोलने की योजना बना रहे हैं ताकि महिलाओं को रोजगार मिल सके। परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार ने अंधेरी हिल्फ परियोजना के कार्यो का विस्तारपूर्वक विवरण देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण से महिलाओं और किशोरियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि स्वयं का रोजगार सृजन कर पाएंगी। संस्था की ओर से समय-समय पर मार्गदर्शन भी दिया जाएगा और भविष्य में जरूरत पड़ने पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले कुल 35 प्रशिक्षुओं को संस्था की ओर से प्रमाणपत्र दिया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्ता, सरकारी योजना क्रियान्वयन समन्वयक अतुल कुमार, उत्प्रेरक पूनम देवी, रूपा देवी, सोनू कुमार, सामुदायिक शिक्षक सरिता देवी, शिवानी कुमारी और पुष्पा देवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बालिका विद्यालय चरपोखरी के प्रांगण में किया गया चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। प्रोजेक्ट बालिका+2 विधालय चरपोखरी के प्रांगण में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। तकरीबन 50 छात्राओं के बीच यह प्रतियोगिता आयोजित किया गया। विषय जल जीवन हरियाली पर छात्राओं द्वारा अदभुत सौंदर्य परख चित्र सृजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि जल जीवन हरियाली विषय पर छात्राओं द्वारा सृजित किया गया चित्र दर्शनीय है। रंग रोगन और संयोजन में मौलिकता है, ग्रामीण परिवेश कि साफ झलकियां चित्रों में दिख रहा है।

इस प्रतियोगिता में दो ग्रुप सिनियर और जुनियर बनाया गया था। इसलिए जजमेंट ग्रुप भी दो था। जुरी मेंबर में मुख्य वरिष्ठ शिक्षक अजय राय के साथ सुनित त्रिपाठी व शुभांशु शर्मा, द्वितीय ग्रुप में जजमेंट युवा अनुभवी शिक्षिका अर्पिता यादव, पिंकी कुमारी, सुकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में शिक्षक अजय राय ने पुरे विस्तार से विषय पर विचार रखते हुए कहा कि छात्राओं में अदभुत प्रतिभा है, सृजित चित्र खासा प्रभावित कर रही है। सुनित त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा यह पल संग्रहणीय है, छात्राओं में उत्साह है सृजनात्मक छमता है बस उन्हें मंच कि आवश्यकता है। अवसर दिया जाए तो बच्चे साबित कर देंगे कि शहरी क्षेत्रों के बच्चों से कम नहीं है। खेलकूद शिक्षक प्रवेज आलम अपने संबोधन में कहा कि छात्राओं द्वारा सृजित चित्र का प्रदर्शनी लगनी चाहिए। लकिरो में लय है विषय को लेकर चित्र संदर्भ संगत बतकही करते नजर आ रहे हैं। आयोजन का संचालन करते हुए वरिष्ठ चित्रकार रौशन राय ने कहा चित्रों में तकनीकी मजबूती है। छात्राओं के जीवन रूपी विषय संदर्भ चीत्रो में साफ देखा जा रहा है। सिनियर ग्रुप में प्रथम स्थान अंजलि कुमारी, द्वितीय स्थान शिवानी कुमारी तृतीय स्थान नंदनी कुमारी ने हासिल किया। जुनियर ग्रुप में प्रथम स्थान खुशी कुमारी द्वितीय स्थान सुहानी कुमारी तृतीय स्थान सुरभि कुमारी ने हासिल किया। चयनित छात्राओं को जिला में भेजा जाएगा।इस अवसर पर संबोधित करते हुए पिंकी कुमारी ने कहा चित्र प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली छात्राओं में प्रतिभा की कमी नहीं है बस उसे पहचान कर आगे बढ़ाने की जरूरत है।

# बीएस डीएवी में 'योगासन प्रतिस्पर्धा' का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय बी.एस.डीएवी. प.स्कूल में पितृ दिवस और योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विदित हो कि ग्रीष्मावकाश के कारण यह आयोजन लंबित था। कार्यक्रम का आरंभ आचार्य सुरेंद्र पाण्डेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्जवलित कर के किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्राचार्या ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। कक्षा नर्सरी तथा के.जी.वर्ग के बच्चों व परिजनों को संबोधित करती हुई प्राचार्या श्रीमती नीशू जायसवाल ने कहा कि यह लंबित आयोजन विद्यार्थियों के उत्साह और प्रतिस्पर्धा को बनाये रखने के लिए एक जरूरी आयोजन है। नन्हें बच्चे अपने माता-पिता से सप्रेम जुड़े रहें और भावनात्मक स्तर पर उनका विकास हो , इस लिए ऐसे आयोजनों का महत्व बढ़ जाता है। प्राचार्या ने 'योगासन प्रतिस्पर्धा' के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा में चयनित योगा के विद्यार्थियों को विधिवत प्रशिक्षण देकर प्रक्षेत्रीय स्तर पर तैयार किया झाएगा। 'पितृ दिवस' के लिए उपस्थित बच्चों के अभिभावकों ने अपने बच्चों को गोद में लेकर दौड़ लगाई।इस दौड़ में यू.के. जी.के आयांश, श्रद्धा तथा कृतिका व शिवांश(संयुक्त) के परिजनों ने क्रमशः प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। इन्हें इनके बच्चों द्वारा स्वयं से बनाये हुए आइसक्रीम स्टिक फ्रेंम में जड़ित पिता की तस्वीर भेट दी गई। नर्सरी के बच्चों ने 'आई लव यू डैडी, यू आर माई स्वीट डैडी' कविता तथा 'आई लव यू माई डैडी' गीत पर समूह नृत्य कर के सबको भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी अपने बच्चों के साथ का अनुभव साझा किया। संगीत शिक्षक विष्णुशंकर ओझा ने गायन व संगीत में बच्चों का सहयोग किया। प्रीसा तथा यूकेजी के कुछ बच्चों ने भी अपनी भावनाएँ साझा की।

दूसरे सत्र में कक्षा पाँचवी से आठवीं तक के बच्चों की 'योगासन प्रतिस्पर्धा' भी बखूबी संचालित हुई। इस में विद्यार्थियों की सहभागिता हाउस वाइज व आयु वर्ग के आधार पर हुई। बच्चों द्वारा कई प्रमुख आसनों को किया गया। पश्चिमोत्तासन, मतस्यासन, कुकुटासन , चक्रासन तथा वृक्षासन जैसे महत्वपूर्ण आसनों को निर्धारित समय में विधिवत करते हुए कई बच्चों ने सबका ध्यान आकर्षित किया।

इस आयोजन में डॉ.मिथिलेश कुमार , योग गुरु संजय श्रीवास्तव , किरण कुमारी तथा अन्य का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। बच्चों की उत्साहजनक सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा।

# दया प्रकाश सरस्वती विद्या मंदिर गया में एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया पौधा

प्रात : किरण संवाददाता



गया।भाजपा के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत दया प्रकाश सरस्वती विद्या मंदिर गया में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव, जिला मंत्री बिनोद सिंह,मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, जिला व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक दीपक पाण्डेय सहित विद्यालय के प्राचार्य सत्य शेखर रॉय सहित विद्यालय के द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया है ।इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ मातृत्व के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए इस तरह का आयोजन रखना प्रत्येक पुत्र के लिए गौरव की बात हैं माताओं एवं पेड़ पौधे के सम्मान और प्रेम प्रकट करने के लिए सुंदर तरीका हैं आज हम गौरवान्वित महसूस करते हैं कि देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी के द्वारा किया गया यह देश के लिए राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम हैं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन 23 जून से लेकर 6 जुलाई तक प्रत्येक बूथ पर चलाया जाएगा अपनी माताएं के प्रति प्रेम और सम्मान के लिए इस तरह का कार्यक्रम रखा गया हैं आज के कार्यक्रम में कार्यक्रम के जिला प्रभारी डॉ अनुज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित हुए हैं।

# कायस्थ समाज को रजिस्टर्ड करने का सुझाव दिया : डॉक्टर संजय रघुवर

प्रात : किरण संवाददाता



गया।इस देश का दुर्भाग्य है कि आज सारा कुछ जाति के आधार पर ही तय हो रहे हैं सरकारी नीतियां भी इसी आधार पर बना रही है' और राजनीतिक पार्टियों का संचालन भी जाति के आधार पर हो रहा है ऐसी स्थिति में कायस्थों की हालत अत्यंत ही जर्जर हो गई है राजनीति में तो कायस्थ समाज विलुप्त होने के मुकाम पर पहुंच गया है' देश में कई कई अखिल भारतीय कायस्थ महासभा चल रहा है और इस जाति समाज के नाम पर देश में हजारों संगठन के लेटर पैड जरूर मौजूद हैं किंतु धरातल पर समाज के सभी क्षेत्रों में उन्नति के लिए एक भी संगठन सक्रिय नहीं है, ऐसी विषम परिस्थिति में मध्य प्रदेश के अंतर्गत ग्वालियर के श्री राकेश श्रीवास्तव जी ने देश के संवेदनशील लोगों के साथ मिलकर व्हाट्सएप एवं फेसबुक पर कायस्थ समाज भारत का निर्माण किया है जिसके संवेदनशील सदस्यों के द्वारा देश के विभिन्न कोने में समाज के अत्यंत कमजोर बीमार लाचार व्यक्तियों को इलाज के लिए तथा संभव आर्थिक मदद की जा रही है तथा रोजगार खड़ा करने के लिए भी यथाशक्ति मदद की जा रही है लेकिन समाज में इतनी गरीबी और लाचारी है कि यह मदद प्राप्त नहीं है किंतु प्रशंसनीय है और इस निराशा के क्षण में समाज के लोगों में एक विश्वास उत्पन्न किया है भरोसा उत्पन्न किया है जिसके लिए मैं कायस्थ समाज भारत के मुख्य संचालक श्री राकेश श्रीवास्तव जी ग्वालियर सहित सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करता हूं' मैं इस ग्रुप के मुख्य संचालक एवं सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध करना चाहता हूं कि समाज के बेहतरी के लिए इस संगठन का ट्रस्ट के रूप में रजिस्ट्रेशन तत्काल करने का कष्ट करें ताकि संगठन के पास अपना निजी को श हो तत्काल जरूरत पड़ने पर जरूरतमंदों की मदद हो सके' समाज में समस्याएं अनंत है इसके समाधान के लिए देश के सभी राज्य सभी जिले में इस संगठन को सशक्त करने की आवश्यकता है' प्रतिभावान गरीब छात्रों को जुडिशल एवं प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए तथा छोटे-छोटे रोजगार के लिए प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जानी चाहिए जब संगठन हर जगह बन जाएगा सशक्त हो जाएगा तो बैंकों पर दबाव बनाकर आसानी से ऋण प्राप्त किया जा सकते हैं ताकि कारोबार को खड़ा किया जा सके' देश में लोक लोकतांत्रिक व्यवस्था है जिसे अंतर्गत चुनाव होते हैं और चुनाव के माध्यम से सरकार बनती है।

जिसमें आज कायस्थों की भूमिका नहीं हो पा रही है जिसके लिए आवश्यक है यह संगठन विधानसभा चुनाव में लोकसभा चुनाव में अपने समाज के राजनीतिक कार्यकर्ता को खड़ा करें वह किसी भी पार्टी का हो यदि वह गरीब है पर समाज के सवाल पर संघर्षरत है तो चुनाव में उसकी आर्थिक मदद की जानी चाहिए' आजादी की लड़ाई में पूरे देश में सभी जातियों से ज्यादा इस समाज के लोगों ने अपनी कुबार्नी दी है यातना सही है देश के आजादी के बाद भी राजनीति में महत्वपूर्ण पदों पर रहकर राष्ट्र की सेवा की है ऐसे महापुरुष एवं महिला इतिहास के कूड़ेदान में फेंक दिए गए हैं तो यह जवाब दे ही बनती है की इन सबों की स्मृति को जीवित रखने का मुहिम चलाया जाए ताकि वर्तमान युवा पीढ़ी एवं आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिल सके ऐसा करना बहुत आवश्यक है' मैं स्पष्ट रूप से मानता हूं कि देश में जो अपने समाज के जातीय महासभा चल रहे हैं वह नकारा साबित हुए हैं उनसे उम्मीद करना फालतू है उसके जो राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं वह अपना और अपने परिवार के टिकट के लिए ही केवल जातीय संगठन के नाम पर वोट रखे हुए हैं ऐसे लोगों से समाज के लिए उम्मीद नहीं की जा सकती है।

ऐसी स्थिति में एकमात्र संगठन कायस्थ महासभा भारत ही दिखाई पड़ता है जिससे एक उम्मीद की किरण जगी है' मैं अवगत कराना चाहूंगा कि विगत 1 वर्ष पहले पटना के वरिष्ठ पत्रकार एवं दस्तक प्रभात के संपादक श्री प्रभात वर्मा जी के बेटे का वाराणसी में एक्सीडेंट हो गया था और वह वाराणसी के ट्रामा सेंटर में एडमिट थे तो मेरे अनुरोध पर इस ग्रुप में उनकी यथाशक्ति आर्थिक मदद की थी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



भोजपुर। बिहिया प्रखंड के कुंडेश्वर , रानीसागर, शिवपुर में वृक्षारोपण किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण विद रमेश कुमार सुदामा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण युग धर्म है एवं वृक्षारोपण सबसे बड़ी पूजा, भारतीय संस्कृति में सबसे पहले प्रकृति पूजन की महता रही है, भगवान विष्णु को तुलसी दल, भगवान शिव को बिल्वपत्र, एवं पिपल में भगवान ब्रह्म का स्थान बताया जाना ईसका उदहारण है। वहीं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि पेड़ उपक्रम के सह प्रमुख नित्यानंद ओझा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। आज जो जलवायु अनियंत्रित हुआ है इसका सबसे बड़ा कारण यही हैं की जितना पेड़ हम लगाते नही उसका कई गुना हम लोग अपने निजी स्वार्थ में काट देते है जिसका परिणाम हम सब झेल रहे है भीषण गर्मी पड़ रही है जनजीवन त्रस्त है पारा 50 के पार पहुँच गया है लग रहा है इंसान जिंदा ही जल जायेगा ।इसका एक मात्र उपाय पेड़ पौधा लगाना ही है। इसी से हम पर्यावण को नियंयन्त्रित कर सकते है और हरियाली से इस भूगर्भ को सिंचित कर सकते है आइये इस पर्यावरण दिवस पर हम सब संकल्प ले की पेड़ लगाये जिन्दगी बचाये ये बात पर्यावरण विद रामेश कुमार सुदामा ने कही। कार्यक्रम में , दिपक सिंह शैलेश ओझा, शंभु चंद्रवंशी, शशीकांत पांडेय, हरेंद्र पांडेय , उपेंद्र बजरंगी एवं लोक गायक मोनू कुमार उपस्थित रहे।

# नगर अंचल के राजस्व कर्मचारी को काम में अनियमितता पाने पर जिलाधिकारी ने किया निलंबित

गया।नगर अंचल अंतर्गत केशरू धरमपुर क्षेत्र के दाखिल खारिज में अनियमितता एव लापरवाही को लेकर जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने राजस्व कर्मचारी रौशन कुमार को निलंबित कर दिया है। जिला पदाधिकारी के समक्ष एक आवेदक ने आवेदन दिया कि मौजा केशरू, हल्का केशरू धरमपुर में खाता प्लॉट एव रकवा दर्ज है। इसके साथ ही राजस्व विभाग के अधिकार अभिलेख ऑनलाइन में भी समान विवरण दर्ज है। इस मामले को लेकर जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता राजस्व द्वारा जांच करवाया गया है। सभी दस्तावेजों के देखने से ज्ञात हुआ है कि राजस्व कर्मचारी और तत्कालीन अंचल अधिकारी के द्वारा खेसरावार रकवा यदि ज्ञात किये जाने का प्रयास किया जाता तो रकवा स्पष्ट हो सकता था।किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकार अभिलेख ऑनलाइन में दर्ज खेसरा का रकवा भी प्रस्तुत खतियान की प्रति से मिलान करने का कोई प्रयास नहीं किया गया और रकवा स्पष्ट नहीं होना प्रतिवेदित कर दिया गया है। राजस्व कर्मचारी के द्वारा खेसरा सत्यापन के लिए मापी का भी मंतव्य दिया गया था।किन्तु तत्कालीन राजस्व अधिकारी के द्वारा उस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उपलब्ध राजस्व अधिकार अभिलेख ऑनलाइन, नया सर्वे खतियान की अभिप्रमाणित प्रति के अवलोकन से स्पष्ट हुआ है कि दाखिल खारिज में राजस्व कर्मचारी और तत्कालीन राजस्व अधिकारी के द्वारा जान-बुझकर लापरवाही की गई है।

# श्रेया हत्याकांड में मुख्य दो आरोपी गिरफ्तार

औरंगाबाद। जिले के नवीनगर में हुए चर्चित श्रेया हत्याकांड का शनिवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस हत्याकांड में शामिल मुख्य दो आरोपियों को पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए कार समेत गिरफ्तार किया है। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि इस घटना के त्वरित उद्वेदन हेतु एक विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया था जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 संजय कुमार पांडेय, पुलिस उपाधीक्षक साइबर थाना डॉ अनु कुमारी, पुलिस निरीक्षक नवीनगर आंचल विमल कुमार, जिला आसूचना इकाई के प्रभारी शंभू कुमार, राम इकबाल यादव, संतोष कुमार, मुन्ना कुमार, नवीनगर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय एवं महिला थाना अध्यक्ष आरती कुमारी शामिल थे। एसपी ने बताया कि गठित टीम द्वारा विभिन्न जगहों का सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, संभावित घटनास्थलों का निरीक्षण, कई लोगों से पूछताछ, प्रतिदिन कांड की समीक्षा, विधिझ विज्ञान प्रयोगशाला पटना की टीम द्वारा बबलू चंदा गेस्ट हाउस, इंद्रपुरी बराज एवं घटना में प्रयुक्त ऑल्टो कार का नमूना लिया गया। इसके बाद टीम द्वारा ऑल्टो कार को विधिवत जप्त किया गया एवं शव को छिपाने, इंद्रपुरी बराज जाने में प्रयोग किए गए संभावित मार्ग सहित उपरोक्त सभी बिंदुओं पर गहन रूप से समीक्षा किया गया। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक मगध क्षेत्र गया के द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशाझनिर्देश दिया गया था।

# 1 जुलाई से जिले के सभी शिक्षकों का शत प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य होगा : उप विकास आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



भोजपुर। उप विकास आयुक्त भोजपुर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर , जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग के साथ विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक में शिक्षा विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करके निर्णय लिया गया।जिसमें मुख्य रूप से वर्तमान समय में शिक्षकों की चल रही ऑनलाइन उपस्थिति पर चर्चा हुई जिसमे ये पाया गया कि अभी तक जिले के 366 विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो रही है।उप विकास आयुक्त ने कड़े निर्देशों के साथ जिले के सभी शिक्षकों को 1 जुलाई से शत प्रतिशत विद्यालयों में उपस्थिति दर्ज करने की हिदायत दी अगर किसी भी विद्यालय के कोई भी शिक्षक ससमय ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करते हैं तो उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।बैठक में यह निर्णय लिया गया की E-shiksh kosh पोर्टल पर जिले के सभी छात्र/छात्राओं का आधार सहित विवरणी शीघ्र करने का निर्देश दिया गया। सभी विद्यालयों में वृक्षारोपण एवं चहारदीवारी के लिए विद्यालयों की आवश्यकता शीघ्र कार्यालय को उपलब्ध कराने कहा गया। जिले के लिए निर्धारित पोषण वाटिका के लक्ष्य के लिए निर्धारित विद्यालयों के मिट्टी का जांच अगले सप्ताह कराने का आदेश दिया गया।




# बैड न्यूज का ट्रेलर जारी, कॉमेडी का डबल डोल, सच्ची घटनाओं से प्रेरित

विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और ऐमी विर्क अभिनीत फिल्म के निर्माताओं ने शुक्रवार को बैड न्यूज़ का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी किया। फिल्म निर्माता करण जौहर हाल ही में फिल्म के मुख्य सितारों के कई पोस्टर साझा करते रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत एक टैगलाइन के साथ होती है, जिसमें लिखा है, एक दुर्लभ कॉमेडी जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे तृप्ति अपने बच्चे के पिता को लेकर उलझन में है और एक डॉक्टर के क्लिनिक में अपनी दोस्त (नेहा धूपिया द्वारा अभिनीत) से बात कर रही है। डॉक्टर उसे असली पिता का पता लगाने के लिए पैतृक परीक्षण कराने का सुझाव देते हैं। हालांकि, उसकी रिपोर्ट में जीवन में एक बार होने वाली घटना का पता चलता है और डॉक्टर कहते हैं कि यह हेटेरोपैटर्नल सुपरफेकंडेशन का मामला है, जिसका अर्थ है कि एक ही चक्र में दो अलग-अलग अंडों को निषेचित किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेत्री अनन्या पांडे आगामी फिल्म बैड न्यूज़ में एक रोमांचक कैमियो भूमिका के लिए तैयार हैं। यह फिल्म 19 जुलाई, 2024 को बड़े पर्दे पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# दिल से दिल तक से मिली जैस्मिन भसीन को अलग पहचान

जैस्मिन टेलीविजन जगत की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। वे टीवी के अलावा कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। जैस्मिन भसीन का जन्म 28 जून 1990 को कोटा में हुआ था। जैस्मिन भसीन को सीरियल टशन-ए-इश्क से सबसे बड़ा ब्रेक मिला। नागिन, बिग बॉस 14 जैसे शो का हिस्सा रह चुकीं जैस्मिन भसीन को दिल से दिल तक से अलग पहचान मिली। जैस्मिन भसीन अली गोनी को डेट कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें जैस्मिन भसीन जल्द ही दुल्हन बनेंगी।







# सामंथा रुथ प्रभु के साथ जमेगी आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी?

बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर जल्द ही राज और डीके की अगली वेब सीरीज में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेब सीरीज का नाम रक्तबीज रखा गया है। इसके लिए आदित्य को ऑफर मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एक्शन सीरीज में आदित्य के साथ सामंथा रूथ प्रभु भी मुख्य भूमिका में होंगी। द नाइट मैनेजर के बाद आदित्य रॉय कपूर का ओटीटी के लिए दूसरा प्रोजेक्ट है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीरीज से जुड़े एक सूत्र ने बताया है कि आदित्य ने मई में ही इस प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी थी। इसके तुरंत बाद निर्माताओं ने सामंथा को भी इस सीरीज में शामिल कर लिया था। दोनों कलाकारों ने सीरीज के लिए अपनी-अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। जल्द ही दोनों इस एक्शन सीरीज के लिए साथ में भी ट्रेनिंग लेगें। खबर के मुताबिक, राज और डीके की जोड़ी फिलहाल फैमिली मैन के तीसरे सीजन की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद ये निर्देशक जोड़ी इस साल अगस्त तक रक्तबीज को फ्लोर पर लाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, निर्देशक जोड़ी या दोनों कलाकारों की ओर से इस खबर की पुष्टि नहीं की गई है। राज और डीके की फैमिली मैन में भी सामंथा रूथ प्रभु नजर आई थीं। इसके बाद वह अब अभिनेता वरुण धवन के साथ सिटाडेल- हनी बनी में भी मुख्य भूमिका में होंगी। इस सीरीज को एक जासूसी एक्शन थ्रिलर के दिल दहला देने वाले तत्वों को एक प्रेम कहानी के साथ दिखाया गया है। ये 90 के दशक की जीवंत टेपेस्ट्री पर आधारित है। दर्शकों को इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार है।

## सिटाडेल का हिस्सा बनकर खुश हैं सामंथा

सामंथा रूथ प्रभु ने इस सीरीज को लेकर एक इवेंट में कहा था, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्शन करूंगी। ये मेरे लिए बड़ी जीत है। मुझे नहीं लगा कि मैं सिटाडेल का हिस्सा बनूंगी। मैं राज, डीके, सीता और अमेजन की बहुत आभारी हूं। वहीं, आदित्य रॉय कपूर अगली बार मेट्रो इन डिनो में नजर आएंगे, जो लाइफ इन ए मेट्रो का सीक्वल होगी। इसमें आदित्य के साथ सारा अली खान नजर आएंगी।

# रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड के साथ लंदन में पार्टी करती दिखीं सुहाना खान

शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी अपनी ड्रेस और लुक्स की वजह से तो कभी अपने रिलेशनशिप की चर्चाओं की वजह से। सुहाना ने 'द आर्चीज' से अभिनय के क्षेत्र में डेब्यू किया। अब वह शाहरुख खान के साथ फिल्म 'किंग' में नजर आएंगी। इस बीच सुहाना को लंदन में अपने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड के साथ स्पॉट किया गया है। दरअसल, सुहाना और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के डेटिंग की अफवाहें तब से चल रही हैं जब से उन्होंने 'द आर्चीज' की शूटिंग की है, तब से इन्हें कई बार एक साथ देखा गया है। सुहाना और अगस्त्य नंदा की डेटिंग की अफवाहों को तब हवा मिल गई जब दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। जिसमें दावा किया गया कि दोनों स्टार किड्स को एक साथ लंदन के एक क्लब में पार्टी करते हुए देखा गया। दोनों एक-दूसरे के साथ पार्टी का आनंद उठाते हुए नजर आएं। इससे प्रशंसकों ने अंदाजा लगाना शुरु कर दिया कि वे दोस्त से कुछ ज्यादा हैं।

## अगस्त्य नंदा के साथ पार्टी करती दिखीं सुहाना

एक फैन पेज ने ट्विटर पर सुहाना की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा कीं। वीडियो को साझा करते हुए दावा किया गया कि इसमें शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान एक नाइट क्लब में दिख रही हैं। उनके सामने अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा काले रंग की शर्ट में खड़े हैं और उनके चेहरे पर एक लंबी मुस्कान दिख रही है।



# परियों की कहानियों के जैसा नहीं होता जीवन

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर के रिश्ते को लेकर अफवाह उड़ रही है कि दोनों ने अपनी राह बदल ली है और ब्रेकअप कर लिया है। इन अफवाहों को तब तो और भी बल मिल गया, जब हाल ही में, वो अर्जुन कपूर के जन्मदिन की पार्टी में दिखाई नहीं दी। दोनों के रिश्ते को लेकर चल रही इन तमाम चर्चाओं के बावजूद न तो मलाइका और न ही अर्जुन कपूर की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि की गई है। जीवन के सबसे मुश्किल सबक के बारे में बात करते हुए मलाइका ने कहा कि असल जीवन परियों की कहानियों के जैसा नहीं होता है और जीवन में कुछ भी स्थाई नहीं होता है। शायद यही एक मुश्किल सबक है। उन्होंने कहा कि हम सभी इस तरह की कहानियों के साथ बड़े हुए हैं, जिनका अंत परियों की कहानी की तरह होता है। इन कहानियों से हमें बताया गया था कि जिंदगी ऐसी ही होती है, मगर ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि जीवन में आ रहे बदलावों के लिए तैयार रहना चाहिए।

## प्यार के लिए लड़ सकती हूं

मलाइका अरोड़ा का कहना है कि चाहे कुछ भी हो जाए, लेकिन वो कभी भी सच्चे प्यार के विचार को नहीं छोड़ेंगी। उन्होंने कहा कि वो दिल से रोमांटिक हैं, जो प्यार के लिए लड़ सकती हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि जब बात रिश्तों की आ जाती है तो वो काफी यथार्थवादी रहती हैं और इस बात को जानती हैं कि लाइन कहां खींचनी हैं।



# चंद्रिका दीक्षित ने वेब सीरीज के ऑफर को किया मना

चंद्रिका दीक्षित उर्फ वड़ा पाव गर्ल बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में अपने गेम से चमक रही हैं। चंद्रिका को उनके गेम के लिए सोशल मीडिया पर भी खूब सपोर्ट मिल रहा है। हालांकि, अभी भी कई लोग चंद्रिका के बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में जाने से खुश नहीं हैं। वहीं, अब चंद्रिका ने खुलासा किया है कि दोनों महीने पहले उन्हें वेब सीरीज के ऑफर आए थे। चंद्रिका ने इन ऑफर्स को ठुकरा दिया क्योंकि वह इंटीमेट सीन्स देने में बिल्कुल भी सहज नहीं थीं। हालांकि, चंद्रिका के इस बयान के बाद लोग उनकी जमकर आलोचना भी कर रहे हैं।

# कल्कि 2898 एडी में कैमियो को लेकर मृणाल ने किया खुलासा

फिल्म कल्कि 2898 एडी आखिरकार रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में विजय देवरकोंडा, एसएस राजामौली, दुलकर सलमान और राम गोपाल वर्मा सहित कई अभिनेताओं ने कैमियो किया है। मृणाल ठाकुर ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी में अपने कैमियो को लेकर खुलकर बातचीत की है। बेहतरीन अदाकारी के लिए प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने कल्कि 2898 एडी का हिस्सा बनने के बारे में बताया कि जब उनसे इस फिल्म के लिए संपर्क किया गया था, तब क्या हुआ था। मृणाल ने फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर अपनी उत्सुकता और आत्मविश्वास दोनों को ही जाहिर किया। मृणाल ने बताया कि वह पहले फिल्म सीता रामम में निर्माता अश्विनी दत्त, स्वप्ना दत्त और प्रियंका दत्त के साथ काम कर चुकी हैं, इसलिए उन्होंने कल्कि 2898 एडी के लिए तुरंत हामी भर दी थी। मृणाल ने कहा, जब मुझे कल्कि के लिए संपर्क किया गया था, तब मैंने तुरंत हां कहने में एक पल भी नहीं लगाया। मुझे निर्माता अश्विनी दत्त, स्वप्ना दत्त और प्रियंका पर पूरा भरोसा है। सीता रामम में हमारे सफल सहयोग ने यह निर्णय लेना मेरे लिए काफी आसान बना दिया। इस बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा, मुझे बनना ही था। मृणाल के लिए कल्कि के कलाकारों में शामिल होना किसी रोमांच से कम नहीं रहा। फिल्म में उनकी उपस्थिति को एक आश्चर्य के रूप में रखा गया, जिससे उनके प्रशंसकों के बीच उत्साह बना रहे।





# यूनिवर्स में मेरा हिस्सा अभी शुरू हुआ है, कल्कि 2898 एडी में अपने कम स्क्रीन टाइम पर बोले कमल

**प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन अभिनीत फिल्म कल्कि 2898 एडी 27 जून को रिलीज हो चुकी है। फिल्म का क्रिटिक्स से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। दर्शकों को भी फिल्म पसंद आई है। फिल्म में कमल हासन के अभिनय को भी खूब सराहा जा रहा है। हालांकि, कमल हासन को कम स्क्रीन टाइम मिला था। अब अभिनेता ने इस पर चुप्पी तोड़ी है।**

## कम स्क्रीन टाइम पर कमल हासन ने तोड़ी चुप्पी

हाल ही में, एक इंटरव्यू में कमल हासन ने कहा, कल्कि 2898 एडी में मैंने एक छोटी सी भमिका निभाई है जो केवल कुछ मिनटों के लिए दिखाई देती है। फिल्म में मेरा असली हिस्सा अभी शुरू हुआ है और मुझे दूसरे भाग में और भी बहुत कुछ करना है। इसलिए, मैंने एक प्रशंसक के रूप में यह फिल्म देखी और मैं सरप्राइज रह गया। अभिनेता ने की नाग अश्विन की तारीफ कमल हासन ने कहा, फिल्म में काम कर के मुझे ऐसा लगा कि भारतीय सिनेमा वैश्विक मनोरंजन की ओर बढ़ रहा है, और कल्कि 2898 एडी उनमें से एक है। नाग अश्विन ने बिना किसी धार्मिक पक्षपात के पौराणिक कथाओं के विषय को सावधानीपूर्वक संभाला है। दुनिया भर में, केवल जापान, चीन और ग्रीक सभ्यताएं ही कहानी कहने की भारतीय विरासत के करीब आ सकती हैं। अश्विन ने वहां से कहानियां चुनी हैं और सभी को एक साथ लाकर बहुत धैर्य के साथ इसे अंजाम दिया है।

# पेनकिली की शूटिंग को लेकर मुश्किल में फंसे फहद फासिल

मलयालम स्टार फहद फासिल अपनी बैक-टू-बैक रिलीज हुई फिल्मों की सफलता का आनंद ले रहे हैं। हाल के वर्षों में, उन्होंने एक अभिनेता और निर्माता दोनों के रूप में महत्वपूर्ण सफलता देखी है। हालांकि, अब फहद एक मुसीबत में फंसते नजर आए हैं। उनकी प्रोडक्शन कंपनी फहद फासिल एंड फ्रेंड्स को मानवाधिकार आयोग की कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रोडक्शन कंपनी ने हाल ही में अंगमाली तालुक सरकारी अस्पताल में अपनी आगामी फिल्म पेनकिली की शूटिंग की। आरोप है कि फिल्म निर्माताओं ने उचित अनुमति के बिना कैजुअल्टी वार्ड में शूटिंग की और मरीजों को परेशान किया। नतीजतन, मानवाधिकार आयोग ने भी फहद की कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा है। आयोग ने आदेश दिया है कि अस्पताल के आपातकालीन विभाग में फिल्म की शूटिंग के लिए सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देना होगा। इसके अतिरिक्त, एर्नाकुलम जिला चिकित्सा अधिकारी और अंगमाली तालुक अस्पताल के अधीक्षक को भी अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। आयोग के अनुसार, आपातकालीन कक्ष की रोशनी कम कर दी गई थी, और फिल्मांकन के दौरान विशिष्ट प्रतिबंध लगाए गए थे। आपातकालीन कक्ष में अभिनेताओं सहित लगभग 50 व्यक्ति मौजूद थे। आयोग ने चिंताम्म व्यक्त की कि आपातकालीन विभाग में सीमित जगह के बावजूद, जब डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहे थे, तब फिल्मांकन जारी रहा। रिपोर्ट के अनुसार, निर्माताओं ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है और दावा किया है कि शूटिंग के लिए सभी उचित परिश्रम का पालन किया गया है। फिल्म निर्माताओं ने शूटिंग के कारण मरीजों को परेशानी होने की खबरों को भी खारिज कर दिया है। इस बीच, फहद फासिल सफलता की बुलंदियों को छू रहे हैं। वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में सबसे अधिक मांग वाले अभिनेताओं में से एक बन गए हैं।








## संक्षिप्त समाचार

### विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़ा, रिजर्व बैंक ने बताया- देश में 653.71 अरब डॉलर फॉरेक्स रिजर्व

**मुंबई, एजेंसी।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 21 जून को समाप्त सप्ताह में 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.71 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा था। विदेशीमुद्रा भंडार का सर्वकालिक उच्चतम स्तर सात जून को 655.82 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 21 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम



हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.6 करोड़ डॉलर घटकर 574.13 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

**भारत की आरक्षित जमा 90 लाख डॉलर घटी–** रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 98.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 56.96 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.05 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक ने कहा कि आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 90 लाख डॉलर घटकर 4.57 अरब डॉलर रही।

### आरबीआई ने हांगकांग व शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन पर लिया एक्शन, ठोका 29.6 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कार्ड से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने पर हांगकांग व शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड पर 29.6 लाख रुपए का जुर्माना शुक्रवार को लगाया। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि एचएसबीसी पर यह जुर्माना



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा ''बैंकों के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और रुपया मूल्यवर्गित सह-ब्रांडेड प्रीपेड कार्ड परिचालन'' पर जारी कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लगाया गया है। आरबीआई के अनुसार, 31 मार्च 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में उसके द्वारा पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए वैधानिक निरीक्षण (आईएसई 2022) किया गया। इसमें पाया गया कि आरबीआई के निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

# मोबाइल रिचार्ज महंगा होने से

## टेलीकॉम इंडस्ट्री को 20,000 करोड़ के फायदे का अनुमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयरटेल और रिलायंस जियो ने मोबाइल रिचार्ज महंगा कर दिया है। इसके बाद अब वोडाफोन आइडिया ने भी जल्द ही अपने प्लान महंगे कर दिए है। इन कंपनियों ने रिचार्ज प्लान में करीब 15-20 फीसदी का इजाफा किया है। इससे मोबाइल यूजर्स की जेब पर बोझ बढ़ गया है। दूसरी तरफ टेलीकॉम कंपनियों के मुनाफे में अच्छी-खासी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के अनुसार, प्रीपेड और पोस्टपेड प्लान्स में 15-20 फीसदी मोबाइल टैरिफ हाइक से इंडस्ट्री को करीब 20,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त परिचालन लाभ हो सकता है।

इस टैरिफ हाइक के बाद भारती एयरटेल और रिलायंस जियो के एवरेज रेवेन्यू पर यूजर में अच्छा खासा इजाफा होने का अनुमान है। आईसीआरए के उपाध्यक्ष और कॉर्पोरेट रेटिंग के सेक्टर प्रमुख अंकित जैन ने कहा, मोबाइल टैरिफ हाइक से प्रॉफिट जनरेशन में इजाफा होगा। इससे इंडस्ट्री को डेलीवरेजिंग करने के साथ-साथ टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन और नेटवर्क विस्तार के लिए जरूरी पूंजी मिल सकेगी।

### 14 प्रतिशत बढ़ जाएगा इंडस्ट्री का रेवेन्यू

आईसीआरए को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 में टेलीकॉम इंडस्ट्री का राजस्व 12-14 प्रतिशत बढ़ेगा। ऑपरेटिंग लीवरेज को देखते हुए 14-16 प्रतिशत तक परिचालन लाभ में इजाफा होने का अनुमान है। टेलीकॉम इंडस्ट्री को वित्त वर्ष 2025 में 1.6-1.7 लाख करोड़ रुपए के परिचालन लाभ के साथ 3.2-3.3 लाख करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज करने की संभावना है। मॉर्गन स्टेनली के एक नोट के अनुसार, दूसरे टेलीकॉम प्लेयर्स भी मोबाइल टैरिफ हाइक करेंगे। नोट में कहा गया है, हमारा अनुमान है कि भारती एयरटेल और रिलायंस जियो के लिए मिश्रित एआरपीयू को 16-18 प्रतिशत की सीमा में लाभ होगा।

# भारत का लौह अयस्क उत्पादन अप्रैल-मई में चार प्रतिशत बढ़कर 5.2 करोड़ टन पर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-मई अवधि में देश का लौह अयस्क उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 5.2 करोड़ टन रहा। अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में देश का लौह अयस्क उत्पादन पांच करोड़ टन हुआ था। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल-मई अवधि में चूना पत्थर का उत्पादन एक साल पहले की अवधि के 7.7 करोड़ टन से बढ़कर 7.9 करोड़ टन हो गया। बयान में कहा गया है, ''मैंगनीज अयस्क का उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 16.7 प्रतिशत बढ़कर वित्तवर्ष 2024-25 (अप्रैल-मई) में सात लाख टन हो गया है।

मूल्य के हिसाब से कुल खनिज उत्पादन में लौह अयस्क और चूना पत्थर का योगदान लगभग 80 प्रतिशत है। वर्ष 2023-24 में लौह अयस्क का उत्पादन 27.5 करोड़ टन और चूना पत्थर का उत्पादन 45 करोड़ टन रहा।

अलौह धातु क्षेत्र में प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन अप्रैल-मई अवधि में 1.2 प्रतिशत बढ़कर 6.98 लाख टन हो गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 6.90 लाख टन था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, तीसरा सबसे बड़ा चूना उत्पादक और चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक है।

# ब्रिटानिया को पछाड़ नंबर-2 बनी आईटीसी, अब नेस्ले से होगा टॉप के लिए मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों में से एक आईटीसी ने एक नया मुकाम हासिल किया है। आईटीसी अब ब्रिटानिया को पीछे छोड़कर पैकेज्ड फूड सेगमेंट की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। अब आईटीसी का मुकाबला पहले स्थान पर काबिज मल्टीनेशनल एफएमसीजी कंपनी नेस्ले से होगा।

**पहली बार ब्रिटानिया से आगे हुई आईटीसी–** आईटीसी ने यह मुकाम बिक्री के हिसाब से हासिल किया है यानी बिक्री के मामले में पैकेज्ड फूड सेगमेंट में आईटीसी से आगे सिर्फ नेस्ले है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब पैकेज्ड फूड के मामले में आईटीसी की बिक्री ब्रिटानिया से ज्यादा हुई है। आईटीसी पैकेज्ड फूड सेगमेंट में कई उत्पाद बेचती है। आईटीसी के प्रमुख उत्पादों में आशीर्वाद आटा, बिंगो पोटैटो चिप्स, सनफीस्ट बिस्किट आदि शामिल हैं।




**आईटीसी और ब्रिटानिया की बिक्री–** आईटीसी की हाल ही में जारी सालाना रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2024 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में उसके फूड बिजनेस की बिक्री 17,194.5 करोड़ रुपए रही है। इसमें घरेलू बिक्री और निर्यात दोनों के आंकड़े शामिल हैं। दूसरी ओर पिछले वित्त वर्ष के दौरान ब्रिटानिया के फूड बिजनेस की कुल बिक्री 16,769.2 करोड़ रुपए की रही है।

**आईटीसी से इतना आगे है नेस्ले–** वहीं बीते वित्त वर्ष में नेस्ले इंडिया की बिक्री का आंकड़ा 24,275.5 करोड़ रुपए का रहा है। हालांकि कंपनी के द्वारा जनवरी-दिसंबर से अप्रैल-मार्च में वित्त वर्ष शिफ्ट करने से बिक्री का यह आंकड़ा 12 महीने के बजाय 15 महीने का है। 12 महीने के हिसाब से देखें तो भी नेस्ले की भारतीय इकाई अपनी स्थानीय प्रतिस्पर्धियों से आगे है। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के 12 महीनों में नेस्ले इंडिया की बिक्री 19,563 करोड़ रुपए रही है, जो दूसरे नंबर की कंपनी आईटीसी के फूड बिजनेस की बिक्री की तुलना में ज्यादा है।

### आशीर्वाद आटे ने दिया प्रमुख योगदान

आईटीसी को फूड बिजनेस में पहली बार दूसरा पायदान दिलाने में आटे के भाव में आई तेजी सबसे प्रमुख कारण है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान देश में आटे की कीमतों में 7 से 8 फीसदी की तेजी आई है। कंपनी के फूड बिजनेस की कुल बिक्री में सबसे ज्यादा योगदान पैकेज्ड आटा ब्रांड आशीर्वाद का रहा है।

# चार साल बाद लौटा कारों पर डिस्काउंट का मौसम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप कार खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो ये आपके पास अच्छा मौका है। करीब 4 साल के बाद कारों पर डिस्काउंट की वापसी हुई है। इस समय गाड़ियों पर एक से बढ़कर एक बंपर डिस्काउंट मिल रहा है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के सूत्रों के अनुसार, वर्तमान छूट (पुरानी) स्विफ्ट जैसी हैचबैक पर 15,000 से 20,000 रुपये तक और होंडा सिटी पर 50,000 रुपये से अधिक (नकद छूट, कॉर्पोरेट लॉयल्टी और एक्सचेंज प्रोग्राम सहित) है।

एफएडीए के अतिरिक्त डेटा से पता चलता है कि कुछ उच्च ऑफ़र हैचबैक और सेडान पर उपलब्ध हैं, जिसमें मारुति सुजुकी ऑल्टो च10 पर 42,000 रुपये (मैनुअल पेट्रोल वेरिएंट पर अधिकतम) तक की छूट मिल रही है। मारुति सुजुकी वैगनआर पर लाभ 25,000 रुपये से 30,000 रुपये के बीच है, और हुंडई ग्रैंड द्व10 निओस पर 18,000 रुपये से 35,000 रुपये तक है। सेडान के मोर्चे पर, हुंडई ऑरा 23,000 रुपये से 40,000 रुपये के लाभ के साथ आती है - सीएनजी पर सबसे अधिक - जबकि होंडा अमेज़ 40,000 रुपये (एक्सचेंज ऑफ़र और कॉर्पोरेट छूट सहित) से अधिक प्राप्त कर रही है। यहां तक कि महंगी इलेक्ट्रिक गाड़ियों और एसयूवी पर भी छूट मिल रही है, हुंडई अल्काजार पर 45,000 रुपये से 65,000 रुपये तक की छूट मिल रही है, महिंद्रा एक्सयूवी400 ईवी पर 1.5 लाख रुपये तक का लाभ मिल रहा है और होंडा सिटी ईएचईवी पर 65,000 रुपये तक की छूट मिल रही है।



### इस वजह से मिल रहा डिस्काउंट

डीलरों का कहना है कि इसका मुख्य कारण उनके पास बढ़ती हुई इन्वेंट्री है। एफएडीए के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, जून और जुलाई सुस्त महीने हैं। इसलिए स्वाभाविक रूप से छूट अधिक है, लेकिन यह भी इसलिए है क्योंकि इन्वेंट्री का स्तर 55-60 दिनों का है। पिछले तीन महीनों से इसमें वृद्धि हो रही है। महिंद्रा थार जैसे कुछ मॉडल अभी भी वेटिंग लिस्ट में हैं। मारुति सुजुकी की नई स्विफ्ट और अर्टिगा जैसी अन्य कारों पर कोई छूट नहीं है। लेकिन आम तौर पर हैचबैक और सेडान पर छूट बहुत अधिक होती है।

# आठ बुनियादी ढांचा उद्योग मई में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोयला, प्राकृतिक गैस और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में अच्छी वृद्धि होने से मई के महीने में देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 6.3 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। अप्रैल में इन आठ क्षेत्रों का उत्पादन 6.7 प्रतिशत बढ़ा था। इन प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर मई 2023 में 5.2 प्रतिशत थी। इन क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक, कच्चे तेल और सीमेंट उत्पादन में मई के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में इन ढांचागत क्षेत्रों का उत्पादन 6.5 प्रतिशत बढ़ा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था।

# जेपी मॉर्गन के एमर्जिंग इंडेक्स में शामिल हुआ भारतीय बॉन्ड, इतने रुपए तक आ सकता है विदेशी निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी अपने बेंचमार्क एमर्जिंग मार्केट इंडेक्स में भारत के सरकारी बॉन्ड्स को शामिल कर लिया है। दो साल तक भारत को वॉचलिस्ट में रखने के बाद यह फैसला किया है। पिछले साल सितंबर में जेपी मॉर्गन ने कहा था कि 28 जून, 2024 से उसके गवर्मेंट बॉन्ड इंडेक्स-इमर्जिंग मार्केट (जीबीआई-ईएम) में भारतीय बॉन्ड शामिल होगा। भारतीय बॉन्ड का भार जीबीआई-ईएम में 28 जून से शुरू होकर 31 मार्च, 2025 तक 10 महीने की अवधि में धीरे-धीरे बढ़कर 10 फीसदी हो जाएगा। इस फैसले से भारत के बॉन्ड बाजार में 2.50 लाख करोड़ रुपए तक का निवेश आने का अनुमान है। अभी 330 अरब डॉलर (27.36 लाख करोड़ रुपए) के 23 भारतीय सरकारी




बॉन्ड इंडेक्स में शामिल किए जाने के लिए पात्र हैं। भारत सरकार ने 2020 में फुली एक्सेसिबल रूट (एफएआर) की शुरुआत की और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश में सहायता के लिए बाजारों में पर्याप्त सुधार किया। जिससे जेपी मॉर्गन भारतीय बॉन्ड्स को इंडेक्स में शामिल करेगा। विश्लेषकों के मुताबिक, इससे देश में बेस रेट में बदलाव होगा और ब्याज में भारी कमी आनी चाहिए। उधार की लागत बढ़ने से कोरोना काल से ही भारत में राजकोषीय घाटा बढ़ा हुआ है। अब इसमें कमी होनी चाहिए, क्योंकि उधारी की लागत का एक बड़ा हिस्सा इससे आएगा। यह बैंक, एनबीएफसी जैसी कंपनियों के लिए सकारात्मक है। उभरते बाजारों में भारत का बॉन्ड बाजार तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। इसका बाजार पूंजीकरण 1.2 लाख करोड़ डॉलर से ज्यादा है। यह इंडोनेशिया के मुकाबले तीन गुना ज्यादा है। रूस के

# बैंक अकाउंट पर मंडरा रहा साइबर अटैक का खतरा! आरबीआई ने किया अलर्ट जारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश भर के करोड़ों बैंक खाताधारकों के लिए एक बुरी खबर है। भारतीयों के बैंक खातों के ऊपर साइबर अटैक का खतरा मंडरा रहा है। इस खतरे को लेकर आरबीआई ने अलर्ट जारी किया है। सेंट्रल बैंक ने बैंक खातों पर साइबर अटैक के खतरे को देखते हुए सभी बैंकों को तैयार रहने के लिए कहा है।

**बैंकों को चौबीसों घंटे तैयार रहने का निर्देश–** रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों से कहा है कि वे सक्रियता के साथ चौबीसों घंटे खतरे को पकड़ने के लिए तैयार रहें। रिजर्व बैंक का कहना है कि उसे साइबर अटैक को लेकर सूत्रों से जानकारी मिली है। इसे लेकर सेंट्रल बैंक ने सभी बैंकों व वित्तीय संस्थानों को 24 जून को एक लेटर भेजकर अलर्ट किया है। एडवाइजरी में बैंकों को कहा गया है कि वे खतरे की पहचान करने के लिए सर्विलांस की क्षमता को बढ़ाएं और बचाव के उपायों को तेज कर दें।

**हैकरों के इस समूह से खतरा–** आरबीआई ने यह अलर्ट और एडवाइजरी ऐसे समय जारी की है, जब हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट में भारतीय बैंक खाताधारकों पर खतरे को लेकर आगाह किया गया है। रिजर्व बैंक ने एडवाइजरी 24 जून को जारी की और उसी दिन एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया कि नामक हैकर ग्रुप भारतीय बैंकों को निशाना बनाने वाला है। लुल्ज़से इससे पहले कई हाई-प्रोफाइल साइबर अटैक के लिए जिम्मेदार रह चुका है। ऐसा माना जा रहा था कि हैकरों का समूह स्ब्वद्य5स्द्ग़ अब निष्क्रिय हो चुका है लेकिन हाल-फिलहाल में उसके दोबारा सक्रिय होने की जानकारियां सामने आई हैं।

### पहले भी जारी हो चुका है अलर्ट

इससे पहले सीईआरटी-इन ने पिछले साल इसी तरह के खतरे की आशंका जाहिर की थी। सीईआरटी-इन ने अंतरराष्ट्रीय फंड ट्रांसफर के स्विफ्ट सिस्टम, कार्ड नेटवर्क, रियल टाइम पेमेंट सिस्टम यूपीआई और आरटीजीएस, एनईएफटी जैसे लोकल फंड ट्रांसफर नेटवर्क पर जोखिम की आशंका जाहिर की थी। अब रिजर्व बैंक के अलर्ट के बाद बैंकों को इन खतरों को पकड़ने और उनसे बचाव करने के प्रयास तेज करने होंगे।

# अब एक दिन में ही मिलेगी सेटलमेंट की सुविधा, लागू होगा नया बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अथॉरिटी ) ने नेशनल पेंशन सिस्टम के सब्सक्राइबर्स के लिए टी+0 सेटलमेंट की इजाजत दे दी है। नई व्यवस्था इस साल पहली जुलाई से लागू होगी। इससे यह होगा कि सब्सक्राइबर अगर किसी भी सेटलमेंट डे पर सुबह 11 बजे तक अपना कॉन्ट्रिब्यूशन कर दें, तो वह उसी दिन इनवेस्ट हो जाएगा और उसी दिन की नेट एसेट वैल्यू का बेनेफिट उन्हें मिल जाएगा। इसे एनपीएस को म्यूचुअल फंड की बराबरी की ओर ले जाने वाले कदम की तरह देखा जा रहा है। अभी ट्रस्टी बैंक को मिलने वाले कॉन्ट्रिब्यूशन का इनवेस्टमेंट अगले सेटलमेंट डे पर होता है। यानी पिछले दिन मिला अंशदान अगले दिन इनवेस्ट किया जाता है। प्रेडा ने एक बयान में कहा, अब किसी भी सेटलमेंट डे पर सुबह 11 बजे तक मिले अंशदान को उसी दिन इनवेस्ट कर दिया जाएगा। इससे सब्सक्राइबर्स को सेम डे एनएवी का बेनेफिट मिलेगा। ट्रस्टी बैंक को सुबह 11 बजे के बाद मिले अंशदान को अगले सेटलमेंट डे पर इनवेस्ट किया जाएगा।




नई व्यवस्था पहजी जुलाई से व्यवस्था पहली जुलाई 2024 से लागू होगी। प्रेडा ने कहा कि किसी भी सेटलमेंट डे पर सुबह साढ़े 9 बजे तक मिलने वाले डी-रेमिट कॉन्ट्रिब्यूशंस को उसी दिन इनवेस्ट किया जाता रहा है।

# शेफाली का महिला टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक

## रोहतक में पिता बोले- रिकॉर्ड टूटने के लिए बनते हैं, एक भी गलत शॉट नहीं मारा





**रोहतक (एजेंसी)।** सहवाग के नाम से मशहूर रोहतक की शेफाली वर्मा ने महिला क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाकर कीर्तिमान स्थापित किया है। चेन्नई में खेले जा रहे भारतीय महिला क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के बीच मैच में महिला क्रिकेट टीम में सहवाग के नाम से मशहूर रोहतक की शेफाली वर्मा ने महिला क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाकर कीर्तिमान स्थापित किया है। इस पर हर तरफ खुशी का माहौल है। अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर शेफाली के पिता संजीव वर्मा ने कहा कि आज खेली गई पारी को देखकर ऐसा लगता है कि उसने एक भी गलत शॉट नहीं मारा। मैच से पहले जब हमारी बात हुई थी तो मैंने उससे कहा था कि डरकर मत खेलो। निडर होकर अपने शॉट लगाओ, परिणाम देखेंगे। उसने उसी के अनुसार बेहतर खेल दिखाया है।

● **शतक का इंतजार कर रहे थे** – शेफाली के पिता संजीव वर्मा ने कहा कि वह शतक का इंतजार कर रहे थे, लेकिन शेफाली ने दोहरा शतक लगाकर कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। रिकॉर्ड टूटने के लिए बनते हैं और हो सकता है कि शेफाली अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी शेफाली से बात हुई है और उन्होंने इसके लिए उसे बधाई दी है और अच्छा खेलने को भी कहा है। अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर संजीव वर्मा बेहद खुश हैं और उन्होंने भगवान का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने उस अकादमी का भी धन्यवाद किया जहां शेफाली वर्मा ने अभ्यास किया और उन कोचों का भी जिन्होंने उन्हें क्रिकेट के गुण सिखाए।

### शेफाली ने 197 गेंद में बनाए 205 रन

भारतीय महिला टीम की ओपनर बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने चेन्नई के एमए चिंदबरम स्टेडियम में साउथ अफ्रीका की टीम के विरुद्ध खेलते हुए सबसे तेज दोहरा शतक लगाया है। शेफाली वर्मा ने 113 गेंद में अपना शतक पूरा किया। वहीं 194 गेंद में 8 छक्के और 22 चौक की मदद से दोहरा शतक बनाकर सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाली महिला बन गई है। उन्होंने कुल 197 गेंद पर 205 रन बनाए और यह उनके टेस्ट करियर का सबसे बेस्ट स्कोर साबित हुआ है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड 248 गेंद पर दोहरा शतक लगाया था।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम ने महिला, टेस्ट क्रिकेट में बनाया सबसे बड़ा टीम स्कोर

### छह विकेट पर 603 रन बनाकर घोषित की पारी



**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के नौ विकेट पर 575 रन के पिछले प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ा टीम स्कोर खड़ा किया।

भारतीय टीम ने रिकॉर्ड बनाने के बाद पहली पारी छह विकेट पर 603 रन बनाकर घोषित की।

ऑस्ट्रेलिया ने इस साल पर्थ में यह स्कोर बनाया था लेकिन ऋचा घोष (86 रन) के एनेरी डर्कसन के 109वें ओवर की शुरूआती गेंद पर चौका लगाते ही भारत ने नया रिकॉर्ड बना दिया। इस उपलब्धि का श्रेय काफी हद तक भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (205 रन) और स्मृति मंधाना (149 रन) को जाता है जिन्होंने 292 रन की ऐतिहासिक साझेदारी निभाई जो महिला क्रिकेट में पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी भी है।

जेमिमा रोड्रिग्स (55 रना) के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर (69 रन) और ऋचा ने अर्धशतक बनाकर योगदान दिया। भारतीय महिला टीम ने पहले दिन चार विकेट पर 525 रन बनाए थे जो टेस्ट मैच में एक दिन का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी था।

इससे उसने श्रीलंकाई पुरुष टीम के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया जिसने 2002 में कोलंबो में बांग्लादेश के खिलाफ नौ विकेट पर 509 रन बनाए थे।

# टीम इंडिया की जीत के लिए गणपति अथर्वशीर्ष का हुआ पाठ



### उज्जैन के सिद्धि विनायक मंदिर में पूजा ; महाकाल से भी की गई प्रार्थना

**उज्जैन (नप्र)।** टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की जीत के लिए पूजा-पाठ, प्रार्थनाएं हो रही थी। उज्जैन में महाकाल मंदिर के परिसर में स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में गणपति अथर्वशीर्ष पाठ हुआ। भगवान के सामने इंडियन टीम के खिलाड़ियों की फोटो रखकर जीत की कामना की गई थी।

सिद्धि विनायक मंदिर के पुजारी चम्मू गुरु ने कहा कि हर भारतीय यही चाहता है कि टीम इंडिया वर्ल्ड कप लेकर लौटे। इसीलिए भगवान महाकाल और श्री गणेश से भारतीय टीम की जीत की प्रार्थना की है। श्रद्धालु दर्शन के दौरान अपने साथ टीम इंडिया का फोटो भी लेकर आए थे।

जबलपुर में बीजेपी पार्षद कमलेश अग्रवाल ने विजय नगर स्थित दुर्गा मंदिर में कार्यकर्ताओं के साथ पूजा की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारतीय टीम खेल रही है, उसको देखते हुए लग रहा है कि भारत ही विश्व कप मैच जीतेगी।

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मैच शनिवार रात 8 बजे इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला। इस टूर्नामेंट में दोनों टीमें अब तक एक भी मैच नहीं हारी हैं।इससे पहले दोनों टीमें कभी टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में नहीं भिड़ीं।

**सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी टीम इंडिया को दी शुभकामनाएं**–मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी टीम इंडिया को जीत के लिए शुभकामनाएं दीं। सीएम शनिवार को छिंदवाड़ा दौरे पर हैं।

अमरवाड़ा विधानसभा के सिंगोड़ी गांव में उन्होंने पूर्व सरपंच रेखा कैलाश साहू के घर भोजन किया। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए कहा, बाबा महाकाल की कृपा से भारत विजेता बनेगा।

# रोहित बड़े खिलाड़ी हैं, टी20 विश्व कप जीतने के हकदार : शोएब अख्तर

**बारबाडोस (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने टी20 वर्ल्ड के सेमीफाइनल



में इंग्लैंड पर भारत की 68 रन की जीत के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की उनके नेतृत्व गुणों की सराहना करते हुए उन्हें एक निःस्वार्थ कप्तान करार दिया। शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में 39 गेंदों पर 57 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली थी जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे। बहरहाल, अपने यूट्यूब चैनल पर अख्तर ने भारतीय टीम के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया और कहा कि टीम इंडिया रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीतने की दावेदार है। अख्तर ने कहा कि रोहित शर्मा ने बार-बार कहा है कि वह प्रभाव डालना चाहते हैं और ट्रॉफी जीतना चाहते हैं और इसलिए वह कप जीतने के हकदार हैं। वह एक बड़े खिलाड़ी हैं और इसका अंत बड़े पैमाने पर होना चाहिए। वह एक निस्वार्थ कप्तान हैं, टीम के लिए खेलते हैं। अख्तर ने 2023 वनडे विश्व कप में टीम इंडिया की हार पर भी निराशा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा भारत के टूर्नामेंट जीतने के पक्ष में था।

पिछले साल जब भारत विश्व कप नहीं जीत सका तो मुझे दुख हुआ क्योंकि उन्हें इसे नहीं हारना चाहिए था क्योंकि वे जीत के हकदार थे। बता दें कि टीम इंडिया



ने सेमीफाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 171/7 रन बनाए थे। इसमें सूर्यकुमार यादव (36 गेंदों पर 47 रन) और हार्दिक पंड्या और रवींद्र जड़ेजा का योगदान रहा। गेंदबाजी विभाग में इंग्लैंड के क्रिस जॉर्डन उल्लेखनीय रहे, उन्होंने अपने स्पेल में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 16.4 ओवर में कुल 103 रन पर ऑल आउट हो गई। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक और जोस बटलर ने कुछ रन बनाए लेकिन यह काफी नहीं थे। भारत के लिए अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने तीन-तीन विकेट लिए, जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लिए।

# जसप्रीत बुमराह ने कप्तान के लिए दिल खोलकर रख दिया, कहा रोहित काफी फ्रीडम देते हैं...



**बारबाडोस (एजेंसी)।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह 37 वर्षीय बल्लेबाज शानदार है। मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 में रोहित शर्मा टूर्नामेंट में तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 7 मैचों में 155.97 के स्ट्राइक रेट से 248 रन बनाए हैं। आईसीसी के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किए गए एक वीडियो में बात करते हुए बुमराह ने कहा कि पिछले एकदिवसीय विश्व कप 2023 में रोहित बहुत सक्रिय थे। बुमराह ने खुलासा किया कि भारतीय कप्तान ने अपने खिलाड़ियों को काफी आजादी दी थी।

**कप्तान रोहित की बुमराह ने की जमकर सरहाना** – जसप्रीत बुमराह ने रोहित को लेकर कहा, रोहित शर्मा असाधारण रहे हैं। यहां तक कि पिछले विश्व कप में भी आप जानते हैं वह सक्रिय रहे हैं। वह अपने खिलाड़ियों को बहुत फ्रीडम देते हैं।

**इंजमाम के बयान पर भड़के रोहित शर्मा**

# हमें मत सिखाओ... दिमाग का इस्तेमाल करो...

**बारबाडोस (एजेंसी)।** टीम इंडिया के गेंदबाजों पर गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाने वाले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक को मौजूदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने दिमाग का इस्तेमाल करने का आग्रह किया था। रोहित के इस बयान पर इंजमाम भड़क गए हैं। उन्होंने एक टीवी शो के दौरान रोहित पर तीखे हमला करते हुए कहा है कि वह उन्हें न सिखाएं कि क्या कहना है और क्या नहीं। बता दें कि इंजमाम ने टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 मैच के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्शदीप सिंह द्वारा फेंके गए 15वें ओवर में मिल रही गेंद रिवर्स-स्विंग पर सवाल उठाए थे।



भारत की 24 रनों से जीत के बाद इंजमान ने दावा किया कि गेंद पर गंभीरता से काम किया गया है। लेकिन भारतीय कप्तान ने पलटवार किया और धूप में रिवर्स-स्विंग की बारीकियां बताईं। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच से पहले इंजमाम के आरोपों पर कहा था कि यहां के विकेट काफी शुष्क हैं। सभी टीमों को रिवर्स (स्विंग) मिल रही है। आपको अपना दिमाग खुला रखने की जरूरत है। यह ऑस्ट्रेलिया नहीं है।

बहरहाल, पाकिस्तान के एक टीवी शो पर इंजमाम ने कहा कि आप किसी ऐसे व्यक्ति को कुछ नहीं सिखाते जिसने वास्तव में दुनिया को सिखाया हो। उसे बताएं कि ये बातें कहना सही नहीं है। हम निश्चित रूप से अपने दिमाग का उपयोग करेंगे लेकिन पहली बात यह है कि उन्होंने (रोहित) स्वीकार किया कि ऐसा हो रहा है। तो इसका मतलब है कि हमने जो देखा वह सही है। दूसरी बात, रोहित को हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि रिवर्स स्विंग कैसे काम करती है, कितनी धूप में काम करती है। मैंने अंपायरों को केवल सुझाव दिया था कि अपनी आंखें खुली रखें क्योंकि 15वें ओवर में गेंद घूम रही थी और मैं अभी भी अपना रुख बनाए हुए हूं। मैं उनसे फिर कहूंगा अपनी आंखें खुली रखें। क्या हो रहा है? इंजमान का उनके साथी पैनलिस्ट पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सलीम मलिक भी समर्थन करते हुए नजर आए। हालांकि उक्त मामले पर पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज और दिग्गज बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि इस मामले को रिपोर्टर को आगे बढ़ाने की जरूरत नहीं थी। हालांकि सहवाग ने यह भी कहा कि अगर वह रोहित की जगह होते तो ऐसी किसी भी टिप्पणी से बचते। बता दें कि भारत टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंच गया है और 29 जून को बारबाडोस में ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका के साथ खेलेगा।

# कैफ ने कोहली का समर्थन किया, कहा- धोनी का भी 2011 में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने विश्वास व्यक्त किया है कि विराट कोहली एमएस धोनी जैसा वीरतापूर्ण प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं, जैसा उन्होंने 2011 वनडे विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारबाडोस में किया था। कैफ ने कोहली के मौजूदा फॉर्म और 2011 विश्व कप में धोनी के सफर के बीच तुलना की। उन्होंने प्रशंसकों को याद दिलाया कि धोनी ने एक असाधारण टूर्नामेंट नहीं खेलने के बावजूद श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में मौके का फायदा उठाया, नाबाद 91* रन बनाए और लॉन्ग ऑन पर एक यादगार छक्का लगाकर जीत सुनिश्चित की।



कैफ ने सुझाव दिया कि कोहली, जिन्होंने अभी तक इस टूर्नामेंट में कोई खास प्रदर्शन नहीं किया है, उनमें धोनी के वीरतापूर्ण प्रदर्शन की नकल करने की क्षमता है। कैफ ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, विराट कोहली को यह याद रखना चाहिए कि 2011 में धोनी का भी विश्व कप अच्छा नहीं रहा था, लेकिन फाइनल में उन्होंने अपनी फॉर्म हासिल कर ली। वह बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, जो गेंद को अपनी योग्यता के अनुसार खेल सकते हैं और किसी भी गेंदबाजी आक्रमण पर हावी हो सकते हैं। कुलसेकरा की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर धोनी का छक्का सभी के दिमाग में बसा हुआ है। इसलिए मुझे लगता है कि विराट कोहली के पास हीरो बनने का शानदार मौका है।

पिछले आईसीसी टूर्नामेंट्स में भारत के लिए अहम भूमिका निभाने वाले कोहली इस टूर्नामेंट में अभी तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं। हालांकि कैफ ने उन्हें वनडे विश्व कप में ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके शानदार शतक की याद दिलाई और कोहली को उस पारी से आत्मविश्वास लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा, उन्हें यह भूल जाना चाहिए कि वह खराब फॉर्म में हैं। उन्होंने तब शतक लगाया था, जब भारत ने आखिरी बार वनडे विश्व कप में ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उस दिन वह शानदार थे और उन्होंने बहुत अच्छा खेला, लेकिन वह उस दिन शानदार प्रदर्शन नहीं कर रहे थे, बल्कि उचित क्रिकेट शॉट्स के साथ गेंद को योग्यता के अनुसार खेल रहे थे। भारत का फाइनल तक का सफर शानदार रहा है, जिसमें शीर्ष मुकाबले तक वह अजेय रहा है। 11 साल से कोई बड़ा आईसीसी खिताब नहीं जीतने वाली टीम अपने खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# बिहार के नियोजित शिक्षकों पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिहार के नियोजित शिक्षकों की ओर से दायर मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि एक पोस्ट ग्रेजुएट को छुट्टी का आवेदन तो सही ढंग से लिखना नहीं आता, यह तो देश की शिक्षा का स्तर हो गया हैपूरे राज्य में शिक्षा के स्तर को सुधारने के मकसद से बिहार सरकार ठेके (संविदा) पर नियुक्त यानी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए सक्षमता परीक्षा ले रही है. इस के विरोध में बिहार प्रारंभिक शिक्षक संघ तथा परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था. अब सुप्रीम कोर्ट ने सक्षमता परीक्षा को रद्द करने की उनकी मांग को खारिज कर दिया है. मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा राष्ट्र के निर्माण में शिक्षक अहम भूमिका निभाते हैं और उन्हें अपने कौशल को बेहतर करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए. कोर्ट का कहना है, हम देश और खासकर बिहार के बच्चों की शिक्षा के प्रति काफी गंभीर हैं. ऐसे में अगर कोई शिक्षक सरकार के नियमों के अनुसार नहीं चलना चाहते हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए इससे पहले पटना हाईकोर्ट ने भी नियोजित शिक्षकों की मांग को खारिज कर दिया था. राज्यकर्मी के दर्जे के लिए सक्षमता परीक्षा; सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देश से बिहार के करीब 85 हजार शिक्षकों को करारा झटका लगा है.

नियोजित शिक्षकों की ओर से कोर्ट में कहा गया कि 2012 में पंचायत शिक्षक नियमावली के तहत राज्य सरकार ने उनकी परीक्षा ली थी. ऐसे में फिर उनकी परीक्षा क्यों ली जा रही है. इन शिक्षकों को बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक सेवा नियमावली के तहत 2006 में नियुक्त किया गया था.

**2006 से पहले इनमें से कई शिक्षा मित्र थे, जो बाद में नियोजित शिक्षक बन गए.बिहारः** पटना हाईकोर्ट ने बढ़ाए गए आरक्षण पर रोक लगाई राज्य सरकार के प्रावधान के अनुसार इस परीक्षा को पास करने के बाद वे राज्यकर्मी बन जाएंगे और तदनुसार उन्हें पेंशन-ग्रेच्युटी, ऐच्छिक स्थानांतरण व स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य सरकारी सुविधाएं मिलने लगेंगी. हरेक नियोजित शिक्षक को सक्षमता परीक्षा पास करने के तीन मौके मिलेंगे. हालांकि, राज्य सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि सक्षमता परीक्षा पूरी तरह वैकल्पिक है. जो शिक्षक यह परीक्षा नहीं देना चाहते, उन्हें नौकरी से नहीं निकाला जाएगा. लेकिन, उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा नहीं मिल सकेगा. सुधार को सरकार लगातार कर रही नवाचार विदित हो कि राज्य के करीब 75,000 से अधिक सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने के लिए बिहार सरकार लगातार नवाचार कर रही है. समस्या की जड़ तक पहुंचने की कोशिश शिक्षा विभाग के पूर्व अपर मुख्य सचिव (एसीएस) के के पाठक ने की, जिन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर कई आधारभूत फैसले लिए. उद्देश्य यह था कि बच्चे स्कूल आकर पढ़ें और शिक्षक उन्हें स्कूल में पढ़ाएं.

इस कड़ी में छुट्टियों में कटौती की गई तथा उन बच्चों और शिक्षकों की पहचान की गई जो लगातार स्कूल से गायब रह रहे थे. भारत में लगातार हो रही परीक्षा धांधलियों से छात्र परेशान स्कूलों के निरीक्षण के दौरान सरकारी स्कूलों में ऐसे लाखों बच्चों की पहचान की गई और उनके नाम काटे गए. इसी तरह स्कूल से नदारद रहने वाले हजारों शिक्षकों पर कार्रवाई की गई. इसका बेहतर नतीजा सामने आया, लाखों फर्जी विद्यार्थियों के नाम काटे जाने से करोड़ों के सरकारी राजस्व की बचत हुई, क्योंकि इन फर्जी विद्यार्थियों के नाम पर विभिन्न मिड-डे मील सहित अन्य सरकारी योजनाओं में घपला किया जा रहा था. पाठक के कड़े फैसलों का विरोध भी हुआ और उन्हें लेकर राजनीति भी खूब हुई. आमजन से सीधे जुड़ने को टोल फ्री नंबर जारी शिक्षाविद सुधीर कुमार पाण्डेय कहते हैं, मौजूदा वर्ष में शिक्षा विभाग का 52 हजार करोड़ से अधिक का बजट है. सरकार जब हर तरह सुविधाएं देने को तैयार है तो साढ़े सात घंटे की नौकरी करने में क्या हर्ज है. आप में मेरिट है तो सक्षमता परीक्षा से परहेज क्यों और अगर उस लायक भी नहीं हैं तो जिन बच्चों को आप पढ़ा रहे, उनके प्रति घोर अपराध कर रहे.;; पाठक की जगह अब एस. सिद्धार्थ शिक्षा विभाग की कमान संभाल रहे हैं.

सरकारी स्कूलों की व्यवस्था में सुधार के प्रयास जारी है. विभाग ने अभिभावकों और आमजन से सीधे जुड़ने के लिए टोल फ्री और वाट्सएप नंबर जारी किए हैं. इसका फायदा यह हुआ कि विभिन्न मुद्दों से जुड़ी शिकायतें सीधे विभाग तक पहुंचने लगी है. ऑनलाइन हाजिरी से रियल टाइम मॉनिटरिंग 25 जून से शिक्षकों को ई-शिक्षा कोष मोबाइल एप से ऑनलाइन हाजिरी बनाने का आदेश दिया गया है. सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति भी ऑनलाइन दर्ज करने की तैयारी है. इसके तहत सभी स्कूलों को सरकार की ओर से टैब दिए जाएंगे. एक जुलाई से सरकारी स्कूल की नई समय-सारिणी जारी की गई है, जिसके तहत हरेक तरह गतिविधियों के लिए समय तय कर दिया गया है. एक शिक्षक को साढ़े सात घंटे का अध्यापन कार्य स्कूल में करना होगा तथा छात्र-छात्राओं के बेहतर परफार्मेंस के लिए भी प्रयासरत रहना होगा. पत्रकार शिवानी सिंह कहती हैं, दरअसल, सरकार छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों की रियल टाइम मॉनिटरिंग करना चाहती है और फिर करे भी क्यों नहीं बिहार के सरकारी स्कूलों की दशा-दिशा में काफी सुधार हुआ है

## संक्षिप्त समाचार



### हिमाचल के मुख्यमंत्री का ऐलान, प्रदेश में 6 हजार प्री-नर्सरी टीचर्स की होगी भर्ती

**शिमला एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार तीन से छह साल के बच्चों के लिए हिमाचल प्रदेश प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा अनुशिक्षक योजना शुरू करने जा रही है। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए 6297 प्री नर्सरी टीचर्स की भर्ती जल्द ही शुरू की जाएगी। इसके साथ ही सुक्खू ने बताया कि प्रदेश सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में एक बोर्डिंग स्कूल खोलने जा रही है।

इस बारे में जानकारी देते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में प्राथमिक विद्यालयों में 6297 प्री-प्राइमरी अनुभाग संचालित किए जा रहे हैं, जहां लगभग 60 हजार विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके अलावा इन प्राथमिक विद्यालयों के साथ 2,377 आंगनबाड़ी केंद्र भी को- लोकेट किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत राज्यों के शिक्षा विभाग को व्यापक प्रारंभिक बाल्य देखभाल और शिक्षा कार्यक्रम तैयार करने का सुझाव दिया गया है।

शिक्षा विभाग प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा कार्यक्रम के सभी चार प्रारूपों को लागू करेगा। इन चार प्रारूपों के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक विद्यालयों में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों, पूर्व में स्थापित प्री-प्राइमरी स्कूलों में पढ़ रहे पांच से छह वर्ष की आयु के बच्चे और प्री-प्राइमरी स्कूलों को शामिल किया जाएगा। राज्य सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक राजीव गांधी डे- बोर्डिंग स्कूल खोलने जा रही है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार 6,297 स्कूलों के लिए राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के नियमानुसार अनुशिक्षक रखेगी। सरकार की यह पहल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उनके घर के समीप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार का समावेश करना प्रदेश सरकार का मूल ध्येय है। प्रदेश सरकार शिक्षकों के विभिन्न पदों को भरने जा रही है और इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### अमरनाथ यात्रा शुरू, तीर्थयात्रियों का पहला जत्था पवित्र गुफा के लिए रवाना



**जम्मू कश्मीर, एजेंसी।** शनिवार को कश्मीर में स्थित वार्षिक अमरनाथ यात्रा शुरू हो गई। श्रीनगर में हिमालय में स्थित बाबा अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बालटाल और नुनवान शिविरों से रवाना हो गया है। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी। अमरनाथ गुफा समुद्र तल से लगभग 3800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हैं जहां प्राकृतिक रूप से बर्फ की शिवलिंग का निर्माण होता है। यह यात्रा 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और 14 किमी लंबे बालटाल मार्ग से शुरू हुई है। अमरनाथ यात्रा के लिए ये दोनों पारंपरिक मार्ग रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों रास्तों पर तीर्थयात्रियों के जत्थों को संबंधित उपायुक्तों और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने रवाना किया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार सुबह जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री बेसिक कैंप से 4,603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया। तीर्थयात्री दोपहर में कश्मीर घाटी पहुंचे, जहां प्रशासन और स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। तीर्थयात्री गुफा मंदिर में बर्फ से बने शिवलिंग की पूजा-अर्चना करेंगे।

## मां के सामने 19 महीने की बच्ची को कार से कुचला, जिंदगी-मौत से लड़ रही मासूम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में दिल को झकझोरने वाली एक वारदात घटी है। सेक्टर-63ए के बी ब्लॉक में एक मां की आंखों के सामने उसकी 19 महीने की बच्ची को कार सवार ने कुचल दिया। हादसे में बच्ची की गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि मां को भी चोट आई है। दोनों को इलाज के लिए कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां बच्ची जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। बताया जा रहा है कि कार सवार पास का ही रहने वाला युवक है। भीड़ इकट्ठा पर आरोपी युवक ही दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचा। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बच्ची को कुचलने का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया जो अब विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, कार चालक बहुत तेज स्पीड में था। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश में पुलिस की टीम दबिश दे रही है। हालांकि कार चालक ही बच्ची को अस्पताल लेकर गया था और पुलिस को भी उसी ने सूचना दी थी। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। नोएडा सेक्टर-63 थाना प्रभारी के अनुसार मूलरूप से हरियाणा जिंद के रहने वाले अजय शर्मा नोएडा में ट्रांसपोर्ट का बिजनेस करते हैं। सेक्टर-63 के बी ब्लॉक में किराए पर घर लेकर परिवार सहित रहते हैं। परिवार में पत्नी रिंकी और 19 महीने की बच्ची अनुष्का है। शुक्रवार रात करीब 10 बजे रिंकी घर के निकट टी प्वाइंट के एक कॉर्नर पर सड़क किनारे जमीन पर बैठकर बच्ची के साथ खेल रही थीं। कुछ ही देर में पड़ोस का ही विनीत नामक युवक किया कार लेकर आता है और बच्ची के ऊपर चढ़ाते हुए निकल जाता है। कार के दोनों पहिए उतारने के बाद कार चालक आगे जाकर रुक जाता है। बनियान पहने हुए कार चालक आराम से बाहर निकलता है और हादसे के बारे में सोचने लगता है। उधर रिंकी अपनी गोद में घायल अनुष्का को लेकर इधर-उधर भागती है और रोने लगती हैं। तभी दो व्यक्ति आते हैं और रिंकी को बच्ची को फौरन अस्पताल ले जाने की सलाह देते हैं। 1.59 सेकेंड के इस वीडियो में रिंकी एक बार तो कार में बैठ जाती है, लेकिन चंद सेकेंड बाद ही उतर जाती हैं।

## कर्नाटक में बीजेपी का जमकर हंगामा, घोटाले को लेकर कांग्रेस को घेरा- 100 प्रतिशत कमीशन सरकार



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में बीजेपी के नेताओं ने शुक्रवार को कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बीजेपी नेताओं ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में ओल्ड मैसूर क्षेत्र के सभी जिलों में धरना प्रदर्शन किया और कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार के खिलाफ नारे लगाए। मैसूर में भाजपा नगर अध्यक्ष एल नागेंद्र, जिला अध्यक्ष एल आर महादेवस्वामी और विधायक टी एस श्रीवत्स के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मैसूर के बन्नूर रोड पर पुराने डेयरी सर्किल से नए डीसी कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। उन्होंने डीसी कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की। लेकिन, उन्हें पुलिस ने रोक दिया और कुछ नेताओं को हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

नागेंद्र ने आरोप लगाया कि वाल्मीकि निगम में 187 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है और इसलिए, मंत्री बी नागेंद्र ने इस्तीफा दे दिया है। श्रीवत्स ने कहा कि वाल्मीकि निगम में घोटाले से संबंधित सीआईडी ??जांच काफी नहीं है। उन्होंने कहा, वे कांग्रेस की गारंटी योजनाओं को लागू करने के लिए फंड का दुरुपयोग कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि निगम से मिलने वाले फंड को शराब की दुकानों और गहनों की दुकानों जैसी जगहों में लगाया जा रहा है। निगम को अपना पैसा वापस मिलना चाहिए और इसका उपयोग केवल एसटी समुदाय के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को घोटाले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, कर्नाटक सरकार को यह मामला सीबीआई को सौंप देना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर 40प्रतिशत कमीशन सरकार होने का आरोप लगाया। लेकिन, अब यह कांग्रेस के नेतृत्व वाली 100प्रतिशत कमीशन सरकार बन गई है।

### अन्य जिलों में भी प्रदर्शन

भाजपा मैसूरु जिला मीडिया समन्वयक महेश राजे उर्स, प्रवक्ता एमजी महेश, अप्पन्ना, सिद्धाराजू सहित कई नेताओं ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। मांड्या में भाजपा नेता सी टी मंजूनाथ, इंदुवालु सचिदानंद, के सी नंजुंदवगौड़ा, पीहल्ली रमेश व अन्य ने जयचामाराजेंद्र वाडियार सर्किल से डीसी कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। उन्होंने डीसी कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने शरण प्रकाश पाटिल और वाल्मीकि निगम के अध्यक्ष बसनगौड़ा दद्दाल की गिरफ्तारी की मांग की। हासन में भाजपा नेताओं ने हेमावती प्रतिमा से डीसी कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला और वहां धरना दिया और एडीसी के टी शांताला को ज्ञापन सौंपा। सिद्धेश नागेंद्र ने कहा कि वाल्मीकि निगम का धन बेंगलूरु ग्रामीण, बल्लारी, दावणगेरे, तेलंगाना, हैदराबाद और दूसरी जगहों पर बनाए गए 700 से अधिक फर्जी बैंक खातों में भेजा गया है। इस अवसर पर भाजपा जिला महासचिव अमित शेट्टी, गिरीश, नारायणगौड़ा, रत्ना प्रकाश, विजयलक्ष्मी, अन्नपूर्णा व नेत्रावती मौजूद थे।

-+

### शेयर बाजार में हुआ नुकसान, ईएमएआई चुकाने को लुटेरे बन गए दो भाई; बिजनेसमैन से लूटे 3 लाख

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में बिजनेसमैन और उनके भाई से घर के बाहर दो अज्ञात लोगों ने 3.10 लाख रुपये का कैश लूट लिया। पुलिस ने इस केस को चंद घंटों के अंदर सुलझा लिया और चार लोगों को अरेस्ट किया है। उनके पास से चुराई गई रकम बरामद कर ली गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से दो ने लूट की वारदात को अंजाम दिया, जबकि दो ने उनका इसमें साथ दिया। पूछताछ के दौरान, दो मुख्य आरोपियों ने दावा किया कि पिछले दो महीनों में शेयर बाजार में उन्हें लगभग 3.30 लाख रुपये का नुकसान हुआ, जिसकी वजह से वह अपनी ईएमआई का भुगतान नहीं कर पा रहे थे।

## चीन में भारतीय युवक का अपहरण

### 1 करोड़ फिरौती न मिलने पर चौथी मंजिल से फैंक कर की हत्या



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में एक भारतीय युवक की अपहरण के बाद हत्या का खौफनाक मामला सामने आया है। युवक सतीश कुमार माली राजस्थान में जालोर के भीनमाल का रहने वाला बताया जा रहा है। चीन में किडनैपर्स ने सतीश का अपहरण किया और परिवार से 1 करोड़ की फिरौती मांगी और रुपए न मिलने पर उसको चार मंजिला इमारत से नीचे फेंक दिया जिससे सतीश की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार ने युवक के बिजनेस पार्टनर पर किडनैपिंग और मर्डर का शक जताया है। सतीश पुत्र नरसाराम माली बीपीएल परिवार से था। 21 जून को सतीश का चीन में कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया और परिवार से वॉट्सऐप कॉल के जरिए 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। पैसे मुंबई में हवाला के जरिए एक व्यापारी को देने के लिए कहा गया था। परिवार वाले पैसों की व्यवस्था नहीं कर पाए तो आरोपियों ने सतीश की चार मंजिला इमारत से नीचे फेंक कर हत्या कर दी। सतीश की मौत से परिवार स्तब्ध है और उसका शव भारत लाना चाहते हैं। परिवार ने बताया कि वीजा संबंधी दिक्कतों के चलते उन्हें शव लाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जालोर सांसद लुंबाराम इस परिवार की मदद कर रहे हैं। उन्होंने 26 जून को विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर परिवार को वीजा दिलाने और सतीश के शव को इंडिया लाने के लिए मदद मांगी है। परिजनों ने बताया कि घर के आर्थिक हालात ठीक करने के लिए सतीश पहले मुंबई में काम करता था। वहीं पर एक दोस्त ने उसे चीन से मोबाइल के पार्ट्स लाकर इंडिया में बेचने का आइडिया दिया। इस काम में अच्छा मुनाफा था, इसीलिए सतीश मान गया और वो दो साल पहले चीन के गुआंगजो शहर पहुंच गया। वहां से उसने हर महीने कम से कम एक बार मोबाइल के पार्ट्स इंडिया लाकर बेचना शुरू कर दिया। इस दौरान वो 15 से 20 दिन चीन में रुकता भी था। सबकुछ ठीक चल रहा था लेकिन 21 जून को रात करीब 11 बजे सतीश के फोन से किडनैपर्स ने उसके सूरत में रहने वाले दोस्त कल्पेश कुमार प्रजापत को वॉट्सऐप कॉल किया। किडनैपर ने कल्पेश से बताया कि उन्होंने सतीश का अपहरण कर लिया है और उसे जिंदा देखने के लिए 1 करोड़ रुपए देने होंगे।

## रूस ने 10 यूक्रेनी कैदियों को रिहा किया

**मास्को, एजेंसी।** यूक्रेन अपने 10 लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब रहा है। वेटिकन की मध्यस्थता से हुए समझौते के बाद कैदियों की रिहाई संभव हो पाई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कैदियों की रिहाई के बारे में शुक्रवार को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रूस और बेलारूस में बंदी बनाए गए एक राजनेता और दो पुजारियों सहित 10 नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। जेलेंस्की ने एक पोस्ट में कहा, हम अपने 10 और लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब रहे। हालांकि, जेलेंस्की ने यह नहीं बताया कि रिहाई यूक्रेन में बंद रूसी कैदियों से जुड़े समझौते का हिस्सा थी या नहीं। जेलेंस्की ने बताया कि जिन लोगों को रिहा किया गया है, उनमें से कुछ 2017 से जेल में हैं। इन लोगों को पूर्वी यूक्रेन के रूसी नियंत्रित हिस्सों से गिरफ्तार किया गया था। रूस ने 2014 से ही क्रीमिया प्रायद्वीप के साथ चार यूक्रेनी क्षेत्र- डोनेट्स्क, खेरसॉन, लुगांस्क और जापोरिजिया पर कब्जा किया हुआ है। रिहा किए गए पांच लोगों को बेलारूस से गिरफ्तार किया गया था। इन पर रूसी सैन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाकर कीव की सेना की सहायता करने का आरोप था। मुक्त किए गए इन लोगों में एक वरिष्ठ क्रीमियन तातार राजनेता नरीमन जेलाल और यूक्रेनी ग्रीक कैथोलिक चर्च के दो पुजारी शामिल थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेना द्वारा बंदी बनाए गए सभी लोग रिहा होकर यूक्रेन में अपने घर वापस आ गए हैं।

## अमेरिका में लॉन्ग आइलैंड द्वीप पर सैलून से टकराई मिनीवैन, 4 की मौत और 9 घायल




**न्यूयॉर्क एजेंसी।** अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क में सड़क हादसे के मामले खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। अब एक मिनीवैन के नेल सैलून में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। न्यूयॉर्क की रिपोर्ट के अनुसार,अधिकारियों का कहना है कि मिनीवैन शुक्रवार को शाम करीब 4ः30 बजे लॉन्ग आइलैंड के डियर पार्क में नेल सैलून से टकरा गई। दुर्घटना का सही कारण अभी भी पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने आगे बताया, सभी मृतक नेल सैलून के अंदर थे। यह सभी के लिए काफी खतरनाक मंजर था। अधिकारियों ने ये भी कहा, साथ ही इससे समुदाय पर भी असर पड़ेगा। वहीं स्वयंसेवी अग्निशमन विभाग के लिए भी काफी मुश्किल परिस्थिति है, लेकिन हम इससे जल्द ही उबरेंगे।

**अग्निशमन विभाग के अधिकारी का बयानः** बस डियर पार्क अग्निशमन विभाग के सहायक प्रमुख डोमिनिक अल्बानीज का भी इस मामले में बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, विशेष रूप से साल के इस समय में सभी अच्छी चीजें हो रही हैं, ड्राइवर को अस्पताल ले जाया गया और वह होश में था। फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया।

## नेपाल में बारिश ने मचाई तबाही, 7 लोगों की मौत; लैंडस्लाइड में बहे घर



**काठमांडू, एजेंसी।** पश्चिमी नेपाल में लगातार दो बार लैंडस्लाइड हुई। लैंडस्लाइड में सात लोगों की मौत हो गई। गुल्मी जिले के मलिका ग्रामीण नगर पालिका में लैंडस्लाइड में एक घर के बह जाने से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है।

नगर पालिका के अध्यक्ष देवी राम आर्यल ने बताया कि भारी बारिश के कारण ये लैंडस्लाइड हुई और सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। जिला पुलिस के प्रवक्ता इंद्र बहादुर राणा के अनुसार, स्यांगजा जिले के फेदिखोला ग्रामीण नगर पालिका में लैंडस्लाइड में एक मां और बेटी की मौत हो गई। नेपाल में 10 जून को मानसून का मौसम शुरू हुआ और ताजा मौतों के साथ, बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या 34 तक पहुंच गई है।

नेपाल में आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं, इससे पहले दक्षिणी नेपाल से एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। इस सड़क दुर्घटना में दो भारतीयों की मौत हो गई थी। भारतीय बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के रहने वाले थे, इनमें से एक का नाम तमन्ना शेख (35) और दूसरे का नाम इरफान आलम (21) थी। नेपाल पुलिस ने इस बात की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि ये हादसा उस समय हुआ जब उनकी कार पूर्वी पश्चिम राजमार्ग के साथ चंद्रनिगाहपुर खंड में एक पहाड़ी सड़क से नीचे गिर गई।

**नदी में जा गिरी थी यात्रियों की बसः** इससे पहले मार्च में भी नेपाल के बागमती प्रांत में बड़ा सड़क हादसा हुआ था। इस हादसे में एक यात्री बस नदी में गिर गई थी। नदी में गिर जाने से एक महिला समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई थी और 30 घायल हो गए थे। जानकारी के लिए बता दें कि यह बस काठमांडू जा रही थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129